RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 295
लखनऊ, सोमवार, 19 अगस्त, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

तुष्टीकरण के कारण शरणार्थियों को नहीं दिए नागरिकता अधिकार

राष्ट्रीय-10

कोलकाता रेप हत्याकांड का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

राजेश कुमार। नई दिल्ली

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में डॉक्टर से रेप-हत्या का मामला तूल पकड़ लिया है। उच्चतम न्यायालय ने मामले में स्वत: संज्ञान लिया है। इस मामले की सुनवाई मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 20 अगस्त की वाद सूची के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या की घटना और संबंधित मुद्दे शीर्षक वाले मामले की सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप इस मामले में बढ़ते लोगों के दबाव और राज्य प्राधिकारियों द्वारा गलत तरीके से मामले से निपटने के आरोपों के मद्देनजर आया है।

इससे पहले उच्चतम न्यायालय में वकालत करने वाले दो वकीलों- उज्जवल गौर और रोहित पांडे ने गुरुवार को सीजेआई को पत्र लिखकर उनसे मामले में तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। अपने पत्र में अधिवक्ताओं ने घटना की गंभीरता को देखते हुए देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा तत्काल हस्तक्षेप किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। देश न्यायपालिका को न्याय के अंतिम संरक्षक के रूप में देखता है, उन लोगों के लिए अंतिम शरणस्थली, जिनकी चीखें क्रूरता के कारण दब गई हैं। इस मामले में पीड़ित, एक युवा डॉक्टर जिसका जीवन दूसरों की सेवा के लिए समर्पित था, वह न्याय पाने का हकदार है, जो न्याय प्रणाली प्रदान कर सकती है। उसकी मौत व्यर्थ नहीं जानी चाहिए, डॉक्टरों को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी अन्य महिला के साथ ऐसा घटना नहीं हो। पत्र में कहा गया है न्यायपालिका के लिए यह स्पष्ट और जोरदार संदेश देने का समय आ गया है कि इस तरह के जघन्य अपराध बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। महिलाओं की पवित्रता और गरिमा को कानून को सख्ती से संरक्षित किया जाना चाहिए। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल ही में कोलकाता पुलिस से जांच सीबीआई को स्थानांतरित कर दी है। केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा पहले से ही जांच के अधीन इस मामले ने भारत में चिकित्सा पेशेवरों, विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं, जिन्हें अक्सर अपने कार्यस्थलों पर असुरक्षित छोड़ दिया जाता है। डॉक्टर और अन्य चिकित्सा कर्मचारी देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है। वे स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ हिंसा की जांच के लिए एक केंद्रीय कानून बनाने, अस्पतालों को अनिवार्य सुरक्षा अधिकारों के साथ सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने आदि की मांग कर रहे हैं।

इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर से बलात्कार और हत्या के खिलाफ डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य लोगों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर सभी राज्य पुलिस बलों को हर दो घंटे में स्थिति (शेष पृष्ठ 9)

नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में रविवार को विभिन्न रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के सदस्य विरोध प्रदर्शन के दौरान कैंडल मार्च निकालते हुए। ये लोग कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के खिलाफ यहां एकजुट हुए थे। फोटो: रंजन डिमरी

केस में सीबीआई अहम साक्ष्य जुटाने के करीब

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

सीबीआई के कुछ अधिकारियों का मानना है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अस्पताल की मृत महिला डॉक्टर की निजी डायरी में उसके बलात्कार और हत्या के पीछे का रहस्य छिपा हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान घोष ने हत्या की घटना से पहले और बाद में अपने फोन कॉल के विवरण के बारे में बहुत कुछ नहीं बताया है, यही वजह है कि जांचकर्ताओं ने विवरण साझा करने के लिए सेवा प्रदाताओं से संपर्क किया है।

सीबीआई ने घोष से लगातार दो दिनों में 28 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की, लेकिन पीड़िता की डायरी के कुछ फटे पन्नों के बारे में भी उनके पास कोई जवाब नहीं था, जिन्हें पुलिस ने पहले ही बरामद कर लिया था। अधिकारियों से पीड़िता के परिजनों ने कुछ लोगों पर अपने संदेह के बारे में पहले ही बता दिया था, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उसने उन्हें बताया गया कि उसे अस्पताल में रात की ड्यूटी करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, स्पष्ट रूप से वह किसी कारण से दबाव में थी या फिर उसे किसी ऐसी बात की जानकारी थी, जिसके बारे में उसे जानकारी नहीं होनी चाहिए थी। उन्होंने आश्चर्य जताया कि पीड़िता ने अपनी निजी डायरी के 4-5 पन्ने क्यों फाड़े। रविवार को पूछताछ के लिए कई सुरक्षा कर्मचारियों और एक अधीनस्थ पुलिस अधिकारी को बुलाने वाले सीबीआई अधिकारियों को भी यह जवाब नहीं मिला कि अस्पताल के अधिकारियों ने शव बरामद होने के दो घंटे बाद पुलिस को क्यों सूचित किया और क्यों छात्रों और कर्मचारियों को तीसरी मंजिल पर जाने से मना किया गया, जहां सेमिनार कक्ष था और जहां 9 अगस्त की सुबह पीड़िता का शव मिला था।

अधिकारियों ने कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल से यह भी पूछा है कि घटना के बाद बाथरूम और सेमिनार हॉल के बीच की आम दीवार को क्यों गिरा दिया गया और वॉशबेसिन और ऐसी अन्य चीजों को जल्दबाजी में क्यों बदल दिया गया। घोष जो एक आर्थोपेडिक सर्जन भी हैं, ने पूछताछ में बताया कि दीवार को इसलिए गिराया गया क्योंकि हाउस स्टाफ और पोस्टग्रेजुएट डॉक्टरों के लिए एक रेस्ट रूम बनाने का निर्णय लिया गया था। इस बीच, जब पुलिस ने 23 अगस्त तक आरजीकेएमसीएच के गेट के बाहर निषेधाज्ञा लागू कर दी थी, तब रविवार को टॉलीवुड अभिनेताओं के एक समूह ने पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए एक लंबा जुलूस निकाला। (शेष पृष्ठ 9)

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन रविवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद मीडिया से बात करते हुए। पीटीआई

झारखंड मुक्ति मोर्चा में उथल-पुथल के आसार

राजेश कुमार। नई दिल्ली

झारखंड की सियासत में विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर उथल-पुथल मची हुई है। अपनी निष्ठा बदलने और भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स प्रोफाइल से जेजेएम नाम हटा दिया है। उन्हें झारखंड टाइगर के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि वह तीन विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। पहला रिटायर हो जाना, दूसरा नई पार्टी बनाना और तीसरा किसी अन्य पार्टी में शामिल होना। चंपई के एक्स प्रोफाइल पर जेजेएम का कोई जिक्र नहीं है। अपनी डीपी में उन्होंने खुद को केवल झारखंड का पूर्व मुख्यमंत्री बताया है। यह घटनाक्रम दो महीने से भी कम समय के बाद आया है जब उन्होंने झारखंड की बागडोर अपने पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन को वापस सौंप दी थी।

चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड का बच्चा- बच्चा जनता है कि अपने कार्यकाल के दौरान, मैंने कभी भी, किसी के साथ ना गलत किया, ना होने दिया। इसी बीच, हूल दिवस के अगले दिन, मुझे पता चला कि अगले दो दिनों के मेरे सभी कार्यक्रमों को पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थगित करवा दिया गया है। इसमें एक सार्वजनिक कार्यक्रम दुमका में था, जबकि दूसरा कार्यक्रम पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करने का था। सोरेन ने कहा, पूछने पर पता चला कि गठबंधन द्वारा तीन जुलाई को विधायक दल की एक बैठक बुलाई गई है, तब तक (शेष पृष्ठ 9)

उत्तर प्रदेश में सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत, 27 घायल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। रक्षाबंधन मनाने घर जा रहे मजदूरों की पिकअप को बस ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई बच्चों समेत 27 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भयावह था कि बस की टक्कर के बाद पिकअप सवार लोग सड़क पर इधर-उधर जा गिरे। इस दुर्घटना में बस चालक भी बस के स्टेयरिंग में फंसकर बुरी तरह से घायल हो गया। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार को पिकअप वैन और निजी बस के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। पिकअप वैन गाजियाबाद से संभल की तरफ जा रही थी तभी सलेमपुर थाना के करीब यह दुर्घटना हुई। इस हादसे में कुल 37 यात्री घायल हो गए जिसमें से 10 यात्रियों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि 27 घायलों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए उन्हें और अन्य अधिकारियों को घायलों के लिए अच्छी चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर गाजियाबाद की ओर से आ रही पिकअप वैन सामने से आ रही निजी बस से टकरा गई। पुलिस के अनुसार इस सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 10 लोगों में से सात लोग अलीगढ़ जिले के हैं और एक बुलंदशहर जिले का है जबकि दो की पहचान नहीं हो सकी है। (शेष पृष्ठ 9)

रूल ऑफ लॉ से पड़ती है सुशासन की आधारशिला : मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र समन्वय और आपसी सूझबूझ से चलने का संदेश देता है। ऐसा समन्वय, जहां लोकहित व राष्ट्रहित सर्वोपरि हो। जब यह हमारी प्राथमिकता में होते हैं तो दोनों को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। इसकी आधारशिला सुशासन से पड़ती है। सुशासन की आधारशिला रूल ऑफ लॉ से पड़ती है। रूल ऑफ लॉ समाज के हर व्यक्ति के लिए लक्ष्मण रेखा तय करती है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने रविवार को स्मृतिशेष 577 अधिवक्ताओं के आश्रितों को लोकभवन में अधिवक्ता कल्याण निधि से सहायता राशि प्रदान की। सीएम योगी ने कहा कि कल रक्षाबंधन का त्योहार है। इसकी पूर्व संध्या पर यह आयोजन बताता है कि त्योहार का आनंद इससे अच्छा नहीं हो सकता, जब हम किसी निराश्रित के साथ खड़े होकर उसकी सहायता के लिए तत्पर दिखाई देते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था, लेकिन मोदी जी के आने के बाद इस तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। पीएम ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हमें नागरिक कर्तव्यों के प्रति आग्रही बनाया। जब हम अधिकार की चर्चा करते हैं, लेकिन कर्तव्य की नहीं करते तो वहीं पर टकराहट होती है। यदि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है और हर भारतवासी के चेहरे पर खुशहाली लानी है। उसके ईज ऑफ लिविंग को बेहतरीन करना है तो हमें नागरिक कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी होगी। सीएम योगी ने कहा कि शासन के पास जब सोर्स ऑफ इनकम होंगे तो वेलफेयर के रास्ते अपने आप ही खुलते दिखाई देंगे। जरूरतमंदों को यह चीजें मिलें, ऐसे प्रयास होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें प्रतिमाह पेंशन स्कीम (वृद्धा, दिव्यांग और निराश्रित पेंशन) से जोड़ा गया है। बिना भेदभाव के सिर्फ पात्रता के आधार पर उन्हें यह सुविधा मिलती है। बहुत अधिवक्ता ऐसे हैं, जिनका देखभाल करने वाला कोई नहीं है। उन्हें भी शासन की तरफ से इसका लाभ मिलेगा। प्रदेश में 5.11 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किया गया है। प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर उपलब्ध करा रहे हैं। सात वर्ष में 56 लाख निराश्रितों को आवास उपलब्ध कराया गया है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में 54 ऐसी बस्तियां थीं, जो 100 वर्ष पहले बसाई गई थीं, लेकिन 2017 तक वहां के लोगों को वोटिंग का अधिकार नहीं था। उनको राशन कार्ड समेत अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिलता था। वे खानाबदोश की तरह समाज से कटे हुए रहते थे। (शेष पृष्ठ 9)

बाल अधिकार प्रमुख ने बिहार के सरकारी मदरसों के पाठ्यक्रम पर उठाए प्रश्न

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बिहार में राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित मदरसों में कट्टरपंथी पाठ्यक्रम और ऐसे शिक्षण संस्थानों में हिंदू बच्चों के दाखिलों पर रविवार को गंभीर चिंता जताई। कानूनगो ने मदरसों के लिए इस तरह का पाठ्यक्रम तैयार करने में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की भागीदारी पर भी सवाल उठाया तथा इसे यूनिसेफ और मदरसा बोर्ड, दोनों द्वारा तुष्टिकरण की पराकाष्ठा बताया।

एनसीपीसीआर के अध्यक्ष ने संयुक्त राष्ट्र से इन गतिविधियों की जांच करने की मांग की। उन्होंने मदरसा बोर्ड को भंग करने का भी अनुरोध किया। कानूनगो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि मदरसों में तालिम-उल इस्लाम व ऐसी ही अन्य किताबें पढ़ाई जा रहीं हैं जिनमें गैर-मुस्लिम को काफिर बताया गया है। उन्होंने कहा कि इन मदरसों में हिंदू बच्चों को भी कथित तौर पर दाखिला दिया गया है, लेकिन बिहार सरकार ने अब तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया है। कानूनगो ने अपने पोस्ट में कहा कि हिंदू बच्चों को मदरसों से नियमित विद्यालयों में स्थानांतरित करने के सवाल पर बिहार मदरसा बोर्ड ने कथित तौर पर कहा है कि मदरसे का पाठ्यक्रम यूनिसेफ इंडिया ने तैयार किया है। उन्होंने इसकी निंदा करते हुए कहा कि यह यूनिसेफ और मदरसा बोर्ड द्वारा किए जा रहे तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। उन्होंने रविवार को किए गए पोस्ट में कहा, बच्चों के संरक्षण के नाम पर दान में मिले और सरकारों से अनुदान में मिले पैसे से कट्टरवादी पाठ्यक्रम तैयार करना यूनिसेफ का काम नहीं है।

इस संबंध में यूनिसेफ की प्रतिक्रिया का इंतजार है। कानूनगो ने दावा किया कि मदरसों के पाठ्यक्रम में शामिल कई किताबें पाकिस्तान में छपवाई गई हैं तथा इनकी सामग्री पर शोध जारी है। उन्होंने कहा, मदरसा किसी भी तरह से बच्चों की बुनियादी शिक्षा की जगह नहीं है, बच्चों को नियमित स्कूलों में पढ़ना चाहिए और हिंदू बच्चों को तो मदरसों में होना ही नहीं चाहिए। कानूनगो ने कहा कि शिक्षा का अधिकार (शेष पृष्ठ 9)

श्रीराम आईएएस कोचिंग सेंटर पर लगा तीन लाख का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन करने के लिए कोचिंग संस्थान श्रीराम एस आईएएस पर तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। भ्रामक विज्ञापन संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा 2022 के संबंध में अपने दावों से संबंधित था। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के उल्लंघन के मद्देनजर मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता वाली सीसीपीए ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 के संबंध में भ्रामक विज्ञापन के लिए श्रीराम एस आईएएस कोचिंग संस्थान के खिलाफ आदेश जारी किया है। सीसीपीए ने बताया कि कोचिंग संस्थान और ऑनलाइन एडटेक मंच संभावित उम्मीदवारों (उपभोक्ताओं) को प्रभावित करने के लिए उन्हीं सफल उम्मीदवारों की तस्वीरों और नामों का उपयोग करते हैं, जबकि ऐसे उम्मीदवारों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रम की अवधि का खुलासा नहीं किया जाता है।

सीसीपीए ने विज्ञापन सामग्री का हवाला देते हुए कहा कि श्रीराम एस आईएएस ने अपने विज्ञापन में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में 200 से अधिक चयन और भारत का नंबर एक प्रतिष्ठित यूपीएससी-आईएएस कोचिंग संस्थान होने का दावा किया। सीसीपीए ने कहा, इससे उपभोक्ताओं को यह लगता है कि संस्थान द्वारा दावा किए गए सभी सफल अभ्यर्थियों ने संस्थान द्वारा वेबसाइट पर विज्ञापित सशुल्क पाठ्यक्रमों का चयन किया था। बयान में कहा गया है कि श्रीराम एस आईएएस ने अपने जवाब में यूपीएससी सीएसई 2022 में 200 से अधिक चयनों के अपने दावे के मुकाबले केवल 171 सफल उम्मीदवारों का विवरण प्रस्तुत किया। इन 171 अभ्यर्थियों में से 102 अभ्यर्थी नि:शुल्क इंटरव्यू गाइडेंस प्रोग्राम (आईजीपी) से, 55 अभ्यर्थी नि:शुल्क टेस्ट सीरीज से, नौ अभ्यर्थी जीएस क्लासरूम कोर्स से तथा पांच अभ्यर्थी नि:शुल्क कोचिंग प्रदान करने के लिए राज्य सरकार और संस्थान के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत विभिन्न राज्यों से थे। सीसीपीए ने कहा, इस तथ्य का खुलासा उनके विज्ञापन में नहीं किया गया, जिससे उपभोक्ता धोखा खा रहे हैं।

इस बार राखी पर बाजार ने रिकॉर्ड बिक्री के साथ तोड़े सारे बंधन

संजय राय। नई दिल्ली

रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को मनाया जाएगा। यह भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का पर्व है। इस दिन बहनें अपने भाई की रक्षा के लिए उनके कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई से अपनी रक्षा का वचन लेती हैं। राजसूय यज्ञ के समय द्रौपदी ने भगवान कृष्ण को रक्षा सूत्र के रूप में अपने आंचल का टुकड़ा बांधा था। तभी से बहनों द्वारा भाई को राखी बांधने की परंपरा चली आ रही है। ध्यान रहे कि रक्षासूत्र बांधते समय भाई और बहन का सिर खुला नहीं होना चाहिए। रक्षा बंधवाने के बाद माता-पिता या गुरुजनों का आशीर्वाद लना न भूलें। तत्पश्च बहन को सामर्थ्य के अनुसार उपहार दें। उपहार में ऐसी वस्तुं दें जो दोनों के लिए मंगलकारी हों। काले वस्त्र या नुकीली-धारदार वस्तुएं भेंट करने से बचें।

रक्षाबंधन त्योहार के मद्देनजर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानें सजी हुई हैं। आभूषण, कपड़े, मिठाई समेत अन्य दुकानों पर रौनक बढ़ गई है। शनिवार और रविवार को बाजार खरीदारी से गुलजार रहे। जहां बहनें राखी समेत अन्य सामान खरीदने में व्यस्त रहीं वहीं शहर से दूर रहने वाले भाई भी बहनों को ऑनलाइन के माध्यम से उपहार भेज रहे हैं। इस बीच व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा है कि इस वर्ष राखी के त्यौहार पर देश भर में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का त्यौहारी व्यापार होने की उम्मीद है । बाजारों में राखी की खरीददारी की जबरदस्त भीड़ है और लोगों में त्यौहार के प्रति बहुत उत्साह भी है। पिछले कई वर्षों से देश में स्वदेशी राखियों ही बिक रही हैं और इस वर्ष भी चीन की बनी राखियों की न तो कोई माँग थी एवं बाजार में चीनी राखियाँ दिखाई ही नहीं दी।

कैट की वैदिक कमेटी के अध्यक्ष तथा उज्जैन के प्रसिद्ध वेद मर्मज्ञ आचार्य दुर्गेश तारे ने बताया कि सोमवार 19 अगस्त को दोपहर 1.30 मिनट तक भद्रा काल है जिसमें कोई भी मंगल कार्य निषेध है इसलिए देश भर में रक्षाबंधन का त्यौहार दोपहर 1.31 मिनट से ही मनाया जाये। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री व चाँदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया की जिस प्रकार से पिछले दिनों में राखियों की माँग में वृद्धि हुई है उसको देखते हुए इस वर्ष 12 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने की उम्मीद है जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा लगभग 10 हजार कराड़ो रुपये का था वहीं वर्ष 2022 में लगभग 7 हजार करोड़ रुपये, वर्ष 2021 यह व्यापार 6 हजार करोड़ रुपये का था जबकि वर्ष 2020 में 5 हजार करोड़, वर्ष 2019 में 3500 करोड़ और वर्ष 2018 में 3 हजार करोड़ था। खंडेलवाल एवं कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया की इस वर्ष (शेष पृष्ठ 9)

रक्षाबंधन के अवसर पर सजी दुकान से राखी खरीदते लोग

अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में **पायनियर** कार्यालय एवं प्रेस में आज दिनांक 19 अगस्त 2024 को अवकाश रहेगा। अत: 20 अगस्त 2024 का अंक प्रकाशित नहीं होगा।

दुष्कर्मी व अपराधी को निर्दोष साबित करना सपा का लक्ष्य: योगी

● मुख्यमंत्री ने अयोध्या के कुमारगंज में रोजगार मेला और युवा सम्मेलन में युवाओं को नियुक्ति पत्र और छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए

●सीएम ने 30 करोड़ रु. की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और लगभग 48 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

लखनऊ/अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अंबेडकरनगर में नियुक्ति पत्र और टैबलेट वितरण के बाद रविवार को अयोध्या के कुमारगंज में आयोजित जनपदस्तरीय वृहद रोजगार मेला और युवा सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवाओं को नियुक्ति पत्र और छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किए। सीएम ने कहा कि हमारा युवा, हमारी प्रगति और भारत के सशक्तिकरण का माध्यम है। युवाओं की आकांक्षाओं को उड़ान देने के लिए पंख चाहिए और वह पंख देने के लिए रोजगार और टैबलेट वितरण के इस कार्यक्रम के लिए हम यहां उपस्थित हुए हैं। यह कार्यक्रम युवाओं के लिए अवसर है कि वह अपने ज्ञान को बेहतर तरीके से जमीनी धरातल पर इंप्लीमेंट कर सकें। उसकी तमाम आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार की ओर से भी प्रयास किए जा रहे हैं। जब सरकार सकारात्मक होती है, आपकी भावनाओं को समझने वाली होती है तो नौकरी की कमी नहीं होती है।

सीएम योगी ने प्रदेश के नौजवानों की हौसलाअफजाई की तो वहीं, कोलकाता, अयोध्या और कन्नौज में बेटियों के साथ हुई दुष्कर्म की घटनाओं के साथ ही फेक न्यूज के माध्यम से अयोध्या वासियों को कठघरे में खड़ा करने वाले विपक्षी नेताओं पर जोरदार हमला भी किया। इससे पूर्व सीएम योगी ने रोजगार मेले में सम्मिलित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ ही रोजगार मेला में सम्मिलित छात्रों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बटन दबाकर लगभग 30 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और लगभग 48 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।

सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट कहना है कि उनके लिए देश में सिर्फ चार जातियां हैं, जिनके सशक्तिकरण के लिए हमें काम करना है। एक गरीब की, दूसरी अन्नदाता किसान की, तीसरी युवा और चौथी आधी आबादी यानी नारी की। गरीबी उन्मूलन की दिशा में जीरो पावर्टी के लक्ष्य को हम प्राप्त कर सकें, डबल इंजन की सरकार इस पर कार्य कर रही है। अन्नदाता किसान समृद्ध हो, उसकी आमदनी बढ़ सके, कृषि और प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, कृषि वैज्ञानिक और प्रगतिशील किसान मिलकर उसके लिए प्रयास कर रहे हैं। हमारा युवा तकनीकी रूप से सक्षम बनकर अपनी प्रतिभा और अपनी ऊर्जा का लाभ राष्ट्रनिर्माण के अभियान में कर सके, इसके लिए उस युवा को रोजगार मिले, उसका कौशल विकास हो, उसे तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता से नए नए कार्यक्रम ला रही है। वहीं नारी सशक्तिकरण के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ के साथ ही अलग-अलग क्षेत्र में जो प्रयास प्रारंभ हुए हैं, उसके परिणाम आज देखने को मिल रहे हैं। सीएम योगी ने प्रदेश के बदले हुए परसेप्शन का जिक्र करते हुए कहा कि याद करिए आज से सात वर्ष पहले उत्तर प्रदेश में क्या हालात थे। हर तीसरे दिन दंगा होता था, पर्व और त्योहार शांति से नहीं मना सकते थे, बेटी और व्यापारी दोनों की सुरक्षा खतरे में रहती थी, प्रदेश में माफियाराज और जंगलराज जैसी स्थिति थी।

अयोध्या को बदनाम करने वाले वही लोग हैं जिन्होंने अयोध्या को लहूलुहान किया था

अयोध्या को बदनाम करने की साजिश पर सीएम योगी ने कहा कि आज अयोध्या बदल रही है। हमारा अयोध्या धाम जो पिछली सरकारों के कृत्यों के कारण अभिशप्त सा हो गया था, आज वही विकास का एक मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। पहले कितनी संकरी गलियां होती थीं, आज यह फोर लेन से जुड़ गया है। यहां के मार्ग, एयरपोर्ट दुनिया को आकर्षित कर रहे हैं। जिन लोगों को अयोध्या का ये विकास अच्छा नहीं लगता, उन्होंने सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया है। ऐसे लोगों की बुद्धि और विवेक पर ही संदेह होता है। ये लोग फेक न्यूज फैलाकर अयोध्या की जनता को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास करते हैं। अयोध्या को बदनाम करने वाले वही लोग हैं जिन्होंने अयोध्या को लहूलुहान किया था।

रक्षाबंधन पर अतिरिक्त बसें महिलाओं को कराएंगी निशुल्क यात्रा

● मुख्यमंत्री योगी के निर्णय से प्रदेश की लाखों माता, बहनों और बेटियों को होगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने माताओं, बहनों और बेटियों के लिए परिवहन निगम की बसों में 24 घंटे निशुल्क यात्रा की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 19 अगस्त सोमवार को बहनों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम 2000 अतिरिक्त बसों को ऑन रोड करेगा। इससे त्योहार के अवसर पर अतिरिक्त यात्री लोड के बावजूद महिलाओं को यात्रा करने में असुविधा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन के पर्व पर भारी संख्या में महिलाओं की आवाजाही को देखते हुए विगत कई वर्ष से योगी सरकार ने महिलाओं को सौगात देते हुए उन्हें परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की है। इस बार 19 अगस्त को पर्व के अवसर पर 18 अगस्त को रात 12 बजे से 19 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। इस निर्णय से लाखों माताओं, बहन और बेटियों को लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रक्षा बंधन के पावन अवसर पर महिलाओं की नि:शुल्क एवं सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन निगम की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश भर में कई रूटों पर 2000 अतिरिक्त बसों को यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत ऑन रोड किया गया है। यात्री लोड को देखते हुए बसों के रूट का संचालन तय किया गया है। यानी जिन स्थानों पर अत्यधित लोड रहेगा, वहां अधिक

संख्या में बसों को तैनात किया जाएगा। सभी चालकों एवं परिचालकों (कंडक्टर्स) को वर्दी में रहने तथा अत्यंत विनम्रतापूर्वक व्यवहार के निर्देश दिए गए हैं। महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा देने के साथ ही योगी सरकार ने इस दौरान लगातार सेवा देने वाले चालकों एवं परिचालकों को प्रोत्साहित करने के लिए भी कदम उठाया है।

रक्षा बंधन एवं आगामी पुलिस परीक्षा के दृष्टिगत 15 दिनों के लिए उन्हें 3000 रुपए के स्पेशल इंसेंटिव प्रदान किए जाएंगे, जिससे की सभी ड्यूटी पर उपस्थित रहें और बसों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। वर्कशॉप और टेक्निकल स्टाफ के लिए भी इस अवधि में 1200 रुपए तक इंसेंटिव दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान ?दुर्घटना रहित संचालन के लिए विशेष रूप से क्रू को ब्रीफिंग की गई है। इस अवधि में समस्त अनुबंधित बसों का भी संचालन कराया जाएगा और कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर के तहत लगाई जाएगी। बसों एवं बस अड्डों की साफ-सफाई, चेकिग दल मार्गों की सघन चेकिंग, ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से चालक एवं परिचालक की एल्कोहल जांच के अलावा सभी स्टॉपेज के अलावा मार्ग के मध्य में मिलने वाले यात्रियों को भी बसों में बैठने की सुविधा मिलेगी।

प्रदेश के 15 प्रमुख शहरों में सिटी बसों में भी निशुल्क उपलब्ध होगी यात्रा

परिवहन निगम की बसों के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में रक्षाबंधन के पर्व पर प्रदेश के 15 प्रमुख शहरों में संचालित नगरीय बसों में भी महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी। नगर विकास विभाग द्वारा नगरीय बसों में रक्षाबंधन पर्व के दौरान 18 अगस्त की रात्रि 12 बजे से 19 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं। प्रदेश के जिन 15 प्रमुख शहरों में यह सुविधा मिलेगी उनमें लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, आगरा, मथुरा-वृन्दावन, कानपुर, प्रयागराज, मुरादाबाद, अलीगढ़, शाहजहांपुर, बरेली, गाजियाबाद, अयोध्या एवं झांसी शामिल हैं।

श्रावण मास का आखिरी सोमवार आज

लखनऊ/वाराणसी। श्रावण मास का आज अंतिम सोमवार है। शिव की नगरी काशी में शिवार्चन के लिए आस्थावान रात से ही जुटने लगेंगे। सावन के अंतिम और पांचवें सोमवार को बाबा का शंकर पार्वती गणेश श्रृंगार एवं श्रावण पूर्णिमा वार्षिक झूला श्रृंगार होगा। भक्त बाबा के इस विशेष स्वरूप का भी दर्शन-पूजन करेंगे। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को काशी पुराधिपति का अलग-अलग स्वरूप का श्रृंगार किया जा रहा है। वहीं श्रावण मास के आखिरी सोमवार के पहले शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। उन्होंने स्थानीय प्रशासन, जिला प्रशासन व मंदिर के पदाधिकारियों से कहा था कि श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने और सुगम दर्शन में कोई परेशानी न हो। सावन के अंतिम सोमवार को गोदौलिया और मैदागिन से विश्वनाथ मंदिर तक नो व्हीकल जोन रहेगा। दोनों ही छोर से वृद्धजनों और विकलांगों के लिए ई -रिक्शा की नि:शुल्क व्यवस्था रहेगी। सावन के अंतिम सोमवार को भी कांवड़ियों और शिव भक्तों का रेड कॉरपेट और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत होगा। नेमि दर्शनार्थियों को सुबह और शाम 4 से 5 बजे तक काशी द्वार से प्रवेश दिया जाएगा।

तीनों लोकों से न्यारी काशी भगवान शंकर की आस्था में सराबोर है। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शिव भक्त विशेश्वर के दुग्धाभिषेक और जलधार के लिए रात से ही पंक्तिबद्ध हो गए। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि श्रावण मास के पांचवें सोमवार को श्री विशेश्वर के शंकर-पार्वती, गणेश श्रृंगार एवं श्रावण पूर्णिमा वार्षिक झूला श्रृंगार होगा। भक्त बाबा के इस स्वरूप का दर्शन कर पाएंगे। अंतिम और पांचवें सोमवार के साथ ही रक्षाबंधन का भी पर्व है, इसलिए स्थानीय भक्तों के आने की संभावना अधिक है। भक्तों की सहूलियत और भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए बैरिकेडिंग की गई है। मंदिर परिसर में भी क्यूइंग के लिए भी बैरिकेड्स की व्यवस्था की गई है।

सीएम योगी के निर्देश पर वृद्धजनों और दिव्यांगों के लिए मैदागिन और गोदौलिया से नि:शुल्क ई -रिक्शा चलाया जाएगा। योगी सरकार के निर्देशानुसार धाम में बारिश और धूप से बचने के लिए जर्मन हैंगर लगा है। पानी और कूलर की भी व्यवस्था है। भक्तों के लिए मंदिर प्रशासन ने गुड़ और पानी के साथ अल्पाहार की भी व्यवस्था की है। सीएम योगी ने प्रशासन व पुलिस को निर्देश दिया है कि श्रावण मास का आखिरी सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में काफी इजाफा हो सकता है, लिहाजा भक्तों की सुविधा, सुगम दर्शन के साथ सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। इसके दृष्टिगत चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है। यहां सीसीटीवी से निगरानी भी रखी जाएगी। अग्निशमन विभाग ,एनडीआरएफ, जल पुलिस और चिकित्सकों की टीम भी मुस्तैद रहेगी। श्रावण मास के हर सोमवार को विभिन्न स्वरूप में बाबा का श्रृंगार किया गया। प्रथम सोमवार को बाबा विश्वनाथ के चल प्रतिमा के स्वरूप का श्रृंगार हुआ था। शिव भक्तों ने सावन के दूसरे सोमवार को अपने बाबा के विशेष स्वरूप गौरी शंकर (शंकर पार्वती) का दर्शन कर आशीर्वाद लिया था।

एक सितंबर से भाजपा का सदस्यता अभियान

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी का अगले महीने 01 सितम्बर से सदस्यता अभियान शुरू होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में पार्टी के द्वारा शुरू किये जा रहे सदस्यता अभियान के संदर्भ में मंगलवार 20 अगस्त को राजधानी लखनऊ स्थित इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में एक दिवसीय सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व सदस्यता अभियान के प्रभारी विनोद तावड़े, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, श्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यशाला में लगभग 1000 से अधिक पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि सम्मिलित होगें। पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन)धर्मपाल सिंह ने रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सदस्यता अभियान कार्यशाला के संदर्भ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा घर-घर पहुंची है। पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और संघर्ष, हमारी विचारधारा और मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति का परिणाम है कि भाजपा को लगातार तीसरी बार जनता का आशीर्वाद मिला और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र में सरकार बनी। उन्होंने सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से सदस्यता अभियान में जुटना है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को सदस्यता अभियान कार्यशाला सुबह 10 बजे से प्रारम्भ होगी।

● बीजेपी एक दिवसीय सदस्यता अभियान कार्यशाला कल आयोतित होगी इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान

कार्यशाला में उत्तर प्रदेश से पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय महामंत्री, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश मीडिया प्रभारी, पार्टी के राज्यसभा व लोकसभा में सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, पार्टी संगठन के विभागो के संयोजक सहसंयोजक, प्रकोष्ठों के संयोजक सहसंयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर, आईटी व सोशल मीडिया के संयोजक/सहसंयोजक और बोर्ड, निगम व आयोगों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित होगें।

ग्राम चौपालों में तीन लाख से अधिक प्रकरणों का किया गया निस्तारण

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणों की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1539 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूचित किया जाता है की मैं संग्राम सिंह पुत्र प्रेम प्रकाश सिंह लखनऊ से सीतापुर की यात्रा के दौरान अपना आवंटन पत्र और एलआईजी 143 सेक्टर जी जानकीपुरम लखनऊ के पते पर मेरे नाम पर पंजीकृत पुराने रजिस्ट्री कागजात दस्तावेज बैग के साथ खो गए। इन लापता दस्तावेजों के लिए एक एफआईआर भी दर्ज की गई है। यदि मिले तो कृपया 9415525241 पर संपर्क करें।

भाजपा के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन खड़ा करने का समय आ गया:अखिलेश

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा अपनी विचारधारा के संगी-साथियों को पिछले दरवाज़े से यूपीएससी के उच्च सरकारी पदों पर बैठाने की जो साज़िश कर रही है, उसके खिलाफ एक देशव्यापी आंदोलन खड़ा करने का समय आ गया है। ये तरीक़ा आज के अधिकारियों के साथ, युवाओं के लिए भी वर्तमान और भविष्य में उच्च पदों पर जाने का रास्ता बंद कर देगा। आम लोग बाबू व चपरासी तक ही सीमित हो जाएंगे। सारी चाल पीडीए से आरक्षण और उनके अधिकार छीनने की है। अब जब भाजपा ये जान गयी है कि संविधान को ख़त्म करने की भाजपाई चाल के खिलाफ देश भर का पीडीए जाग उठा है तो वो ऐसे पदों पर सीधी भर्ती करके आरक्षण को दूसरे बहाने से नकारना चाहती है।

भाजपा सरकार इसे तत्काल वापस ले क्योंकि ये देशहित में भी नहीं है। भाजपा अपनी दलीय विचारधारा के अधिकारियों को सरकार में रखकर मनमाना काम करवाना चाहती है। सरकारी कृपा से अधिकारी बने ऐसे लोग कभी भी निष्पक्ष नहीं हो सकते। ऐसे लोगों की सत्यनिष्ठा पर भी हमेशा प्रश्नचिन्ह लगा रहेगा। अधिकारियों और युवाओं से आग्रह है कि यदि भाजपा सरकार इसे वापस न ले तो आगामी 2 अक्टूबर से एक नया आंदोलन शुरू करने में हमारे साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर खड़े हों। सरकारी तंत्र पर कारपोरेट के क़ब्ज़े को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे क्योंकि कारपोरेट की अमीरोंवाली पूंजीवादी सोच ज़्यादा-से-ज़्यादा लाभ कमाने की होती है। ऐसी सोच दूसरे के शोषण पर निर्भर करती है, जबकि हमारी 'समाजवादी सोच' ग़रीब, किसान, मजदूर, नौकरीपेशा, अपना छोटा-मोटा काम-कारोबार-दुकान करने वाली आम जनता के पोषण और कल्याण की है। ये देश के विरूद्ध एक बड़ा षडयंत्र है।

सपा मुखिया को महिलाओं ने राखी बांधकर की दीर्घायु की कामना

लखनऊ। रक्षाबंधन पर्व के पूर्व आज सैकड़ों महिलाओं ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को रक्षाबंधन कार्यक्रम में उनके दीर्घायु की कामना की। महिलाओं में समाज के सभी वर्गों तथा सम्प्रदायों की महिलाएं शामिल थीं। वरिष्ठ सपा नेता स्व. जनेश्वर मिश्र की बेटी मीना तिवारी एवं पूर्व सांसद कनकलता सिंह ने भी रक्षाबंधन कार्यक्रम। किन्नर सभा की प्रदेश अध्यक्ष पायल सिंह ने भी अखिलेश यादव को शुभकामनाएं दी। सपक प्रमुख अखिलेश यादव ने भरोसा दिलाया की सपा महिलाओं के

हक़ और सम्मान के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। राजेंद्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री, प्रो। बी. पांडेय पूर्व उपकुलपति, राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा, पं. हरीप्रसाद मिश्रा राजपुरोहित एवं यश भारती सम्मान प्राप्त, नरेश उत्तम पटेल सांसद, अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, संतोष पांडेय पूर्व विधायक, उदय वीर सिंह, संजय लाठर, रामबृक्ष सिंह सभी पूर्व एमएलसी, अरशद खां पूर्व विधायक, मिठाई लाल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी एवं सलामतुल्ला आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय है।

मिशन रोजगार के तहत नौजवानों को रोजगार से जोड़ रही योगी सरकार

● अंबेडकरनगर और अयोध्या में जनपद स्तरीय रोजगार मेला के जरिए 12 हजार से अधिक को मिले रोजगार के अवसर

लखनऊ। मिशन रोजगार के माध्यम से उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2 दिनों के अंदर 2 जनपदों में 12 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं। साथ ही, छात्र-छात्राओं को 17 हजार से अधिक टैबलेट-स्मार्टफोन वितरित किए गए। शनिवार को अंबेडकरनगर में जहां जनपद स्तरीय रोजगार मेला के तहत 6572 नौजवानों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तो वहीं, रविवार को अयोध्या में आयोजित रोजगार मेला में 5574 लोगों को नियुक्ति पत्र के माध्यम से निजी कंपनियों में कार्य करने के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी तरह, अंबेडकरनगर में छात्र-छात्राओं को 13,866 टैबलेट प्रदान किए गए, रविवार को अयोध्या में 3415 से अधिक छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किए गए। इन दोनों जनपदों में रोजगार मेला का आयोजन उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय तथा एमएसएमई विभाग के तत्वावधान में किया गया।

रविवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि, कुमारगंज अयोध्या में आयोजित वृहद रोजगार मेले में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 48 प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया। रोजगार मेला में इन 48 कंपनियों ने कुल 36,171 रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। कुल 10,676 नौजवानों ने रोजगार मेला में रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से साक्षात्कार के बाद कुल 5574 नौजवानों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इन कंपनियों में देश की प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल रहीं, जिन्होंने नौजवानों को उनकी योग्यता के अनुसार जॉब ऑफर किया। इनमें इंस्टा ह्यूमेन मैनेजमेंट प्रा. लि. सुजलॉन एनर्जी, टंबल ड्राई सॉल्यूशन प्रा. लि. करियर ब्रिज, रीचा आईबीएम आदि सम्मिलित रहीं। ज्यादातर नौजवानों को मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, टेलीकॉम, हेल्थकेयर, कंस्ट्रक्शन और आईटी जैसे सेक्टर में जॉब ऑफर किए गए। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 3415 से अधिक छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन भी वितरित किए गए। इसके माध्यम से सरकार का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने का है, ताकि भविष्य की चुनौतियों के लिए उन्हें तैयार किया जा सके।

इससे पूर्व शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद अम्बेडकरनगर के कटेहरी स्थित देव इंद्रवती महाविद्यालय में आयोजित जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेले में युवाओं को नियुक्ति पत्र, छात्र-छात्राओं को टैबलेट तथा लाभार्थियों को ऋण राशि के चेक वितरित किए थे। इस दौरान कार्यक्रम में कुल 6,752 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र तथा 13,866 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिए गए। साथ ही 14 बैंकों के माध्यम से 12,774 लाभार्थियों को कुल 211 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। अंबेडकरनगर में कुल 46 कंपनियों की ओर से स्टॉल लगाए गए थे। इस तरह कुल मिलाकर दो दिनों में कंपनियों की ओर से 100 से ज्यादा स्टॉल के माध्यम से नौजवानों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में नए आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी सरकार का उद्देश्य युवाओं को न केवल रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना भी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और अन्य योजनाओं के माध्यम से लाखों युवाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। पिछले सात वर्षों में इस मिशन के तहत 16.50 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 6.70 लाख से अधिक को रोजगार मिला है। उन्होंने प्रोजेक्ट प्रवीण के माध्यम से प्रदेश के स्कूलों में कौशल प्रशिक्षण की योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस परियोजना के तहत, पिछले दो वर्षों में लगभग 65,000 विद्यार्थियों को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। वर्ष 2024 से इस योजना का विस्तार कर, प्रदेश के प्रत्येक जिले के प्रमुख स्कूलों में कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 305 राजकीय और 2932 निजी आईटीआई के माध्यम से 5.50 लाख से अधिक सीटें युवाओं के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। पिछले छह वर्षों में 90 से अधिक नए राजकीय आईटीआई की स्थापना की गई है, जिनमें से कुछ पीपीपी मॉडल पर संचालित हो रहे हैं। उद्योग 4.0 के अनुरूप, 150 राजकीय आईटीआई का उन्नयन टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से किया जा रहा है, ताकि युवाओं को उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण मिल सके।

Addendum to the Advertisement (Addendum to Form-G) published on 08th June 2024 and Expression of Interest (Form-G) published on 23rd May 2024 for NCR Rail Infrastructure Limited

This is with reference to the advertisement Invitation for Expression of Interest ("EOI") under Regulation 36A(1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016 for NCR Rail Infrastructure Limited dated 23 May 2024 and the addendum to the Expression of Interest (Form-G) dated 08th June 2024 in Business Standard (All India Edition); Navashakti (Marathi, Mumbai) and in The Pioneer (Hindi, covering Bulandshahr district Uttar Pradesh) wherein, the last date for submission of EOI was 18th June 2024. It is hereby notified pursuant to the approval of the Committee of Creditors, the last date of submission of EOI shall now be 26th August 2024 for seeking wider participation of the prospective resolution applicant(s). Below are stipulated timelines for the EOI:

RELEVANT PARTICULARS

1.	Name of the corporate debtor along with PAN & CIN/ LLP No.	**NCR Rail Infrastructure Limited** PAN: AAGCA9648B CIN: U93000MH2008PLC180907
2.	Address of the registered office	205 & 206 (Part), 2nd Floor, Ceejay House, F-Block, Shiv Sagar Estate, Dr. Annie Besant Road, Worli, Mumbai City, Mumbai, Maharashtra, India, 400018
3.	URL of website	**http://www.arshiyalimited.com/rail-and-rail-infrastructure.html**
4.	Details of place where majority of fixed assets are located	Village- Ibrahimpur, Dist-Bulandshahr, Khurja, – 203131 Uttar Pradesh (09) India
5.	Installed capacity of main products/ services	Warehousing asset with rail infrastructure spread across ~129.7 acres of land pertaining to Corporate Debtor. Additionally, there is ~43 acres of available interconnected land parcel owned by holding company Arshiya Limited which is also under CIRP. Key details of Corporate Debtor: 2 warehouses admeasuring ~2,40,000 Sq. Ft. which are covered under Domestic Tariff Area (DTA), Non-functional Inland Container Depot (ICD)admeasuring ~22 acres and Private Freight Terminal (PFT) with 6 railway lines and two sidings to handle all types of cargo (bulk and container) and96 Reefer Gantry Plug-InsPoints.
6.	Quantity and value of main products/ services sold in the last financial year	As per the Audited Financial Statement for FY 2022-23, the Gross Revenue was INR 19.84Cr Revenue of Operations was INR 9.29 Cr and Other Income was INR 10.55 Cr.
7.	Number of employees/ workmen	As on 31st March 2024, the Corporate Debtor has 36 employees/ workmen.Additionally, ~30 regular contractual manpower.
8.	Further details are available at URL:	Details can be sought by emailing – **cirp.ncrrail@gmail.com**
9.	Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at URL:	The resolution applicants must be eligible under Section 29A of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016. Details can be sought by emailing – **cirp.ncrrail@gmail.com**
10.	Last date for receipt of expression of interest	26th August 2024
11.	Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants	28th August 2024
12.	Last date for submission of objections to provisional list	2nd September 2024
13.	Date of issue of final list of prospective resolution applicants	4th September 2024
14.	Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants	4th September 2024
15.	Last date for submission of resolution plans	4th October 2024
16.	Email id to submit EOI (mandatory)	**cirp.ncrrail@gmail.com**
17.	Address for submission of original documents	CGH 212, DLF Capital Green, Moti Nagar Delhi-110015 **Correspondence Address: 808 Padma Tower 1, Rajendra Place New Delhi -110008**

Please note:
1. PRAs who appeared in the earlier final list dated 8th July 2024, shall continue to be part of the CIRP of NCR Rail Infrastructure Limited and shall adhere to the timelines of this addendum.
2. All timelines are subject to NCLT approval for granting the extension of CIRP period.

Bhuvan Madan
Resolution Professional of NCR Rail Infrastructure Limited
IBBI Registration No. IBBI/IPA-001/IP-P01004/2017-18/11655
AFA: AA1/11655/02/241224/106721 valid up to 24/12/2024
RP Office Address: CGH 212, DLF Capital Green, Moti Nagar Delhi-110015
Email ID for communication: cirp.ncrrail@gmail.com
Date: 19th August 2024 Supporting IPE: PwC Corporate Business Services LLP

रक्षाबंधन पर एलडीए का तोहफा आसान किस्तों पर देगा 2000 फ्लैट

● लोग सस्ते दामों पर ले सकेंगे हाईटेक सुविधाओं से युक्त फ्लैट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी में फ्लैट्स लेने के इच्छुक हैं तो लखनऊ विकास प्राधिकरण आपके लिए सुनहरा मौका लेकर आया है। लखनऊ शहर के विभिन्न इलाकों में बेहद किफ ायती कीमत और आसान किस्तों पर 2000 फ्लैट्स मिल रहे हैं। इसमें सरकारी कर्मचारियों को विशेष रियायत मिलेगी। ये फ्लैट्स अलग-अलग अपार्टमेंट्स में बनकर तैयार हैं। इनके आवंटने के साथ मौके पर ही कब्जा दे दिया जाएगा। वहीं, हाईटेक सुविधाओं से युक्त फ्लैट जनता को मिलेंगे। रक्षाबंधन त्यौहार पर एलडीए आमजनता को किफायती और आसान किस्तों में फ्लैट का तोहफा दे रहा है। 13 लाख से लेकर 70 लाख तक के फ्लैट एलडीए मुहैया कराएगा। आमजनता को ये फ्लैट्स 35 प्रतिशत अग्रिम भुगतान करके फ्लैट मिलेगा। शेष भुगतान 10 वर्ष की किस्तों में करना होगा। वहीं, एलडीए आम जनता के साथ सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विशेष छूट दी है। इसके तहत सरकारी कर्मचारी लगभग 2000 फ्लैटों में से कोई भी मात्र 25 प्रतिशत का अग्रिम भुगतान करके 10 साल की किस्तों में ले सकता है। पहले इनकी संख्या लगभग 3000 थी, मगर पिछले तीन साल में 1000 फ्लैट बिक चुके हैं। अब बाकी फ्लैट्स के लिए आवंटन दिया जा रहा है। मध्यवर्गीय आय वर्ग के लिए 100 से ज्यादा प्लॉट बता दें कि इससे पहले लखनऊ विकास प्राधिकरण ने प्लाट की नई योजना लॉन्च की है। यह मध्यवर्गीय आय वाले लगों के लिए है, जिसके लिए ई.ऑक्शन 17 अगस्त को ही खोला गया है। इसमें शहर की प्राइम लोकेशन पर व्यावसायिक व आवासीय प्लॉट मिलेंगे। हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना के सेक्टर.एच में 60-60 वर्गमीटर के 103 आवासीय भूखण्ड भी इस ई.ऑक्शन में रखे गए हैं। एक प्लॉट की बेस प्राइस लगभग 20 लाख रुपए होगी। यानी 32955 रुपए प्रति वर्गमीटर बेस प्राइस है। आवासीय भूखण्डों एवं फ्लैटों के अलावा विभिन्न योजनाओं में स्थित ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, मैरिज हॉल, फैसेल्टीज, होटल, फाइन डाइन व मिश्रित भू.उपयोग आदि के कुल 326 भूखण्ड उपलब्ध होंगे।

योजना की खास बातें

सरकारी अधिकारी.कर्मचारी को करना होगा 25 प्रतिशत का अग्रिम भुगतान।

- सामान्य लोगों को करना पड़ेगा 35 प्रतिशत अग्रिम भुगतान, दस साल की किस्त।
- फ्लैट आवंटन के बाद किस्त पर लगेगा 9 प्रतिशत सालाना ब्याज।
- 1 बीएचके से लेकर 3 बीएचके तक के फ्लैट्स बेचे जा रहे।
- फ्लैट्स की कीमत 13 से लेकर 70 लाख रुपये तक है।
- इन अपार्टमेंट में पार्किंग के लिए अलग भुगतान करना होगा।

ये हैं आफर

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि हम अपने रिक्त प्लाटों को बेचने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। न केवल दाम कम किए गए हैं बल्कि आकर्षक ऑफ र भी दिए जा रहे हैं। इसी के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष ऑफर दिया गया है। मौके पर ही कब्जा भी दिया जा रहा है। इसमें सभी के लिए 10 साल की किस्त बांधी जाएगी, जिस पर 9 प्रतिशत सालाना ब्याज लगेगा। 10 साल बाद फ्लैट की अंतिम रजिस्ट्री और फ्री होल्ड किया जाएगा।

कहां और कितनी कीमत पर मिल रहे हैं फ्लैट्स

लखनऊ के जिन इलाकों में फ्लैट्स मिल रहे हैं। उनमें शारदा नगर में रश्मि लोक अपार्टमेंट, रत्न लोक अपार्टमेंट, कानपुर रोड पर श्रवण अपार्टमेंट, राधा खंड शारदा नगर में आद्र अपार्टमेंट, दीपशिखा अपार्टमेंट कानपुर रोड, मेघा अपार्टमेंट कानपुर रोड, भरणी अपार्टमेंट कानपुर रोड, अश्लेषा अपार्टमेंट कानपुर रोड, फाल्गुनी अपार्टमेंट कानपुर रोड, मृगश्रीरा अपार्टमेंटकानपुर रोड, अनुभूति अपार्टमेंट अलीगंज, सृजन अपार्टमेंट अलीगंज, सोपान एनक्लेव अपार्टमेंट प्रियदर्शनी कॉलोनी, पंचशील अपार्टमेंट जानकीपुरम एक्सटेंशन, सरगम अपार्टमेंट कुर्सी रोड, सृष्टि अपार्टमेंट कुर्सी रोड, जनेश्वर एनक्लेव कुर्सी रोड, ऐशबाग हाइट्स ऐशबाग, कबीर नगर देवपुर शामिल हैं।

अपार्टमेंट में पार्किंग के लिए अलग भुगतान करना होगा

13 से लेकर 70 लाख रुपये तक कीमतरू इन फ्लैट्स की कीमत 13 से लेकर 70 लाख रुपये तक है। सवा 300 स्क्वायर फीट से लेकर 2000 स्क्वायर फीट तक के फ्लैट आप खरीद सकते हैं। बुकिंग करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण में अपार्टमेंट सेल में संबंधित कर्मचारियों से मुलाकात करनी होगी। सरकारी कर्मचारी 25 प्रतिशत का भुगतान करके एक एग्रीमेंट के माध्यम से कब्जा प्राप्त कर सकते हैं जबकि सामान्य लोग अपने 3 साल के इंकम टैक्स रिटर्न्स को प्रदर्शित करके 35 प्रतिशत भुगतान करके कब्जा प्राप्त कर सकते हैं। इन अपार्टमेंट में पार्किंग के लिए अलग भुगतान करना होगा। यह भुगतान करके आपको अपनी कर खड़ी करने के लिए कवर्ड या ओपन पार्किंग मिल सकेगी। यह सारे अपार्टमेंट रेडी टू मूव हैं। तत्काल कब्जा करके रह सकते हैं।

राज्यपाल ने रक्षाबन्धन पर दी प्रदेशवासियों को बधाई

लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर प्रदेश व देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि राखी का धागा न केवल भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता का प्रतीक है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए भी एक प्रतिबद्धता है। उन्होंने कामना की है कि यह पर्व हर किसी के जीवन में स्नेह, सद्भाव और सौहार्द की भावना को और प्रगाढ़ करे। राज्यपाल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अहम योगदान देकर देश को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर महिलाओं के लिए अधिक सुरक्षित वातावरण बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

एलयू में छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। लविवि में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। बी कॉम, बी कॉम ऑनर्स, एलएल बी (इंटीग्रेटेड) बीसीए, बीवीए/बीएफ़ए एवं बीए/ बीएससी (योगा) पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थी हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम (एचएमएस) पोर्टल पर 50 रुपये का पंजीकरण कराते हुए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अमीनाबाद मार्केट में रक्षाबंधन पर राखी की खरीदारी करते लोग

रक्षाबंधन पर उपमुख्यमंत्री समेत मंत्रिगणों ने दी शुभकामनाएं

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री व विधान परिषद में नेता सदन, श्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाई-बहन के असीम प्रेम, अटूट विश्वास एवं समर्पण के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व की समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना सन्देश में श्री मौर्य ने कहा है कि है कि यह पावन व पुनीत पर्व सभी के जीवन में प्रेम सद्भाव और खुशियों की वृद्धि करे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रक्षाबन्धन के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों खासतौर से बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। रक्षाबन्धन की पूर्व संध्या पर एक शुभकामना संदेश में पर्यटन मंत्री ने कहा है कि हमारी सनातन संस्कृति में नारियों को देवी का स्वरूप माना जाता है। उनकी पूजा की जाती है। रक्षाबन्धन के अवसर पर बहनें अपने भाई की कलायी पर रक्षासूत्र बांध कर उनके दीर्घायु जीवन और अपने मान-सम्मान और सुरक्षा की कामना करती है। इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्राविधिक शिक्षा उपभोक्ता मामले आशीष पटेल, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेशी व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मंत्रियों ने अपने-अपने संदेशों में रक्षाबंधन को भाई-बहन के अटूट बंधन और प्रेम का प्रतीक बताते हुए, समाज में भाईचारे, सौहार्द और सद्भावना को और मजबूत करने की अपील की है। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की है।

प्राइमरी स्कूलों में बच्चों ने बांधी राखी

संवाददाता। मोहनलालगंज

प्राइमरी स्कूल गुमानी खेड़ा में शनिवार को बच्चों ने रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। इस दौरान छात्राओं ने छात्रों को टीका लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधकर लंबी उम्र की कामना की। जबकि भाइयों ने उपहार देकर बहनों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। प्रिंसिपल अनिल कुमार वर्मा ने बताया स्कूल की छात्राओं ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सहपाठी भाइयों को राखी बांधकर उनका मुंह मीठा कराया और उनकी कुशलता की कामना की। इस तरह मोहनलालगंज के वीडीएम एकेडमी और देवकली इंटर कॉलेज में भी छात्राओं ने साथ पढ़ रहे छात्रों को राखी बांधकर ईश्वर से उनकी दीर्घायु मांगी।

दूध डेरी सहित आठ प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, लिए गए नमूने

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

रक्षाबंधन के त्यौहार पर मिलावटी मिठाईयों पर रोक लगाने के लिए शहर के कई प्रतिष्ठानों से आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) द्वारा नमूने भरे गए। कैंट रोड की ताज दूध डेरी, अलीगंज, मोहनलालगंज सहित कुल 8 प्रतिष्ठानों से नमूने लेकर जाचं के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच के रिपोर्ट के बाद मिलावट मिलने पर एफ आईआर प्रतिष्ठान मालिक के विरुद्ध दर्ज की जाएगी।

रविवार को अलीगंज, स्टेशन सहित कई प्रतिष्ठानों पर एफएसडीए के आयुक्त और जिलाधिकारी के निर्देश पर रक्षाबन्धन पर्व पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। मिलावटी मिठाईयां और खाद्ध्य पदार्थ के विरुद्ध एफएसडीए ने अभियान चलाया है। छापेमारी में अफसरों ने बूंदी के लड्डू, खोया, दूध एवं दुग्ध उत्पाद से निर्मित मिठाईयां का गहनता से जांच की। इसके साथ ही अफसरों ने कैंट रोड घसियारी मंडी के ताज दूध डेरी से पनीर, स्टेशन रोड भुईयन देवी मंदिर के त्रिपाठी मिष्ठान से मूंगदाल स्वीट और मिल्क केक स्वीट, मोहनलालगंज खुर्दही बाजार के तिवारी स्वीट हाउस से मिल्क केक स्वीट, कलावती स्वीट हाउस से बेसन लड्डू, समैया पुरवा के साक्षी स्वीट हाउस से दूध की बर्फी एवं पनीर, अलीगंज सेक्टर एच के रिलायंस स्टोर से नमकीन भुजिया के नमूने भरे। प्रतिष्ठानों से कुल 8 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जाच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठान के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश के आईटीआई संस्थानों में प्रवेश की तिथि अब 20 अगस्त

लखनऊ। राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 20 अगस्त 2024 कर दिया गया है। पहले यह तिथि 19 अगस्त 2024 थी, लेकिन रक्षाबंधन पर्व के कारण इसे एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। संयुक्त निदेशक राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद सत्यकांत ने जानकारी दी कि प्रवेश की अंतिम तिथि अब 20 अगस्त 2024, रात्रि 12 बजे तक है। इस दौरान सभी चयनित अभ्यर्थी अपने संबंधित संस्थानों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्रों, अंकपत्रों की प्रमाणित प्रतियों और पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य है। सम्बंधित संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे 17, 18 और 20 अगस्त 2024 को प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर लें। यह भी बताया गया है कि 20 अगस्त 2024, रात्रि 12 बजे तक सभी वैरिफाइड प्रवेश 'ऑटो फ्रीज' माने जाएंगे।

शिव मंदिरों के आसपास बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

लखनऊ। सावन माह के अंतिम सोमवार 19 अगस्त को लखनऊ में शिव मंदिरों के आसपास ट्रैफिक बदला रहेगा। बुद्धेश्वर मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर, कोनेश्वर मंदिर के आस.पास मार्गों पर हल्के वाहनों में बाइक, कार और यात्री वाहनों का आवागमन सुबह से रात तक प्रतिबंधित किया गया है।जहां पूरे दिन ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी। डालीगंज इक्का तागा स्टैंट चौराहे से वाहन सवार मनकामेश्वर मंदिर बंधा रोड, हनुमान सेतू मंदिर तिराहे के बजाए आईटी चौराहा, डालीगंज पुल होकर गुजर सकेंगे। मनकामेश्वर मंदिर ढाल तिराहे से किसी भी प्रकार के वाहन मनकामेश्वर मंदिर की ओर नहीं जा सकेंगे। मनकामेश्वर मंदिर नदवा बंधा ढाल तिराहे से वाहन मनकामेश्वर मंदिर के बजा, हनुमान सेतू, बंधा रोड होकर गुजर सकेंगे। बुद्धेश्वर चौराहे से किसी भी प्रकार के वाहन बुद्धेश्वर मंदिर के बजाए सर्विस रोड, ओवर ब्रिज के ऊपर से होकर गुजर सकेंगे।

भारी वाहनों को प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

सावन माह के आखिरी सोमवार को शिव मंदिरों में भारी संख्या में कांवडियों के पहुंचाने की संभावना हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान असुविधा या दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए लखनऊ शहर में भारी वाहनों को प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। भारी वाहन लखनऊ के बाहर बदले रास्ते से गुजर सकेंगे। कानपुर से भारी वाहन रामादेवी, फ्तेहपुर, लालगंज, बछरावां, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे से होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे। सीतापुर से लखनऊ होकर गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन सीतापुर से चहलारी घाट, बहराइच, बलरामपुर होकर जा सकेंगे। उन्नाव से आ रहे वाहन लखनऊ के बंथरा, जुनाबगंज, मोहनलालगंज, खुजौली, गोसाईंगंज से पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे होकर गोरखपुर जा सकेंगे। प्रयागराज से लखनऊ, बाराबंकी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर गोंडा जाने वाले वाहन लखनऊ के मोहनलालगंज, गोसाइगंज, खुजौली, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे होकर गोरखपुर जा सकेंगे।

कोलकाता काण्ड के विरोध में युवाओं ने किया प्रदर्शन

● रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर डॉक्टर बहन के लिए न्याय मांगने सड़क पर उतरी युवाओं की भीड़

मोहनलालगंज। कोलकाता में लेडी डॉक्टर से रेप और मर्डर के विरोध में देशभर के लोगों में गुस्सा बढ़ रहा है। खौफनाक वारदात के विरोध में लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने लगे हैं। इसी क्रम में रविवार को मोहनलालगंज के युवाओं ने भी कस्बे में कैंडल मार्च निकालकर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर युवाओं ने मृतका की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज की डॉक्टर से दरिंदगी और बेरहमी से कत्ल के विरोध में रविवार को मोहनलालगंज के युवाओं की टोली ने रायबरेली हाईवे पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। हैवानों को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे युवाओं ने हाथों में मोमबत्ती लेकर कस्बे के कालेबीर बाबा मंदिर से लेकर मौरावां तिराहे तक नारेबाजी करते हुए कैंडल मार्च निकालकर घटना का पुरजोर विरोध जताया। वापस लौटकर युवाओं ने मृतका की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। जिसमें युवाओं की आंखों से आंसू छलक पड़े। युवा कार्तिकेय मिश्र आयुष द्विवेदी और हेरम्ब दीक्षित ने कहा कोलकाता की घटना से सारा देश शर्मिंदा है। लेकिन पश्चिम बंगाल की सरकार अब तक ठोस कदम नहीं उठा सकी है।

युवाओं ने केन्द्र सरकार से इस मामले में फौरन हस्तक्षेप कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और डॉक्टर के हत्यारों को फांसी देने की मांग की। दोबारा इस तरह की जघन्य वारदात की पुनरावृत्ति न हो सके इसके लिए युवाओं ने कड़े कदम उठाए जाने की भी मांग की । इस दौरान मोनू यादव अनिकेत पाल प्रखर द्विवेदी अभिषेक पाल प्रिंस अजीत और सिद्धि विनायक मिश्र समेत काफी तादात में युवाओं की भीड़ मौजूद रही।

संचारी रोगों से निपटने के लिए करें पुख्ता इंतजामः ब्रजेश पाठक

● 25 अगस्त से पूर्व नोडल अधिकारी तैयारियों का लें जायजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकारी चिकित्सालयों में संचारी रोगों के उपचार के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। रोगियों को बेहतर उपचार मिल सके, इसके लिए संसाधनों की मॉनिटरिंग की जाए। मॉनिटरिंग के लिए निदेशक और संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी नामित किए गए हैं। 25 अगस्त तक अधिकारी पहले से आवंटित जिलों का निरीक्षण कर तैयारियों का आंकलन करें। कमियां मिलने पर जिलाधिकारी, सीएमओ व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को अवगत करायें। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में संचारी रोगों के प्रबंधन के लिए जरूरी व्यवस्थाओं तथा अन्य प्रमुख गतिविधियों की लगातार मॉनिटरिंग किया जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिलेवार नामित अधिकारी संसाधनों की समीक्षा कर डिजिटल मॉनिटरिंग फॉर्मेट पर अपनी रिपोर्ट अपलोड करेंगे। नोडल अधिकारी संचारी रोगों की जाँच, उपचार एवं रोकथाम की समीक्षा करेंगे। सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण करें। जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज बन गए हैं, वहाँ कम से कम दो सामुदायिक व एक प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र का जायजा भी लें।

जांच व प्लेटलेट्स के इंतजाम में न रहे कमी

डेंगू मरीजों को रक्त, प्लेटलेट्स व दूसरे कम्पोनेंट आसानी से मिल सकें, इसकी पुख्ता व्यवस्था की जाये। ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता सुनिश्चित करें। लैब में जाँच की सुविधाएं भी देखी जाएं। लैब में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया समेत दूसरी जाँच के इंतजाम में कोई कमी न रहे। बीमारी की पहचान कर उपचार उपलब्ध कराया जाए। डिप्टी सीएम ने बताया कि नेशनल वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं की जाँच, संस्थागत प्रसव से पूर्व वायरल हेपेटाइटिस जाँच, हेपेटाइटिस-बी पॉजिटिव महिलाओं के नवजात शिशुओं का एचबीआईजी इनोकुलेशन, जनपदों में वायरल लोड टेस्टिंग शुरू किये जाने की स्थिति भी देखी जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, एनसीडी और मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों का विधिवत संचालन किया जाये।

रक्षाबंधन पर जेलों में बंदियों के लिए विशेष व्यवस्थाः दारा सिंह

● प्रत्येक बंदी तक पहुंचेगी राखीः सुरेश राही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने प्रदेश के सभी जेलों के वरिष्ठ अधीक्षकों और अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि रक्षाबंधन के पर्व पर आने वाली बहनों को अपने भाईयों से मिलने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, और बहनें इस दिन अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हैं। गत वर्ष की जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि 2023 में 1 लाख से अधिक बंदियों को 81,000 महिलाओं ने जेलों में बंद भाईयों को राखी बांधी थी। इस वर्ष भी किसी बंदी को बिना राखी बंधवाए न रहने देने का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। चौहान ने बहनों से अपील की है कि वे एक से अधिक राखियां लेकर आएं, ताकि वे अधिक से अधिक बंदियों को राखी बांध सकें। उन्होंने सभी जेल अधीक्षकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि राखी बांधने आने वाली बहनों के लिए बैठने, पीने के पानी, और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि किसी को कोई असुविधा न हो।

कारागारों में रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। आने वाली महिलाओं/बहनों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसके लिए कारागारों के बाहर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी, पानी पीने की व्यवस्था, आगंतुकों के लिए चिकित्सीय व्यवस्था, और यदि बहनें राखी न लाई हों तो राखी और मिष्ठान की व्यवस्था भी कारागार द्वारा की जाएगी। राज्य मंत्री कारागार सुरेश राही ने भी इस अवसर पर कहा है कि रक्षाबंधन का पर्व हमारे समाज में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है, और हम चाहते हैं कि जेल में बंद कोई भी भाई इस प्रेम से वंचित न रहे। इस दिशा में सरकार की पूरी कोशिश है कि जेलों में बंदियों को भी यह पर्व मनाने का पूरा अवसर मिले। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि किसी भी बहन को राखी बांधने में कोई असुविधा न हो और बंदियों को अपने परिवार से जुड़ाव का एहसास हो। राही ने यह भी जानकारी दी कि 17 अगस्त को जिला कारागार लखनऊ में इनर व्हील क्लब लखनऊ बारादरी की पदाधिकारियों द्वारा उन 300 बंदियों को राखी बांधी गई। जिनकी बहनें नहीं हैं या जिनकी बहनों के जेल में आकर राखी बांधने की संभावना कम है। इस पहल से यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी बंदी रक्षाबंधन के प्रेम से वंचित न रहे।

कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए योगी सरकार जल्द लांच करेगी 'यूपी एग्रीस'

● प्रोजेक्ट से पूर्वी उप्र और बुंदेलखंड की कृषि उत्पादकता में बढ़ाएगी हिस्सेदारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार प्रदेश के किसानों की आय, कृषि उत्पादकता एवं कृषि से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड रूरल इंटरप्राइजेज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीस) परियोजना लांच करने जा रही है। इसका खाका तैयार कर लिया गया है और जल्द ही इसे विश्व बैंक की मदद से धरातल पर उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक में परियोजना को लांच करने के लिए हरी झंडी दे दी है। यह परियोजना पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 जिलों और बुंदेलखंड के 7 जिलों में चलाई जाएगी। परियोजना को चार भागों में बांटा गया है। इसके तहत कृषि उत्पादकता बढ़ाने, एग्रो कलस्टर की स्थापना, डिजिटल और वित्तीय इकोसिस्टम को मजबूत करने एवं परियोजना प्रबंधन, ज्ञान और सीखने पर काम किया जाएगा। विशेषज्ञों की मानें तो योगी सरकार की यह परियोजना प्रदेश के कृषि सेक्टर को पूरे देश में पावर हाउस बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों ने बताया कि विश्व में 15 हजार लाख हेक्टेयर भूमि कृषि योग्य है। वहीं भारत में 1590.70 लाख हेक्टेयर भूमि कृषि योग्य है, जबकि पूरे देश में सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में कुल 243.2 लाख हेक्टेयर जमीन के सापेक्ष 165.70 लाख हेक्टेयर जमीन कृषि योग्य है। प्रदेश में 76 प्रतिशत भूमि पर खेती होती है। उन्होंने बताया कि सीएम योगी के प्रयास से प्रदेश में पिछले सात वर्षों में कई फसलों की उत्पादकता बढ़ी है, लेकिन बुंदेलखंड, पूर्वांचल और विंध्य क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राज्य के कृषि उत्पादन में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी मात्र 28 प्रतिशत है। वहीं बुंदेलखंड की कृषि उत्पादन में हिस्सेदारी महज 5.5 प्रतिशत है। ऐसे में पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड की कृषि उत्पादन में हिस्सेदारी बढ़ाने की आवश्यकता है। बैठक में अधिकारियों ने सीएम योगी को बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 जिलों और बुंदेलखंड के 7 जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए यूपी एग्रीस परियोजना का खाका तैयार किया गया है। यह परियोजना विश्व बैंक की मदद से तैयार की गयी है। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी के समक्ष प्रेजेंटेशन के माध्यम से परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस पर सीएम योगी ने परियोजना को लांच करने के लिए हरी झंडी दे दी। बैठक में अधिकारियों ने सीएम योगी को बताया कि यूपी एग्रीस परियोजना से प्रदेश के किसानों, कृषक संगठनों, मत्यस्य पालकों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़ी एमएसएमई इकाइयों को सीधा लाभ होगा। यह परियोजना 6 वर्ष की होगी, जिसमें 4 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए 2737 करोड़ विश्व बैंक लोन देगा जबकि 1166 करोड़ राज्य सरकार का अंश होगा। वहीं लोन वापसी की अवधि 35 वर्ष रखी गयी है, जबकि लोन अमाउंट पर 1.23 प्रतिशत का इंट्रेस्ट लिया जाएगा। वहीं मोराटोरियम पीरियड 7 वर्ष है। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना में जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से अति संवदेनशील 50 जिलों में से 24 जिलों को शामिल किया गया है। इस परियोजना से 10 लाख किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा, जिसमें 30 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की होगी। 10 हजार महिला उत्पादक समूहों को परियोजना से जोड़ा जाएगा। 500 किसानों को सर्वोत्तम कृषि तकनीकी जानकारी के लिए विदेशों में भेजा जाएगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 जिले श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बस्ती, महराजगंज, संतकबीर नगर, कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, मीरजापुर, सोनभद्र और संत रविदास नगर आदि में यूपी एग्रीस परियोजना को लांच किया जाएगा। वहीं बुंदेलखंड के जालौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा, बांदा, ललितपुर और चित्रकूट शामिल हैं।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने महिला लघु उद्योग व पुष्टाहार इकाई का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस. गर्ग व निदेशक-उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन मिशन ने रविवार को उन्नाव के विकास खण्ड हिलौली स्थित पुष्टाहार इकाई आनंदेश्वर बाबा प्रेरणा महिला लघु उद्योग का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से वार्ता कर पुष्टाहार उत्पादन की प्रक्रिया समझी। साथ ही टेक होम राशन इकाई में लगे सौर उर्जा प्लांट की विधिवत निरीक्षण किया एवं समूह की महिलाओं से सौर उर्जा प्लांट के संचालन की जानकारी ली।

पुष्टाहार इकाई की सचिव आरती वर्मा द्वारा बताया गया की जबसे सौर उर्जा प्लांट की स्थापना मिशन की तकनीकी संस्था पीसीआई, इंडिया के सहयोग से किया गया तब से समूह की महिलाओं द्वारा पूरी 2 शिफ्टों में पुष्टाहार उत्पादन किया जा रहा है। अब हम प्रतिदिन 4 से 5 मीट्रिक टन उत्पादन कर पा रहे हैं। अब दिन में बिजली आने-जाने एवं जनरेटर चलाने की झंझट से मुक्ति मिल गई। श्री अदील अब्बास लीड हेल्थ एंड नुट्रीशन यूपी एसआरएलएम द्वारा बताया गया कि इस सौर उर्जा के पायलट में प्राप्त अनुभवों के अनुसार प्रथम चरण में मिशन स्तर से 50 अन्य टीएचआर इकाईयों को सौर उर्जा प्लांट स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा शेष टीएचआर इकाईयों को भी शीघ्र सर्वे कराकर सौर उर्जा से जोड़ने के निर्देश दिये गए।

इस मौके पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, लखनऊ से श्री अरविन्द कुमार संयुक्त मिशन निदेशक व सुबोध कुमार के साथ-साथ जनपद उन्नाव स्तर से श्री प्रदीप पाण्डेय उपायुक्त स्वत: रोजगार (एनआरएलएम), संतोष श्रीवास्तव खण्ड विकास अधिकारी, श्री सुनील डीएमएम, बीएमएम श्री महेश पटेल, टीएचआर उत्पादन इकाई से अध्यक्ष श्रीमती कुमकुम, कोषाध्यक्ष श्रीमती पूनम, सचिव श्रीमती आरती वर्मा सहित मौजूद रहे। इसके साथ ही कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस. गर्ग व मिशन निदेशक-उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन श्रीमती दीपा रंजन ने रविवार को विकास खण्ड चिनहट स्थित पुष्टाहार इकाई तेजस्वी महिला प्रेरणा लघु उद्योग का भ्रमण किया गया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा पुष्टाहार उत्पादन की प्रक्रिया को समझा। मिशन निदेशक द्वारा बताया गया की महिलाओं द्वारा पांच प्रकार के उत्पाद निर्मित किये जा रहे है। 6 माह से 3 साल तक के बच्चों को आटा बेसन हलवा, 3 साल से 6 साल तक के बच्चो को आटा बेसन बर्फी प्रेमिक्स और दलिया मूंगदाल खिचड़ी दी जाती है। इसी प्रकार गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को नमकीन एवं मीठा पोषाहार दिया जाता है।

समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में बताया गया कि सबसे पहले अनाज को मशीनों से साफ किया जाता हैं फिर भुना जाता है उसके बाद पीसा जाता है। श्री अदील अब्बास लीड हेल्थ एंड नुट्रीशन यूपी एसआरएलएम द्वारा बताया गया कि पिसाई के बाद सिफ्टर से पावडर को छानकर कर ब्लेंडर में मिक्स किया जाता है। ब्लेंडर में ही पोषण तत्व प्रेमिक्स पाउडर भी मिला कर पोषाहार को फोर्टीफाई किया जाता है, फिर आटोमेटिक मशीन से पैकेजिंग की जाती है। इस मौके पर पोषाहार पर मिशन की तकनीकी संस्था पीसीआई-इंडिया के माध्यम से तैयार की गयी लघु चलचित्र भी दिखाई गयी। कृषि उत्पदान आयुक्त द्वारा मशीनों के स्पेसिफीकेशन के विषय में पूछा गया। उन्हें जानकारी दी गई कि यूएनडब्लूएफपी संस्था के वित्तीय सहयोग से प्रथम दो इकाई लगाई गयी थी। उसी मानक के अनुसार शेष इकाई लगाई गयी है। इस मौके पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, लखनऊ से श्री अरविन्द कुमार संयुक्त मिशन निदेशक व श्री बिपन के साथ-साथ जनपद लखनऊ स्तर से बीएमएम श्री अंकित तथा टीएचआर उत्पादन इकाई से समस्त समूह सदस्यों मौजूद रहे।

सपा प्रतिनिधि मण्डल 21 को जाएगा बाँदा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल दिनांक 21 अगस्त 2024 को जनपद बाँदा जायेगा। जनपद बाँदा के तहसील पैलानी थाना जसपुरा के अन्तर्गत ग्राम सिकहुला निवासी श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री पुत्तू सोनकर द्वारा ट्यूबवैल की हौज से उनके लोटे से पानी पीने पर गॉव के ही दबंग व्यक्तियों द्वारा अत्यधिक मारपीटा गया। इस घटना से अनुसूचित जाति के लोगों में भय व्याप्त है, जिसकी जानकारी तथा पीड़ित परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम सिकहुला जनपद बाँदा पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण हैं विशम्भर प्रसाद निषाद राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी, अजेन्द्र सिंह लोधी सांसद लोकसभा क्षेत्र हमीरपुर, डॉ. रागिनी सोनकर विधायक विधान सभा क्षेत्र मछलीशहर, डॉ. मधुसूदन कुशवाहा जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी बाँदा एवं प्रमोद निषाद विधान सभा अध्यक्ष तिन्दवारी।

केवल प्राचीनता की चर्चा करने से ही संस्कृत भाषा का उद्धार नहीं होगाः प्रो. अरविन्द मोहन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग की तरफ से संस्कृत सप्ताह के अवसर पर संस्कृत महोत्सव के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के विभागाध्यक्षचर प्रो. रामसुमेर यादव थे। कलासंकाय के अधिष्ठाता तथा संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के पदेनाध्यक्ष प्रो. अरविन्द मोहन ने संस्कृत की साम्प्रतिक उपादेयता को लेकर अध्यक्षीय उद्बोधन किया। उन्होंने आग्रह किया कि संस्कृत भाषा में आज अर्थशास्त्र विषयक कार्य क्यों नहीं हो रहा। केवल प्राचीनता की चर्चा मात्र करने से ही संस्कृत भाषा का उद्धार नहीं होगा। संस्कृत बोलने के लाभ हमें जनमानस तक पहुँचाने होंगे। संस्कृत जब तक व्यवहार में नहीं होगी तब तक कोई विश्वस्तरीय शोध कार्य सम्भव नहीं है। चूँकि भाषा सीखने की उम्र आरम्भिक होती है, लेकिन आज बहुत बड़ी अवस्था में जाकर संस्कृत भाषा या अंग्रेजी आदि अन्य भाषाओं को सीखने में युवाओं की बहुत बडी शक्ति लग रही है। नये उपायों को सोचने, आविष्कारों को करने की उम्र 20-25 की होती है। जो आजकल केवल डिग्री प्राप्त करने अथवा नयी भाषा सीखने में लग रही है। प्रो. राम सुमेर यादव ने संस्कृत को विशिष्ट चिन्तन की भाषा बताया। उन्होंने कहा कि संस्कृतभाषा भाषा-विज्ञान का मूल है।

संस्कृत अध्यात्म की भाषा है। संस्कृत शान्ति की भाषा है। संस्कृत ज्ञान-विज्ञान का वह भण्डार है, जिसका लोहा समय-समय पर देश-विदेश के बड़े-बड़े दिग्गज विद्वानों ने माना है। संस्कृत में जो बोला जाता है, वही लिखा जाता है। संस्कृत में शोध को अब वस्तुत: व्यावहारिक समस्याओं के समाधान से जोड़ना होगा। संस्कृत भाषा को अन्य विषयों से जोड़ने की परम आवश्यकता है। समारोह में पधारे हुए अतिथिओं का वाचिक स्वागत संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के समन्वयक डॉ. अभिमन्यु सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह का बीज वक्तव्य देते हुए डॉ. सत्यकेतु ने संस्कृतमहोत्सव के आयोजन के प्रयोजन एवं विषयों से अवगत कराया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ऋचा पाण्डेय ने किया । इस आयोजन में संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के विद्यार्थियों श्रद्धा, कविता, सृष्टि तथा हर्षित ने भी अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ. अशोक कुमार शतपथी ने किया। इस अवसर पर संस्कृत विभाग तथा ज्योतिर्विज्ञान विभाग के सहायक अध्यापक डॉ अनिल कुमार पोरवाल, डॉ विष्णुकान्त शुक्ल, डॉ अनुज कुमार शुक्ल, एवं संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के सहायक आचार्य डॉ भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉ अशोक कुमार शतपथी, डॉ गौरव सिंह, डॉ ऋचा पाण्डेय अध्यापकों सहित अनेक अन्य अध्यापक एवं लगभग 100 से अधिक छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने निगोहा में किसानों संग किया संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत बनाने को लेकर पूर्व मध्य व बुंदेलखंड में चलाए जा रहे अभियान के तहत पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने आज लखनऊ के निगोहां में ग्राम पटसा पहुंचे और किसानों से संवाद किया। जगदीश प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज में आयोजित किसान संवाद में भारी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों ने दुबे का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया।

संवाद में किसानों ने निगोहा भवरेश्वर मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण व मरम्मत कराने तथा नहरों से सिंचाई हेतु पानी दिए जाने की मांग की। किसान संवाद को संबोधित करते हुए रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों के मान सम्मान और स्वाभिमान के लिए कृत्संकल्प है और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने सिंचाई के लिए बिजली व पानी दिलाने के साथ साथ किसानों की खुशहाली के लिए एन डी ए से समझौता किया है। उन्होंने इंडिया गठबंधन को किसानों का विरोधी बताते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग किसानों के सिर्फ इस्तेमाल करते हैं। ये चाहते हैं किसान इनके लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन ही करता रहे और राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में लगे है। अभी पिछले 1अगस्त को उन्होंने इसी मुद्दे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात प्रदेश के किसानों के संबंध में बात की जिसके सार्थक परिणाम शीघ्र सामने आएंगे। किसान संवाद में राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह चौहान वरिष्ठ समाजसेवी सत्यप्रकाश द्विवेदी प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप कुमार द्विवेदी पूर्व प्रधान व लोकतन्त्र सेनानी प्रभुदयाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर में मेधावी सम्मानित

● हरदोइया लालनगर में आयोजित शिविर समस्याओं का किया गया निस्तारण

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह सतत प्रयासों से जनसमस्याओं के समाधान का संकल्प निरंतर सिद्ध कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को ग्राम पंचायत हरदोइया लालनगर में 84वें %आपका विधायक - आपके द्वार% जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री आवास सम्बंधित -25, सड़क निर्माण सम्बंधित -3, स्वच्छता, साइकिल और सोलर लाइट सम्बंधित 1-1 आवश्यकताओं से अवगत कराया। साथ ही %गाँव की शान% पहल के अंतर्गत इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले हरदोइया लालनगर के 2 मेधावियों रजनीश यादव (88 प्रतिशत) तथा हिमांशु यादव (83.2 प्रतिशत) और हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले 2 मेधावियों कशिश राजपूत (72.4 प्रतिशत) और अनुष्का यादव (67.4 प्रतिशत) को साइकिल, दीवार घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शिविर के दौरान भाजपा सेक्टर संयोजक प्रभात, बूथ अध्यक्ष दिलीप कुमार पंकज एवं महेश प्रसाद, प्रेम चन्द्र पुष्कर, पूर्व प्रधान अजय भान एवं कौशलेन्द्र सिंह, अंकित कुमार गौतम, पूजा शर्मा, मीरा एवं हिमांशु राजपूत को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से सम्मानित भी किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित क्षेत्रवासियों को सरोजनीनगर की पहचान ताराशक्ति नि:शुल्क रसोई के माध्यम से ताजा - पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। शिविर में भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह, चन्द्र भान, वीरेन्द्र रावत, योगेन्द्र कुमार, महेश लोधी व अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

भाजपा सरकार लोगो के साथ भेदभाव कर रही हैः अखिलेश

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर मुख्यमंत्री जी 69000 शिक्षक भर्ती मामले में रास्ता नहीं निकाल सकते, पिछड़े और दलित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों को न्याय नहीं दे सकते तो सत्ता छोड़ दें। भाजपा सरकार ने पिछड़ों, दलितों का आरक्षण छीना है। 69000 शिक्षक भर्ती में पिछड़ों, दलितों को न्याय नहीं मिला। भाजपा सरकार ने अपना भ्रष्टाचार और गलत काम छिपाने के लिए शिक्षक अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित वर्ग के सभी नेता भाजपा छोड़कर पीडीए के साथ आये। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लोगो के साथ भेदभाव कर रही है। संविधान और आरक्षण को नुकसान पहुंचा रही है। संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। अपने लोगों को लाभ देने के लिए लेटरल इन्ट्री के जरिए कुर्सी पर बैठाने का खेल खेल रही है। इसमें न तो संविधान की व्यवस्था और नही आरक्षण की नियमावली का पालन हो रहा है।

यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सुल्तानपुर में अभियन्ता की हत्या कर दी गयी। ठेकेदार और जेई ने मिलकर पहले घपला, घोटाला, भ्रष्टाचार किया, फिर पेमेन्ट वसूली को लेकर इंजीनियर की हत्या हो जाती है। राजधानी के करीब के जिले में इस तरह की घटना होना कानून व्यवस्था की पोल खोलता है। कानून व्यवस्था पर सरकार का नियंत्रण नही है। अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे है। थाने, तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर है। कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर भाजपा सरकार का जीरो टालरेन्स का दावा झूठा साबित हुआ है।

यादव ने कहा कि जीरो टालरेन्स की बात जीरो हो चुकी है। सरकार पूरी तरह फेल है। हर विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और बजट की लूट हो रही है। किसानों की आय दोगुनी नही हुई। किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार ने किसानों को नैनो यूरिया खरीदवाया लेकिन उससे किसानों को कोई फायदा नहीं हुआ। इसमें भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। सुनने में आया है कि नैनो यूरिया वाले भी लेटरल इन्ट्री से आये थे। लेटरल इन्ट्री से नौकरी पाने के बाद कई लोग भ्रष्टाचार करके देश छोड़कर भाग गये। ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार किसी नये भ्रष्टाचार की तैयारी कर रही हो, लेटरल इन्ट्री वालो से भ्रष्टाचार कराये और वह फिर देश छोडकर भाग जायेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी रोकने में विफल रही है। वह लोगों के बीच दूरी और नफरत फैलाती है। जनता भाजपा की गलत नीतियों से नाराज है। 2027 के विधान सभा चुनाव में प्रदेश की आक्रोशित जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। जब प्रदेश भाजपा से मुक्त होगा तभी जनता को गरीबी, बेरोजगारी और मंहगाई से मुक्ति मिलेगी।

इत्र के लिए कन्नौज वैश्विक केंद्र के रूप में हो रहा विकसितः शुभ्रांत शुक्ला

● इसेंशियल ऑयल एसोसिएशन ऑफ इंडिया तथा एफएफडीसी के तत्ववाधान में कन्नौज में कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ/कन्नौज। इत्र एवं इसेंशियल ऑयल उत्पादन में अपनी समृद्ध परंपरा हेतु प्रसिद्ध कन्नौज में रविवार को इसेंशियल ऑयल एसो. ऑफ इंडिया (ईओएआई) द्वारा एक महत्वपूर्ण वर्कशॉप का आयोजन किया गया। होटल एमवाई हेरिटेज में आयोजित इस कार्यक्रम में उद्योग जगत से संबद्ध नेता, सरकारी अधिकारी और विशेषज्ञ इत्र एवं इसेंशियल ऑयल के भविष्य पर चर्चा करने, बाजार की संभावनाओं को तलाशने तथा नियामक चिंताओं को दूर करने हेतु एकत्रित हुए। वर्कशॉप का औपचारिक उद्घाटन कन्नौज के इत्र एवं परफ्यूमर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश पाठक द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों का स्वागत किया तथा इसेंशियल ऑयल उद्योग में कन्नौज की महत्वपूर्ण विरासत पर बल दिया। पाठक ने कहा की कार्यशाला इत्र और आवश्यक तेलों की दुनिया में कन्नौज की समृद्ध विरासत का प्रमाण है। मुख्य अतिथि कन्नौज के जिला अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल तथा भारतीय इसेंशियल ऑयल संघ (ईओएआई) के सचिव प्रदीप जैन ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ दीप प्रज्वलन समारोह में भाग लिया। ईओएआई नोएडा के अध्यक्ष संजय वार्ष्णेय ने वर्कशॉप के उद्देश्यों को रेखांकित किया तथा वैश्विक इसेंशियल ऑयल बाजार में कन्नौज की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कन्नौज के फ्रेगरेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर (एफएफडीसी) के निदेशक एसवी शुक्ला तथा ईओएआई के तत्काल पूर्व अध्यक्ष श्री योगेश दुबे ने उद्योग की प्रगति एवं भविष्य की संभावनाओं के विषय पर अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कन्नौज के जिला अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल (आईएएस) का संबोधन रहा। अपने मुख्य भाषण में शुक्ल ने इत्र एवं इसेंशियल ऑयल उत्पादन के प्रमुख केंद्र के रूप में कन्नौज की क्षमता पर बल दिया। प्रदेश सरकार ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पना तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कन्नौज को इत्र एवं इसेंशियल ऑयल के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म के मंत्र को अपनाया है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस हेतु किये जा रहे उपक्रमों द्वारा उद्योग के विकास को सहायता प्राप्त हो रही है तथा इनके फलस्वरूप राज्य में निवेश आकर्षित हो रहे हैं। शुक्ला ने उत्तर प्रदेश में सतत् निवेश को बढ़ावा देने और उसे सुविधाजनक बनाने में इन्वेस्ट यूपी के साथ-साथ निवेशक-अनुकूल नीतियों तथा निवेश मित्र पोर्टल की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

शुक्ल ने उद्योग जगत के हितधारकों से इस अवसर का लाभ प्राप्त करने तथा कन्नौज में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित 'परफ्यूम पार्क' में निवेश करने का आह्वान किया, जिससे वैश्विक बाजार में जनपद की स्थिति सुदृढ़ हो सके। कन्नौज में 350 से 500 परफ्यूम इकाइयों की उपस्थिति का उल्लेख किया तथा नए वैश्विक भागीदारों को आकर्षित करने की जनपद की महत्वाकांक्षा व्यक्त की। कन्नौज वर्तमान में 55-60 करोड़ रुपये के इत्र एवं इसेंशियल ऑयल का निर्यात करता है तथा इसका घरेलू बाजार 600 करोड़ रुपये का है। शुक्ल ने इस तथ्य का उल्लेख करते हुये फार्मा, खाद्य एवं पेय उद्योगों को कन्नौज में उपलब्ध सुगंध सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस पर भी प्रकाश डाला कि कन्नौज में आगरा एक्सप्रेसवे सहित प्रस्तावित औद्योगिक कॉरिडोर स्थानीय इत्र उद्योग को प्रोत्साहन प्रदान करेगा। वर्कशॉप के तकनीकी सत्रों में विभिन्न उद्योग पहलुओं पर प्रस्तुतियां दी गईं। ईओएआई नोएडा के उपाध्यक्ष अनुराग कटियार ने एवं इसेंशियल ऑयल बाजार की क्षमता तथा निर्यात पर चर्चा के माध्यम से वैश्विक मांग में बढ़ौतरी तथा कन्नौज नए बाजारों की खोज और निर्यात रणनीतियों में वृद्धि कर इस प्रवृत्ति से लाभान्वित होने की अच्छी स्थिति पर प्रकाश डाला। एएफएफ एरोमेटिक्स, कोलकाता के आशीष झुनझुनवाला जी ने वैश्विक संदर्भ में इत्र विषय पर संबोधित किया, जिसमें कन्नौज की पारंपरिक शिल्पकला एवं विरासत के फलस्वरूप इसकी अद्वितीय स्थिति को रेखांकित किया गया। एफएफडीसी कन्नौज के निदेशक एसवी शुक्ला जी ने सुगंध, स्वाद एवं अरोमाथेरेपी में इत्र के उपयोग पर प्रस्तुति दी, जिसमें इस बात पर बल दिया गया कि इत्र विभिन्न अनुप्रयोगों का अभिन्न अंग हैं। भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी) दिल्ली के अपर निदेशक डॉ. तनवीर आलम जी ने इत्र एवं इसेंशियल ऑयल की पैकेजिंग के लिए विनियमन एवं अनुपालन विषय पर चर्चा की, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सुविधाजनक बनाने हेतु उत्पाद सुरक्षा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नियामक अनुपालन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वर्कशॉप का समापन एक ओपन प्रश्नोत्तर सत्र तथा पुरस्कार एवं स्मृति चिन्हों के वितरण के साथ हुआ। इस वर्कशॉप ने उद्योग के हितधारकों के मध्य ज्ञान के आदान-प्रदान, नेटवर्किंग और सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।

गांवों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने वाले प्रधानों को एसीपी ने किया सम्मानित

मोहनलालगंज। चोरी और छिनैती की वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधियों की अब खैर नही होगी। निगोहां पुलिस ने ग्रामीण इलाके में इसके लिए खास मुहिम छेड़ दी है। जिसके तहत ग्राम प्रधानों की मदद से गांवों में भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। शनिवार को एसीपी ने सीसीटीवी कैमरे लगवा रहे दो ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर हौसलाअफजाई की। निगोहां के कुशमौरा और बरवलिया गांव की गलियों में अब सीसीटीवी कैमरे का पहरा बिठा दिया गया है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया दोनों गांव में अब तक 17 सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा चुके हैं। यह सिलसिला लगातार जारी है। जिसके बाद इन गांव में अपराधिक वारदातों पर काफी हद तक

राष्ट्रीय अस्मिता को जगाने के लिए एकजुट हो हिन्दू समाजः डा. राज बिहारी

आरएसएस की ओर से किया गया रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन

प्रयागराज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रज्जू भैया नगर की ओर से रविवार को रक्षाबंधन उत्सव सावित्री गार्डेन राजरूपुर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम काशी प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह डा राज बिहारी और अध्यक्षता कर रहे दवा व्यवसाई मुकेश ने भगवाध्वज को राखी बांधकर पूजा की। सह प्रांत कार्यवाह डा राज बिहारी ने कहा कि रक्षाबंधन उत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने एवं समता मूलक समरसता युक्त शक्तिशाली संगठित हिंदू समाज की नींव रखना ही है। ताकि भारत दोबारा प्राचीन वैभव को प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज में अनेक उत्सवों की रचना की गई है। यह सभी उत्सव राष्ट्रीय अस्मिता को जगाने के लिए हैं ताकि हिंदू समाज में नया उत्साह बन सके और हमारा समाज जाति भाषा एवं संप्रदायों में खंड खंड बांटने की साजिशों को समाप्त कर सके। रक्षाबंधन उत्सव प्राचीन काल से ही मनाया जा रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों का आह्वान किया कि वह दलित बस्तियों में जाएं और उनको अपना बनाएं। बांग्लादेश पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जात पात से ऊपर उठकर सभी हिंदुओं को एकजुट होना होगा। हिंदू समाज में विभाजन की रेखा खींचने वालों के षड्यंत्रों को विफल करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता दवा व्यवसाई मुकेश ने किया। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह भूपेंद्र ने किया। एकल गीत मुख्य शिक्षक श्रीराम शाखा कौशल ने कराया। अमृत वचन विद्यार्थी सायं शाखा कार्यवाह कार्तिकेय का रहा। अंत में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा और स्वयंसेवकों ने अधिकारियों सहित सभी लोगों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधा। कार्यक्रम में संघचालक रवि प्रकाश सह संघचालक राजकुमार बौद्धिक प्रमुख अमित बस्ती प्रमुख विजय चंद्रभूषण धीरज रवि हेमंत समेत सैकड़ों मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

निर्माण कार्यो को निर्धारित समय में किया जाय पूरा

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सी0एम0 डैशबोर्ड पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सी0एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से सड़कों के निर्माण, अनुरक्षण आदि के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा किया तो यह तथ्य सामने आया कि अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड सड़कों के निर्माण की प्रगति धीमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दियें, निर्माण कार्यों की समीक्षा में यह तथ्य संज्ञान में आया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अनर्तगत माध्यमिक विद्यालयों में भवन निर्माण की प्रगति धीमी पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने लैकफेड एवं यू0पी0पी0सी0एल0 के एक्सीयन को स्पष्टीकरण व जे0ई0 एवं ए0ई0 को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दियें। शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की खराब प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पेंशन योजनाओं से सम्बन्धित कैम्प ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर बनाकर लगाया जाये और इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाय। पशुधन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि अण्डा उत्पादन को और बढ़ाया जाये, ग्रामीण स्तर पर भी समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर इस कार्य में लगाया जाये, उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत जो भी तालाब बनाये गये हैं, वहां पर अनिवार्य रूप से बोर्ड स्थापित किया जाए।

डॉ मोमिता के हत्यारों और सीएम ममता बनर्जी का पुतला फूंका गया

प्रयागराज। जनहित संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के द्वारा मुट्ठीगंज चौराहे पर डा मौमिता देवबंद के हत्यारे और उनका संरक्षण कर रही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका गया। इस मौके पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश केसरवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष सुशील जैन ने कहा कि डॉ मौमिता देबनाथ के साथ बलात्कार एवं उनकी हत्या करने वाले हत्यारों को केंद्र सरकार के द्वारा फास्ट ट्रैक कोर्ट के द्वारा तत्काल कानूनी कार्रवाई कर फांसी की सजा दिलाएं और इंसाफकरें। कहा कि पश्चिम बंगाल के अंदर अराजकता हत्या का आतंक छाया हुआ है और अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण खुलेआम लूट बलात्कार हत्या कर रहे हैं। साथ ही कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मूकदर्शक बनकर लीपा पोती कर रही हैं। ऐसे में केंद्र सरकार से हमारी मांग है पश्चिम बंगाल की सरकार को बर्खास्त कर कानून का राज स्थापित किया जाए। पुतला दहन करने वालों में अजय अग्रहरि शत्रुघ्न जायसवाल लल्लू लाल कुशवाहा शिव मूरत गोले विजय वैश्य दीपक केसरवानी मुकेश जायसवाल मनोज मिश्रा शनि गुप्ता पद्माकर श्रीवास्तव मंथन राजेश शर्मा अमन श्वेत अग्रहरि वंश कुमार प्रतीक मालवीय सुनील केसरवानी नीरज केसरवानी संजय केसरवानी सोनू केसरवानी सचिन गुप्ता विनायक केसरवानी आदि रहे।

25 साल पहले मिली राहत को लागू कराने की मांग में याचिका

हाईकोर्ट ने मजिस्ट्रेट को हाईकोर्ट के 1999 के आदेश के अनुसार केस तय करने का दिया निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अभियुक्त की जमानत प्रतिभूति प्रपत्र में दूसरे की फोटो लगी होने पर आपराधिक केस में फंसे प्रतिभूति लेने वाले अभियुक्त को बड़ी राहत दी है। उसे 45 दिन में अदालत में वकील के मार्फत अर्जी देने की अनुमति देते हुए उसके खिलाफउत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है और मजिस्ट्रेट को 60 दिन में हाईकोर्ट के 1999 के आदेश के तहत फैसला लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष चन्द्र शर्मा ने रूद्र प्रसाद मिश्र की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता डी एस मिश्र अभिषेक मिश्र चंद्र केश मिश्र ने बहस की। मालूम हो कि हरिशंकर उर्फ विजय कुमार के खिलाफ आपराधिक केस में याची जमानतदार बना। अभियुक्त अदालत से गैर हाजिर रहने लगा तो जमानतदारों को कोर्ट ने नोटिस भेजा। दूसरे जमानतदार जागेश्वर ने अर्जी दी। कहा वह अपनी प्रतिभूति वापस ले रहा। तो देखा गया कि प्रपत्र पर दूसरे की फोटो लगी है। जिस पर अदालत ने याची और जागेश्वर के खिलाफधोखाधड़ी षड्यंत्र का केस दर्ज किया। ट्रायल के बाद मुख्य अभियुक्त 1999 में ही अदालत से बरी हो गया। जमानत लेने में धोखाधड़ी मामले में फंसे याची रूद्र प्रसाद मिश्र ने केस रद्द करने की याचिका दायर की। 1999 में ही हाईकोर्ट से राहत मिली कि वकील के मार्फत अदालत में अर्जी दे। उनके वकील की मौत होने के कारण आदेश की जानकारी याची को नहीं मिल सकी तो 25 साल बाद दुबारा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर 22 अप्रैल 99 के आदेश के निर्देशानुसार आपराधिक केस तय करने की गुहार लगाई। कहा उसके खिलाफ लंबित आपराधिक केस हाईकोर्ट के 1999 के निर्देश के अनुसार तय किया जाए। जिस पर कोर्ट ने जी आर पी बांदा थाने में दर्ज न्यायिक मजिस्ट्रेट सेंट्रल रेलवे बांदा में चल रहे केस को तय करने का निर्देश दिया है।

प्रशिक्षण में साठ प्रतिभागियों को किया गया प्रशिक्षित

प्रयागराज। आगामी महाकुम्भ प्रयागराज के भव्य एवं सुचारू आयोजन में सेवा प्रदाताओं जिनमें गाइड टैक्सी आटो ड्राइवर बोटमैन एवं वेन्डर्स आदि के द्वारा सेवाएं देने के दृष्टिगत मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबन्ध संस्थान लखनऊ के द्वारा प्रशिक्षण का कार्यक्रम राही इलावर्त सिविल लाइन्स प्रयागराज के सभागार में 12 अगस्त से प्रारम्भ किया गया। जिसमें कांशीराम पर्यटन प्रबन्ध संस्थान लखनऊ द्वारा लगभग पांच हजार सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। पहले बैच में साठ प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में तीर्थराज प्रयाग से जुड़े समस्त स्थलों के बारे में विस्तृत परिचय तथा यहां की हेरीटेज वाक खानपान व्यवस्था संगम एवं अन्य स्थलों के भ्रमण रूट का पीपीटी के साथ चिकित्सा व्यवस्था का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दूसरे बैच के प्रशिक्षण का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपने उदबोधन में महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को त्रिवेणी संगम तथा आसपास के दर्शनीय स्थलों को जिनमें श्रृंगवेरपुर और पड़ोसी क्षेत्रों के स्थलों को लोगों की पहुंच तक के लिए स्थापित करने में विशेष योगदान दिये जाने के साथ ही डिजिटल सुविधाओं को भी उपलब्ध कराये जाने के सुझाव दिए गए। इस प्रशिक्षण व्यवस्था में नाविकों के कुल साठ प्रशिक्षणार्थियों को मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबन्ध संस्थान लखनऊ के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रखर तिवारी द्वारा प्रथम सत्र में सामान्य परिचय और जल परिवहन व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध कराये जाने में आवश्यक जानकारियों का प्रशिक्षण और बेवजह कथा संस्थान द्वारा रोचक कहानियों के माध्यम से महाकुम्भ के दृष्टांतो को पर्यटकों को समझाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे सत्र में नाविकों को आपातकालीन चिकित्सा सेवा में बचाव और सुझाव पर डॉ ललित प्रताप सिंह सहायक प्रोफेसर चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कुम्भ मेला की विभागीय नोडल अधिकारी अपराजिता सिंह क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी प्रयागराज की देखरेख में सहायक पर्यटक अधिकारी राजेश कुमार भारती व्यवस्था संचालन में डी पी सिंह प्रबन्धक होटल इलावर्त तथा मुकेश प्रसाद प्रधान सहायक मयंक तिवारी सहायक लेखाकार और पर्यटन पुलिस बल के निरीक्षक खुर्शीद आलम द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। यह जानकारी अपराजिता सिंह क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी प्रयागराज ने दी।

एनटीपीसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के लिए शुरू किया अभियान

सोनभद्र। एनटीपीसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 की प्रस्तावना के रूप में तीन महीने का अभियान का शुभारम्भ स्कोप कॉम्प्लेक्स में एनटीपीसी लिमिटेड की मुख्य सतर्कता अधिकारी रश्मिता झा नें किया। कॉर्पोरेट और विभिन्न साइटों के सतर्कता अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया। अपने संबोधन के दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सभी सतर्कता अधिकारियों को तीन महीने के अभियान के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा उल्लिखित प्रत्येक क्षेत्रों पर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सतर्कता अधिकारियों को नाटकों क्विज़ सूचनात्मक वीडियो ऑडियो जिंगल और विक्रेता बैठकों जैसे विभिन्न तरीकों के माध्यम से व्यापक पहुंच का लक्ष्य रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बातचीत के दौरान सतर्कता जागरूकता बढ़ाने के लिए नवीन दृष्टिकोण तलाशने को भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन करते हुए, उन्होंने सतर्कता अधिकारियों से देश की समृद्धि के लिए संगठन के भीतर और व्यापक समुदाय में ईमानदारी की संस्कृति को लगातार मजबूत करने का आग्रह किया।

साढ़ू का पुत्र निकला दंपति का हत्यारा, तीन गिरफ्तार

मुठभेड़ में बदमाश की गोली से चौकी इंचार्ज हुए घायल आरोपी कें पैर में लगी गोली

सोनभद्र। 10 अगस्त को सुबह जनपद मुख्यालय स्थिल धर्मशाला चौराहें के निकट बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर धर्मेंद्र कुमार पटेल व उनकी पत्नी मंजू देवी की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या करने वाले प्रमुख आरोपित साढ़ू के पुत्र कुंदन पटेल को पुलिस ने रविवार की सुबह मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान कुंदन के पैर में गोली लगी, वहीं चौकी इंचार्ज रावर्टसगंज कमल नयन दुबे के गले के पास सीने में गोली लगी है। जिला अस्पताल से कुंदन को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। कमल नयन का उपचार जिला अस्पताल हो रहा है। आरोपी से पूछताछ के बाद उसके दो अन्य साथियों को पुलिस ने उरमौरा से गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने लूटा गया पिस्टल, आरोपित का तमंचा, लूट के करीब 15 लाख रुपये के जेवरात, 1.39 लाख रुपये नकद, पल्सर बाइक व अन्य समान भी बरामद किया है। दंपती की हत्या सूद पर रुपये के लेन देन को लेकर हुई थी। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने रविवार को दोपहर बाद पुलिस लाइन सभागार में हत्या का पर्दाफाश किया। बताया कि 10 अगस्त को ब्रहम नगर निवासी धर्मेंद्र कुमार पटेल व उनकी पत्नी मंजू देवी की अज्ञात बदमाशों ने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी। हत्यारे उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर भी साथ उठा ले गए थे। इतना ही नहीं हत्यारे घर में मौजूद सोने व चांदी के करीब 15 लाख रुपये के आभूषण, 15 लाख रुपये नकद, रिवाल्वर, छह जिन्दा कारतूस, हिसाब-किताब की डायरी, बैंक खातों के पासबुक व चेक बुक तथा भिन्न-भिन्न नामों के ब्लैंक चेक उठा ले गये थे। इस मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीम लगाई गई थी। शनिवार की रात सूचना मिली की घटना का मुख्य आरोपित पन्नूगंज थाना क्षेत्र के बभनगवां निवासी कुंदन पटेल उर्फविशाल अपने साथियों से मिलने जा रहा है। मध्य रात्रि में पुलिस टीम खलियारी-राबर्ट्सगंज मार्ग पर स्थित मरकरी पुलिया के पास पहुंची तो कुंदन को देख रोकने का प्रयास किया। इस पर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इससे चौकी इंचार्ज रावर्टसगंज कमल नयन दूबे के गर्दन के पास की हड्डी को छूती हुई गोली लगी। जवाबी फायरिंग में कुंदन के पैर गोली लगी तो वह गिर पड़ा। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि मुख्य आरोपित कुंदन से पूछताछ के बाद उसके दो अन्य साथियों नौडिहा गांव के लवकुश व रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के गिरिया गांव निवासी नागेन्द्र सिंह पटेल को उरमौरा से गिरफ्तार किया गया।

खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

अंबेडकर नगर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर आगामी रक्षा बंधन पर्व पर आम जनमानस को विशुद्ध खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने हेतु मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के अंतर्गत 18 अगस्त को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा औचक निरीक्षण करते हुए मुस्कान स्वीट मिरानपुर से काजू रोलए मद्धेशिया स्वीट हाउस मुबारक से छेना मिठाई ए कृष्ण मोहन रगड़गंज के प्रतिष्ठान से बर्फीए सुरेन्द्र कुमार सद्दरपुर के प्रतिष्ठान से पेड़ा का नमूना जांच हेतु संकलित कर खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित खाद्य कारोबार करता पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित की जाएगी। जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार पांडेए पुरंदर यादवए ओम प्रकाश व ओम प्रकाश उपस्थित रहे। 14 अगस्त 2024 से चलाए जा रहे इस विशेष अभियान मेंअब तक विभिन्न प्रकार की मिठाइयों के कुल 27 नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु प्रयोगशाला को प्रेषित किए गए है।

रोटरी क्लब तथा इनर व्हील क्लब ने डॉक्टरों के साथ निकाला कैंडल मार्च रैली

गाजीपुर। पंश्चिम बंगाल के कोलकत्ता में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या के मामले में शनिवार को रोटरी क्लब के अध्यक्ष रो0 चंद्रेश्वर प्रसाद चौबे व सचिव रो0 बरुन कुमार अग्रवाल तथा इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा विनीता सिंह व सचिव राजश्री सिंह के नेतृत्व में रोटरी क्लब तथा इनर व्हील क्लब ने जनपद के डॉक्टरों के साथ मिलकर अफ़ीम फैक्ट्री से सरजू पाण्डेय चौराहा तक कैंडल मार्च रैली निकाला। कैंडल मार्च रैली के दौरान सभी डॉक्टरों ने सफ़ेद कोट पहन आला लेकर कला फीता बाँधकर घटना का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रकट किया। रैली में शामिल सभी ने सरकार से पीडिता के लिए न्याय की गुहार लगायी। पत्रकारों से वार्ता के दौरान इनरव्हील अध्यक्षा विनीता सिंह ने कहा कि श्उनकी इनर व्हील संस्था कोलकत्ता में हुए इस अमानवीय घटना के सख्त खिलाफ हैं। जीवनदान देने वाले डॉक्टरों के साथ किसी भी प्रकार दुष्कर्म व दुर्व्यवहार अक्षम्य है। उनकी संस्था सरकार से कोलकत्ता कांड में लिप्त दोषियों के विरुद्ध कठोर सजा की मांग करती है। इस दौरान रो0 जेण्एसण् राय ने बताया कि यदि सरकार ने शीघ्र ही दोषियों के खिलाफकठोर कार्यवाही नहीं की तो आगे चलकर बड़े स्तर पर आन्दोलन करने पर विचार किया जायेगा। रोटरी अध्यक्ष रो0 चंद्रेश्वर प्रसाद चौबे ने कहा कि उनकी संस्था पीडिता को न्याय दिलाने के लिए हर कदम पर डॉक्टरों के साथ हैं।इस कैंडल मार्च रैली में रोटरी क्लब अध्यक्ष रो0 चंद्रेश्वर प्रसाद चौबे व सचिव रो0 बरुन कुमार अग्रवाल के अतिरिक्त डायरेक्टर क्लब सर्विसेज रो0 संजीव कुमार सिंहए विनीता सिंहए रो0 डॉ0 उमेश चन्द्र रायए सैयद जीशान जियाए विनय कुमार सिंहए संजर नासिरए रो0 डॉ0 जेण्एसण् रायए रो0 डॉ0 राजेश रायए रो0 डॉ0 राजेश सिंह आदि तथा इनर व्हील क्लब गाजीपुर की अध्यक्षा विनीता सिंह व सचिव राजश्री सिंह के अतिरिक्त डॉ0 नमिषाए साक्षी जयसवालए रेनू चैहान सहित बड़ी संख्या में जूनियर तथा सीनियर डॉक्टर शामिल थे।

दस हजार लोगों में फाइलेरिया भगाने की खाई कसम

विभाग ने पुरस्कृत करने के लिए भेजा प्रस्ताव सीएमओ ने कार्य को लेकर की सराहना

मिर्जापुर। सरकारी व्यवस्था में रोजाना सामने आने वाली लापरवाही जैसी घटनाओं के बीच एक खबर सबको अच्छी लगने वाली है। साथ ही साथ संसाधनों को ढाल बनाकर खुद का दामन बचाने वाले लोगो के लिए एक सबक भी है। जला फाइलेरिया अधिकारी डॉक्टर अनिल ने बताया कि अंशिंका के इस साहसिक कार्य से जनपद के तमाम सुपरवाइजर कार्यकर्ता को एक अच्छी सीख मिला है। जिससे जनपद के और सुपरवाइजर कार्यकर्ता अच्छे कार्यो को करने का प्रयास करेगे। सुपरवाइजर को विभाग की तरफ से जिले स्तर पर भी पुरस्कृत किया जायेगा।सुपरवाइजर कार्यकर्ता के रूप में जब अशिंका ने काम शुरू किया तो नगर में बुन्देलूखण्डी वार्ड में 5 से अधिक फाईलेरिया के रोगी पाये गये। लोगों में जागरूकता की अत्यन्त कमी थी और हालत तो ऐसी थी कि लोग दवा खाने को भी तैयार नही थे। 5 वर्षो की कोशिश से अब बुन्देलखण्डी वार्ड फाइलेरिया मुक्त बन गया है। अशिंका मिसाल बनीए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे वार्ड का निरीक्षण करने के बाद फाइलेरिया रोग से मुक्त घोषित कर दिया जायेगा। अशिंका ने 2020 में सुपरवाइजर कार्यकर्ता के पद पर कार्य करना शुरू किया। शुरू में बुन्देलेखण्डी के लोग दवा को खाते ही नही थे। बच्चे भी दवा लेने से मना कर देते थे। जिससे यह पता ही नही चलता था कि फाइलेरिया की स्थिति क्या हैए इतना ही नहींए फाइलेरिया की दवा देने के लिए पर भी कोई दवा खाने के लिए निकलता ही नही था। लोगों के मन में तरहण्तरह की भ्रातियां और आशंकाएं थी। घर की महिलाओं को बाहर निकलने पर भी पाबंदी थी। जिससे उनको जागरूक करना मुश्किल था। लेकिन अशिंका ने हार नही मानी। फाइलेरिया को भगाने की जंग को जारी रखा। फाइलेरिया रोग के लिए सबसे पहले महिलाओं को जागरूक करने का काम शुरू किया। । धीरेण्धीरे महिलाओं और मुहल्ले वालों की सोच बदलने लगी। अशिंका के बुलाने पर महिलाओं का दवा लेने वालो की संख्या बढने लगा। इसके बावजूद भी फाइलेरिया की स्थिति अच्छी नही हुई। तब अशिंका ने दवा का पैकेट लेकर घरण्घर जाना शुरू किया। उसके इस संघर्ष को लोगों को बहुत प्रभावित के साथण्साथ प्रेरित भी किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर छोटे लाल वर्मा ने कहा कि फाइलेरिया रोग की गम्भीरता को देखते हुए योजना में लगी अशिंका दुबे के कार्यो की काफी सराहना की और कहा कि दूसरो को इनके कार्यो से कुछ सीखना चाहिए।

तिरंगे को फहराने में आठ लोगों ने दी थी अपनी जान,यह देख कर भाग खड़े हुवे अंग्रेज और उनके सिपाही : अजय राय

गाजीपुर। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय रविवार को मोहम्दाबाद के शहीद पार्क में आयोजित अष्ट शहीदों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचेए इस दौरान उनका जनपद में कई जगह बाजा और फूल माला से नागरिक अभिनंदन और स्वागत किया गया। वही मोहम्दाबाद शहीद पार्क में पहुंचकर अजय राय ने अष्ट शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दीए इस अवसर पर शहीद समितिए मोहम्दाबाद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बताया कि भले ही हमें आजादी 15 अगस्त 1947 को मिली हो लेकिन महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन के नारे को बुलंद करते हुए शेरपुर गांव के अमर शहीद शिव पूजन राय की अगुवाई में हजारों लोगों ने मिलकर यहां इसी तहसील पर आज ही के दिन 18 अगस्त 1942 को भारत माता की जय और अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारों के साथ तिरंगे को तहसील भवन की छत पर फहराया थाए और उसे फहराने में आठ लोगों ने अपनी जान दे दी थीए लोगों की एकता और जन आंदोलन को देखते हुए अंग्रेज और उनके सिपाही यहां से भाग खड़े हुए थेए इसी शहीदी धरती का मैं भी हूं आज मुझे अपने इन पूर्वजों पर गर्व हैए और आज उन्ही वीर सपूतों को नमन करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। वहीं शहीद पार्क समिति के पदाधिकारी और कांग्रेस पार्टी के सचिव आनंद राय ने भी अष्ट शहीदों को नमन करते हुए कहा कि इन शहीदों का पैतृक गांव शेरपुर में भी स्मारक बना है आज पहले वहां तिरंगा फहराकर पुष्पांजलि अर्पित किया गया और फिर यहां पर इन शहीदों की याद में आज कार्यक्रम आयोजित है। उन्होंने बताया कि आज भी वो तिरंगा यादगार के रूप में यहां रखा हुआ है। जिलाध्यक्ष सुनील राम और शहर अध्यक्ष संदीप शर्मा ने संयुक्त रूप से डाण् शिवपूजन राय सहित शहीद सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए उनके परिजनों को सम्मान देते हुए उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता की बधाई दी।

पुलिस आरक्षी नागरिक भर्ती परीक्षा को लेकर मंथन

अंबेडकर नगर । पुलिस आरक्षी नागरिक भर्ती परीक्षा.2023 कुशलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित किया गया। अवगत कराना है कि 23ए 24ए 25 एवं 30 तथा 31 अगस्त 2024 को दो पालियों में ;प्रथम पाली प्रातः 10ण्00 बजे से 12रू00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 03ण्00 बजे से 05रू00 बजे तकद्ध परीक्षा सम्पन्न किया जाएगा। परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेटध्स्टैटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र व्यवस्थापक सहायक केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा सहायक आदि की ड्यूटी लगाई गई है । बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबन्धित को निर्देशित किया गया कि परीक्षा तिथि से दो.तीन दिन पूर्व अपने.अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करते हुए परीक्षा केन्द्र के केंन्द्रव्यवस्थापक से सम्पर्क एसमन्वय स्थापित कर भौगोलिक स्थिति एकेन्द्र की समस्त कार्य प्रणाली ए गतिविधियों से भली.भांति अवगत हो लें एवं परीक्षा संदर्भित समस्त निर्देशों ए निर्देश पुस्तिका में अंकित निर्देशों का परीक्षा केन्द्र पर सतत् प्रभावी अनुपालन कराकर सभी व्यवस्थाओं का सुदुद्ध करायें तथा अपने नेतृत्व में परीक्षा को निर्धारित प्रक्रियानुसार सकुशल एवं निर्विध्य रूप से पूरी शुचिताध्निष्पक्षता एविश्वसनीयता के साथ आयोजित एसम्पादित कराकर दायित्त्वों का समुचित निर्वहन सुनिश्चित करें। यदि परीक्षा केन्द्र पर किसी प्रकार की कोई समस्या ए अप्रिय स्थिति दिखाई पड़ती है तो उसकी सूचना तत्काल जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक ;नोडल पुलिस अधिकारीद्ध एवं नोडल अधिकारी प्रशासन ;अपर जिलाधिकारी ;विएराद्ध अबेडकरनगर को समय रहते दे। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के सकुशल संचालन आयोजन के प्रति सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टैटिक मजिस्ट्रेट केन्द्रव्यवस्थापक सहायक केन्द्र व्यवस्थापक एवं अन्य सभी का उत्तर दायित्व निर्धारित रहेगा।

महिला सुरक्षा

मोदी का जोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला-विरोधी अपराधों के लिए कठोरतम दंड देने का आह्वान किया है। उन्होंने यह बात ऐसे समय कही जब रेजीडेंट डाक्टर से बलात्कार और उसकी हत्या पर विरोध प्रदर्शन जारी हैं। युवा रेजीडेंट डाक्टर से जघन्य बलात्कार और हत्या के बाद कोलकाता की सड़कों पर व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस अपराध ने पूरे देश को दु:ख और आघात में डुबो दिया है। मोदी ने इस मुद्दे पर अपना कठोर दृष्टिकोण प्रदर्शित करते हुए महिला-विरोधी अपराधों में शामिल लोगों को कठोरतम संभव दंड देने का आह्वान किया है। 28 वर्षीय पीड़िता कोलकाता के एक प्रमुख अस्पताल में रेजीडेंट डाक्टर थी, जिसके साथ भयानक रूप से बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई। इस जघन्य अपराध से आक्रोशित डाक्टर, छात्र और एक्टिविस्ट सड़कों पर उतर कर अपराधियों के खिलाफ कठोर व त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। शहर में सड़कों पर उतर रहे सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के हाथों में मौजूद तख्तियों में लिखा है, 'हमारी बहन को न्याय दो' तथा 'महिला विरोधी हिंसा बंद करो।' इसके साथ ही पूरे देश में मोमबत्तियां लेकर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। चिकित्सा से जुड़ा समुदाय इस घटना से खासकर उद्वेलित है और अपना गुस्सा प्रकट कर रहा है। अनेक स्वास्थ्य पेशेवर हड़ताल पर हैं और वे महिला स्वास्थ्यकर्मियों के लिए न्याय व उनकी मजबूत सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। अक्सर अपना दायित्व निभाने के दौरान महिला स्वास्थ्यकर्मियों को धमकियों और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।

देश भर में भड़के इस गुस्से की प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने

इस जघन्य कांड की कठोर निंदा की है। स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर दिया कि सरकार देश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्ध है। मोदी ने जोर दिया कि महिला-विरोधी अपराधों के प्रति 'पूर्ण अस्वीकृति' की नीति होनी चाहिए तथा अपराधियों को कानून के अंतर्गत सर्वाधिक कठोर दंड दिया जाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि महिला-विरोधी अपराधों के लिए कठोर दंड के कानूनी प्राविधान नहीं हैं, पर समस्या उनके क्रियान्वयन की है। आपराधिक कानूनों में नए संशोधनों ने ऐसे मामलों के जल्दी निस्तारण के लिए अतिरिक्त प्राविधान किए हैं। नए प्राविधानों में बलात्कार के लिए मृत्यु दंड, अपराध स्थल की वीडियो रिकार्डिंग तथा गवाह सुरक्षा कानून, आदि शामिल हैं। ये सब अपराध सिद्ध करने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन केवल आने वाला समय ही बताएगा कि इन उपायों का जमीनी स्तर पर कितना प्रभावी क्रियान्वयन होता है तथा दोषी को कितनी जल्दी दंड मिलता है। महिलाओं की सुरक्षा भारत में बार-बार चिन्ता का विषय बनती है और ऐसी घटनाओं से वर्तमान कानूनों तथा निरोधक उपायों की प्रभावशीलता के बारे में सवाल उठते रहते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा कठोरतम दंड के आह्वान का व्यापक स्वागत हुआ है, पर देखना होगा कि सटीक विधिक सुधारों से यह कहां तक कार्यरूप में परिणत होता है। वैसे भी कानूनों की उपस्थिति और सामाजिक बदलाव में बहुत अंतर है। महिलाओं के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदलना चाहिए। अधिकांश पीड़ित महिलायें ऐसे अपराधों को छिपाती हैं क्योंकि उनसे ही उल्टे सवाल पूछे जाते हैं, 'तुम वहां क्यों थीं?', 'तुमने क्या पहना था?', आदि। इसके साथ ही लंबी न्याय प्रक्रिया भी पीड़िता के लिए दंड बन जाती है और उस पर जीवन भर के लिए 'कलंक' लग जाता है। देश इस समय न केवल एक युवा डाक्टर, बल्कि उन सभी महिलाओं के लिए न्याय की मांग करता है जिन्होंने चुप रह कर पीड़ा सही है।

अफगानिस्तान में तालिबान शासन

अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना के वापस जाने के तीन साल बाद देश तालिबान शासन में गंभीर मानवीय संकट का सामना करते हुए इसका विरोध कर रहा है।

नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

संयुक्त राष्ट्रसंघ के विशेषज्ञों ने अफगानिस्तान की स्थिति पर एक बयान जारी किया है। इसमें अमेरिका तथा उसके सहयोगियों की बेशर्म वापसी और अफगान जनता को धोखा देने के बाद स्थिति का विवरण है। ऐतिहासिक पैटर्नों के आधार पर यह एक और उदाहरण पेश करता है जहां एक देश को उसकी किस्मत पर छोड़ दिया गया, जबकि वहां अमेरिका और उसके इशारे पर काम करने वाले लोगों का राज था। विडंबना है कि पहले जिन समूहों को 'आतंकवादी' बताया गया था आज पश्चिम उनके सहारे सरकार चला रहा है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों को तालिबान सरकार द्वारा किए जा रहे मानवाधिकार उल्लंघनों की जरा भी चिन्ता नहीं है। इसमें महिलाओं और लड़कियों के साथ व्यवस्थित रूप से भेदभाव कर उनको अलग-थलग रखा जा रहा है और उनको गंभीर हाशियाकरण हुआ है। खतरनाक रूप से यथास्थिति बनाए रखने वाले तीन साल के बाद स्पष्ट है कि आततायी सरकार को समुचित रूप से अलग-थलग नहीं किया गया।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय भले ही अफगानिस्तार के जटिल यथार्थ से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियां विकसित करने का प्रयास कर रहा हो, पर वह केवल राजनयिक प्रयासों या कुछ दंडात्मक उपायों से आगे नहीं बढ़ सका है। इस संदर्भ में अफगानिस्तान की ऐतिहासिक परिस्थितियों पर गौर करना जरूरी है जिसके चलते इस भूमि का प्रयोग शाक्तिशाली पक्षों द्वारा किया गया। इसका खामियाजा सर्वधिक मजबूत और जीवन्त मानव समुदायों को उठाना पड़ा। सितंबर, 2001 में हमलों के बाद दुनिया को संयुक्त राज्य अमेरिका के 'आतंक के खिलाफ युद्ध' की भारी कीमत चुकानी पड़ी। इसके कारण ईराक, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में एक मिलियन से अधिक निहत्थे लोगों को अपनी जानें गंवानी पड़ीं क्योंकि तीन हजार मृतकों को न्याय दिलाया जा रहा था। यह भयानक त्रासदी अमेरिकी विदेश नीति का कटु यथार्थ है जो अपने प्रभुत्व के खिलाफ संभावित खतरों से निपटने के लिए संगठित हिंसा का प्रयोग करता है। करोड़ों डालर के हथियार छोड़ कर अफगानिस्तान से अमेरिका की अपमानजनक वापसी उसके दृष्टिकोण की भयानक विफलता का प्रमाण है।

एक हालिया यूनीसेफ रिपोर्ट में अफगान बच्चों के भयानक मानसिक स्वास्थ्य संकट का खुलासा किया गया है। इसके अनुसार 24 प्रतिशत से अधिक बेचैनी का शिकार हैं जो वैश्विक औसत का दस गुना है। इसके अलावा 15 प्रतिशत अफगान बच्चे अवसाद का शिकार हैं जिसका कारण वर्तमान टकराव के कारण पैदा गंभीर मनोवैज्ञानिक आघात है। पश्चिमी सभ्यता अक्सर स्वयं को मानव विकास का प्रतीक मानती है, बकि इसके कारण असाधारण विनाश हुआ है। अमेरिका के वैश्विक प्रभुत्व की इच्छा ने आतंकवाद के बीज बोए। अफगान मुजाहिदीन जैसे समूहों को आज 'आतंकवादी' कहा जा रहा है, पर अमेरिका ने शुरुआत में 'आपरेशन साइक्लोन' जैसी कार्रवाइयों से इनका समर्थन किया था। इस सर्वाधिक खर्चीले अमेरिकन आपरेशन में ब्रिटिश खुफिया विभाग ने भी अपना योगदान किया था।

शीतयुद्ध के दौरान सोवियत प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका ने सोवियत संघ का विरोध करने वाली हर शक्ति से हाथ मिलाया और इसके लिए मानवाधिकारों तथा कानूनी मानकों के प्रति आंखें बंद कर ली। वियतनाम में सोवियत संघ की कार्रवाई की नकल करते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान के माध्यम से अफगानिस्तान में मुजाहिदीनों का समर्थन किया। 1987 में राष्ट्रपति रीगन ने मुजाहिदीनों की प्रगति की प्रशंसा करते हुए उनको स्वतंत्र अफगानिस्तान बनाने में समर्थन का वादा किया था। लेकिन इसके बाद की अमेरिकन कार्रवाइयों ने उसका ढोंग उजागर किया और स्पष्ट किया कि राजनीतिक लाभ के लिए वह कोई क्रूर रास्ता अपना सकता है। इस प्रकार 'अफगान संकट' वैश्विक सत्ता संघर्ष के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां देता है। सोवियत संघ के हमले को समझने के लिए जटिल पृष्ठभूमि तथा अफगानिस्तान में 1978 से 1989 के बीच कम्युनिस्ट सरकारों के उत्थान और पतन को समझना जरूरी है।

स्टालिन द्वारा प्रचारित कम्युनिस्ट विचारधारा एक प्रकार के 'कबीलाई सामंतवाद' के रूप में विकसित हुई, जिसके चलते अफगानिस्तान में कुछ लोगों को यह पश्चिमी बाजार अर्थव्यवस्था की तुलना में ज्यादा आकर्षक लगी। इस जुड़ाव से उन लोगों को राजनीतिक शक्ति मिली जो समाजवाद का लाभ अपने उद्देश्यों के लिए उठाना चाहते थे। इससे पता चलता है कि कैसे निहित स्वार्थ पूरे करने के लिए राजनीतिक विचारधाराओं को विकृत किया जा सकता है जिसका नतीजा अंतत: पतन होता है। अफगानिस्तान में साम्यवाद को आरोपित करने से उसके सामाजिक ढांचे पर व्यापक प्रभाव पड़ा। अनेक कबीलाई समूहों के बीच विभाजित अफगानिस्तान पहाड़ी क्षेत्र है और वह एकीकृत राजनीतिक व्यवस्था लागू करने के लिए उपयुक्त नहीं है।

इन स्थितियों में सामंतवाद ज्यादा प्रभावी हो सकता था, लेकिन इस यथार्थ को अक्सर अनदेखा किया जाता है जिसका नतीजा तालिबान द्वारा की जा रही हिंसा है जो उनको विरासत में मिली है। बीसवीं शताब्दी में उभरे सुधारवादी आंदोलनों ने अफगानिस्तान में कम्युनिस्ट विचारों को लाने में सहायता की। शुरुआती कम्युनिस्ट नेता अब्दुल रहमान महमूदी ने 1940 के दशकांत में 'निदाए खल्क' और 'हज्बे खल्क' अखबारों की स्थापना की। हालांकि, उनको जेल में बंद कर दिया गया और 1963 में उनकी मृत्यु हो गई, पर महमूदी की विरासत पूरे 1970 के दशक में बनी रही जिसने अंतत: एक माओवादी आंदोलन को जन्म दिया।

मीर मुहम्मद सिद्दीक, फरहान और नूर मुहम्मद तराकी जैसे प्रमुख वामपंथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत वापस आने के बाद तराकी प्रमुख कम्युनिस्ट नेता के रूप में उभरे। मुहम्मद जहीर शाह के नेतृत्व वाले अफगान राजतंत्र का तख्ता उनके भतीजे जनरल मुहम्मद दाऊद खान ने 17 जुलाई, 1973 को एक सैनिक विद्रोह में उलट दिया। दाऊद ने 'अफगानिस्तान गणतंत्र' की स्थापना की, पर वामपंथी नेताओं नूर मुहम्मद तराकी, बबराक कर्माल व हफीजुल्ला अमीन ने उनको मीर अकबर खैबर की हत्या के बाद सत्ता से हटा दिया। राष्ट्रपति के रूप में तराकी और प्रधानमंत्री के रूप में अमीन ने महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार किए, पर सांस्कृतिक रूप से प्रतिरोधी समाज में उनके तेजी से क्रियान्वयन के कारण व्यापक विद्रोह हुआ। इसके बाद अमीन ने सैनिक विद्रोह किया और तराकी को सत्ता से हटा दिया जो बाद में एक 'अज्ञात बीमारी' से मर गए। 1973 में जब जहीर शाह आंखों के आपरेशन के लिए इटली में थे, उनके भतीजे मुहम्मद दाऊद खान ने उनकी सरकार का तख्ता पलट कर एक नई सरकार बनाई। जहीर शाह इस बीच दशकों तक इटली में रहे, जबकि अफगानिस्तान में लोकतंत्र को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। दाऊद के बाद नूर मुहम्मद तराकी और हफीजुल्ला अमीन की सरकारों ने शीतयुद्ध युग के टकरावों में हिस्सा लिया। अप्रैल, 1978 में सत्ता में आई तराकी की सरकार को 'नए सवेरे' के रूप में देखा गया, पर वह जल्द ही हिंसा और मतभेदों का शिकार हो गई।

प्रशासन द्वारा अफगान शरणार्थियों की आवश्यकताओं को संबोधित करने तथा आंतरिक विरोधों का समाधान न कर पाने के कारण व्यापक असंतोष ने जन्म लिया। हालांकि, तराकी ने तेजी से सामाजिक सुधार किए, पर इससे आंतरिक मतभेद और बढ़े तथा अतिवादी विपक्ष को प्रोत्साहन मिला। तराकी के खिलाफ अनेक षडयंत्र हुए जो एक प्रकार से प्रगतिशील आंदोलन की विफलता का प्रमाण थे। पार्टी के भीतर आंतरिक मतभेदों व खासकर हफीजुल्ला अमीन से मतभेदों ने उनकी चुनौतियों को बढ़ा दिया। पहले तराकी ने अमीन की महत्वाकांक्षाओं की प्रशंसा की थी, पर जल्द ही उनको अमीन के खतरनाक इरादों का पता चला। तराकी को विश्वास था कि सोवियत उनका समर्थन करेंगे, पर अपने राजनीतिक नौसिखियेपन के कारण वे अफगानिस्तान के सामाजिक यथार्थ को नहीं समझ सके। इसने पाकिस्तान में पाले-पोसे जा रहे अतिवादी समूहों को मजबूत आधार प्रदान किया। अंतत: इससे अमीन के इशारे पर सोवियत संघ का सैनिक हस्तक्षेप हुआ।

इस प्रकार अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति पूर्व सोवियत संघ की पराजय के बाद अमेरिका और उसके सहयोगियों की सेनायें वापस जाने से पैदा हुई है। तीन साल से जारी तालिबान शासन महिलाओं और लड़कियों पर भयानक अत्याचार के लिए कुख्यात है जटिल बनाए रखेगी।

दुधारी तलवार है अहंकार

"अहंकार महानता और आत्म-विनाश दोनों की ओर ले जा सकता है। इसकी कुंजी इसमें महारत हासिल करने में निहित है।"

रवि वलूरी
(लेखक रेलवे विभाग से संबद्ध हैं)

हमारे पौराणिक कथाओं (विशेष रूप से रामायण और महाभारत) में अहंकार से ग्रस्त पात्रों के संबंध में कई बेहतरीन उदाहरण भरे पड़े हैं, जो उन्हें उनके विनाश की ओर ले जाते हैं। हम अहंकारी रावण और दुर्योधन की बेलगाम महत्वाकांक्षाओं से परिचित हैं। क्रोधित और अहंकारी मन व्यक्ति की दृष्टि को धुंधला कर देता है। परिणामस्वरूप, वह निराधार तरीके से व्यवहार करता है, जिसका उस व्यक्ति और उसके साथियों के लिए विनाशकारी और घातक परिणाम होता है। क्या ऐसे व्यक्तियों के साथ जुड़ना संभव है जो अहंकार और अहंकार से ग्रस्त हैं?

इसका उत्तर स्पष्ट रूप से नहीं है क्योंकि इसमें कोई संवाद नहीं है, केवल एक एकालाप या अहंकारी व्यक्ति द्वारा भाषणबाजी है। यह हमारी ऊर्जा के स्तर को कम करता है, एक ऐसी स्थिति जिससे हम खुद को और अपने दिमाग को बचाना चाहेंगे। मानव मन अप्राकृतिक पैटर्न अपनाता है और अस्थिर तरीके से व्यवहार करता है।

क्रोध और अहंकार का ज्वालामुखी अप्रत्याशित रूप से फटता है। ऐसे व्यक्ति अपनी छवि के सच्चे कैदी होते हैं, जो अभिमानी और अहंकारी होती है। माइक टायसन, जिन्होंने आयरन माइक, ग्रह पर सबसे बुरे आदमी और रिंग के बाहर किड डायनामाइट जैसी उपाधियाँ अर्जित कीं, बलात्कार और मारिजुआना का सेवन करने के दोषी पाए गए और द्विध्रुवी विकार से पीड़ित थे।

उन्हें कानून से कई बार जूझना पड़ा। टायसन को दृढ़ता से लगा कि अमेरिकी समाज ने उन्हें कलंकित किया है और अमेरिकी समाज न्याय के सिद्धांतों पर नहीं, बल्कि बलात्कार, गंदगी, गुलामी और अन्याय पर बना है। उन्होंने कई बार

शादी की, इसके अलावा कई तरह के प्रेम-प्रसंग और व्यभिचार भी किए। उन्होंने सुधार किया। उनका धर्म परिवर्तन किया गया और उन्होंने %अल्लाह% की शरण ली। उन्होंने क्रोध और अहंकार की कच्ची ऊर्जा को बॉक्सिंग रिंग में बदल दिया, जहाँ वे बेहद सफल रहे। पहले बताए गए पौराणिक पात्र, जो क्रोध और अहंकार के शिकार थे, वे आहत भावनाओं और भावनाओं के कारण आहत अहंकार के साथ-साथ गहरी चोट और आक्रोश की भावना से पीड़ित थे। रावण सीता के प्रति आसक्त था और उसे इस बात का अपमान महसूस हुआ कि उसकी बहन शूर्पणखा को लक्ष्मण ने अनदेखा किया और उसका रूप बिगाड़ दिया। कर्ण को अपनी सारी प्रतिभाओं और योग्यताओं के बावजूद जीवन भर शूद्र कहलाने का दंश झेलना पड़ा। दुर्योधन हमेशा बचकाना और बचकाना व्यवहार करने वाला बना रहा। इसके अलावा, वह इस भ्रम में था कि उसके पिता धृतराष्ट्र के राजसिंहासन त्यागने के बाद हस्तिनापुर की सत्ताएँ कभी भी उसके राज्याभिषेक के लिए सहमत नहीं होंगी। ऐसे व्यक्तित्वों में चोट, पीड़ित होने, ईर्ष्या और चोट की भावनाएँ गहरी झुंझलाहट और क्रोध में बदल जाती हैं, जिससे झूठी बहादुरी और अहंकार पैदा होता है। क्रोध और अहंकार नकारात्मक विचारों में बदल जाते हैं, जो आत्म-भ्रम के दबाव में आत्म-विनाश की ओर ले जाते हैं।

हालांकि यह अजीब लग सकता है, लेकिन स्पेक्ट्रम के अंत में एक दूसरा पहलू भी है, जहां व्यक्तियों ने सफल होने के लिए क्रोध और अहंकार की भावनाओं का इस्तेमाल किया है। कोई भी क्रोधित हो सकता है - यह आसान है, लेकिन सही व्यक्ति पर और सही मात्रा में और सही समय पर और सही उद्देश्य के लिए और सही तरीके से क्रोधित होना - यह हर किसी की शक्ति में नहीं है और आसान नहीं है, अरस्तू ने लिखा है।

विवियन रिचर्ड्स की शान और डेनिस लिली और थॉमसन की गति की उग्रता को कौन याद नहीं करता? कई राजनेता, उद्योगपति, लेखक, कलाकार, राजा और सम्राट क्रोध और अहंकार की इस ऊर्जा को अत्यधिक विजयी और विजयी बनने के लिए निर्देशित कर सकते हैं। टेनिस चैंपियन बनने के लिए, आपको अडिग होना चाहिए, आपको जिद्दी होना चाहिए, आपको अहंकारी होना चाहिए, और आपको स्वार्थी और आत्म-अवशोषित होना चाहिए। लगभग सुरंग दृष्टि की तरह, क्रिस एवर्ट कहते हैं। इसलिए, अहंकार एक दोधारी तलवार है। अक्सर यह व्यक्तित्वों को आत्म-विनाश के लिए प्रेरित करता है क्योंकि उनमें आत्म-भेदभाव और आत्म-परीक्षण की शक्ति का अभाव होता है, इस प्रकार वे अपराध और उत्पीड़न की जटिलता के शिकार बन जाते हैं।

आप की बात

मोदी का संबोधन

लगातार 11वीं बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से देश को संबोधित किया। डेढ़ घंटे के भाषण में उन्होंने तथ्यपूर्ण ढंग से एक-एक मुद्दे को, एक-एक विषय को और एक-एक योजना का विस्तृत वर्णन किया है। मोदी के विचार देश को सभी दिशाओं में आगे बढ़ाने, समस्याओं को अच्छी तरह समझ कर उनका समाधान करने और विश्व के तनावपूर्ण माहौल में भारत को निरंतर विकास की ओर अग्रसर करने के दृष्टिकोण से अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। 75,000 मेडिकल सीटें बढ़ाने के संकल्प और अन्य सभी योजनाएं पूरे देश के लिए सुविधाएं बढ़ाने वाली सिद्ध होगी बशर्ते उन्हें शीघ्रता से लागू किया जाए। सरकार का इरादा नेक है। मगर इतने विशाल जनसंख्या वाले देश को सुदृढ़ बनाने में शासन-प्रशासन से लेकर आम जनता तक को एकजुटता दिखाते हुए पूर्ण सहयोग करना होगा। सभी लोगों को व्यर्थ की आपसी राजनीतिक खींचतान में अपना समय व ऊर्जा बर्बाद करने के बजाय देश के विकास पर ध्यान देना होगा। मोदी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव तथा समान नागरिक संहिता भी समय की मांग है। उन्होंने जनता को अपना वादा याद दिलाया कि तीसरे कार्यकाल में उनकी सरकार तीन गुना तेजी से काम करेगी। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी के वादे पूरे होंगे।

-सुभाष बुडावन वाला, रतलाम

यूनुस का आश्वासन

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद हिंसा में उपद्रवियों द्वारा हिन्दुओं को निशाना बनाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से अपने गुस्से को अभिव्यक्त करते हुए साफ-साफ हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का उल्लेख किया। संभवत: इसकी प्रतिक्रिया में ही मोहम्मद यूनुस ने अपनी ओर से प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर आश्वस्त किया किया कि शीघ्र हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यों की सुरक्षा हेतु सख्त कदम उठाये जांएगे। देखना होगा कि यूनुस का आश्वासन कहां तक फलीभूत होता है? बांग्लादेश में विदेशी शक्तियों के इशारे पर लगातार हिंदू-विरोधी, भारत-विरोधी तथा बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम-विरोधी भावनायें भड़काई जा रही हैं। पाकिस्तान और उसके इशारे पर बांग्लादेश में बैठे कट्टरपंथी इस्लामवादी बंग बंधु शेख मुजीबुर रहमान की मूर्तियां तोड़ कर तथा अवामी लीग नेताओं की हत्या कर 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम की विरासत मिटाने का प्रयास कर रहे हैं। इस प्रकार पाकिस्तान व उसके बांग्लादेशी सहयोगी इतिहास की धारा उलटने का जो प्रयास कर रहे हैं, वह न केवल भारत बल्कि पूरे क्षेत्र व सारी दुनिया के लिए खतरनाक है।

- महेश नेनावा, इंदौर

अंतरराष्ट्रीय षडयंत्र

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट मात्र छात्र आंदोलन के चलते अचानक ही नहीं हो गया है। इसके पीछे अनेक संभावित अंतर्राष्ट्रीय साजिशें हैं जिसमें बांग्लादेश के सैन्य प्रमुख तक शामिल हैं। कई शक्तियों ने मिलकर बांग्लादेश की घटनाओं को अंजाम दिया है। यह एक प्रकार से भारत के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत खुफिया तंत्र की विफलता है। यह भी हो सकता है कि भारतीय राजनयिकों व राजनेताओं ने शेख हसीना को इसके बारे में सतर्क भी किया हो, पर उन्होंने स्थितियों पर समुचित ध्यान नहीं दिया हो। यदि समय रहते हमारा खुफिया तंत्र इसे भांप पाता तो शायद तस्वीर कुछ और होती। तब संभवत: खुद शेख हसीना भारत सरकार से सैन्य सहायता प्राप्त करके इसे रोकने का प्रयास कर सकती थीं। अब भारत को संभवत: चुनावों के बाद ऐसी पार्टी की सरकार के साथ नए सिरे से सामंजस्य बिठाना होगा जो पहले से ही चीन-पाकिस्तान सहयोग से तख्तापलट में सहभागी थी। हालांकि, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या अवामी लीग देश में मुक्ति संग्राम की भावना पुन: पुनर्जीवित करने में सफल होगी जिसने बांग्लादेश को मजबूत आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में सफलता पाई थी।

- विभूति बुपक्या, खाचरोद

विभाजन की विभीषिका

15 अगस्त 1947 को देश को स्वतंत्रता मिली, परंतु इस दिन देश का विभाजन भी हुआ था। इस कारण लाखों लोगों की जानें गई थीं और करोड़ों लोगों को विस्थापित होना पड़ा था। आज़ादी के साथ ही धार्मिक आधार पर देश का विभाजन हुआ और पाकिस्तान नामक इस्लामी देश बना। डा.अंबेडकर ने देश विभाजन के साथ जनसंख्या के व्यवस्थित व समुचित हस्तांतरण का प्रस्ताव रखा था, पर कांग्रेस ने उसे नहीं माना। उनका यह प्रस्ताव भी नहीं माना गया कि पाकिस्तान न जा सकने वाले भारत में रह रहे मुसलमानों को नागरिकता देने के बजाय अस्थाई वीज़ा दिया जाए और उसे समय-समय पर नवीनीकृत किया जाए। इसका नतीजा भारत में मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति के रूप में सामने आया। भारत में जहां मुसलमानों की संख्या बढ़ रही है, वहीं पाकिस्तान और बांग्लादेश में उनकी संख्या बहुत कम हो गई है तथा बचे-खुचे हिंदू भी भारत आने के इच्छुक हैं। भारत ऐसे हिंदुओं, सिखों, जैनों, बौद्धों व ईसाइयों को नागरिकता दे रहा है। यह कदम निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। हमें विभाजन के सबक याद रखने होंगे।

- पुनीत अरोड़ा, मेरठ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

कोलकाता की घटना पर महिलाओं ने निकाला कैंडिल मार्च

संतकबीरनगर। कोलकाता में हुए महिला डाक्टर से बलात्कार एवं निर्मम हत्या के विरोध में पूरे भारत में जगह-जगह डाक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ हड़ताल पर है। रविवार को उक्त घटना से आहत राजनैतिक दलों भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, समाजवादी पार्टी की महिला मोर्चा की नेताओं/वक्ताओं समेत विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाओं तथा स्कूली छात्राओं ने जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद से समय माता मंदिर तक कैंडिल मार्च निकाला। सभी ने दो मिनट का मौन रहकर महिला डाक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता अग्रहरि ने कहा कि कलकत्ता में महिला डाक्टर के साथ हुई घटना की उच्च सतरीय जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाय। वहीं उक्त कैडिल मार्च में शामिल भाजपा नेत्री ऊषा पाण्डेय, समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय स्तर की नेत्री अंशिका पाण्डेय सहित अन्य राजनैतिक दलों से जुड़ी सदस्यगण, समाज सेवी संगठनों तथा अन्य संगठनों से जुड़ी महिला सदस्यों और छात्राओं ने इस घटना की घोर निन्दा की और आरोपी के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की।

रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्यार का त्योहार है : छोटे ठाकुर

रक्षाबंधन त्यौहार भाई बहन के पवित्र प्रेम त्यौहार है : अरूण शर्मा

गुरसहायगंज (कन्नौज)। सनातन धर्म के पावन पर्व रक्षाबंधन पर क्षत्रिय व सपा नेताओं सहित युवाओं नें बर्धाइ व शुभकामनाये देते हुये पर्व को परम्परागत ढंग से मनाने की अपील की है।

रविवार को नगर के तिर्वारोड स्थित आवास कार्यालय पर क्षत्रिय नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर नें कहा कि रक्षा बंधन भाई बहन के अटूट प्यार का त्योहार है जो हमारे जीवन में एक नवीन ऊर्जा का संचार करता है। सपा पिछडा वर्ग प्रकोठ जिला महासचिव अरूण कुमार शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन त्यौहार एक पवित्र त्यौहार है इस दिन बहनें अपने भाईयों का तिलक कर उनकी लंबी उम्र के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। वहीं भाई भी उनकी रक्षा करनें का संकल्प लेते हुये उपहार भेंट करते हैं। मोहित पाठक, सपा नेता मनी गुप्ता, संदीप मिश्रा ने कहा कि यह त्योहार हमें बुराईयों को छोडकर अपने जीवन मे अच्छाईयों को धारण करने का संदेश देता है।

नगर की स्वास्थ्य सेवाओं में हुई नवीन युग की शुरुआत

पालिकाध्यक्ष ने किया निशुल्क कैंसर शिविर का उद्घाटन

कन्नौज। छिबरामऊ नगर की स्वास्थ्य सेवाओं में आज एक नवीन युग की शुरुआत हो गई। नगर पालिका रोड पर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने फीता काट कर नि शुल्क कैंसर कैम्प का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि नगर के बीच स्थित इस अस्पताल से आम जनता को काफी सुविधा मिलेगी।

रविवार को निशुल्क कैंसर शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करनें के उपरान्त पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कह कि यहां मरीजों के लिए हर तरह की सुविधायें उपलब्ध कराई गई है। जिसके लिए डॉ. रजनीश द्विवेदी बधाई के पात्र हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद निशुल्क जांच शिविर लगाया गया। इसमें कैंसर के स्पेशलिस्ट डॉ. अरुण प्रकाश द्विवेदी, एमसीएच ओंको सर्जरी, एक्स टाटा मेमोरियल हास्पिटल मुम्बई, डॉ. आशुतोष मिश्रा एमडी ऑन्कोलॉजी, डॉ. अनुप्रिया दीक्षित (स्त्री रोग), डॉ. रजत चतुर्वेदी फिज़ीसिशियन व डॉ. अजय यादव जनरल फिजिशियन ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए। पहले दिन लगभग 50 मरीजों की ओपीडी हुई। इसमें 20 से अधिक कैंसर के पेशेंट थे। डॉ. रजनीश द्विवेदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा यह अस्पताल 10 बेड का है। इसमें ऑपरेशन थिएटर सहित हर समय ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध है और 03 बेड का आईसीयू भी है। कार्यक्रम में तिर्वा मेडिकल कॉलेज के डॉ. अजीत सिंह, डॉ. सरित दुबे, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक सक्सेना, डॉ. दीपक चौहान, डॉ. अजय यादव व डॉ. रजत चतुर्वेदी, डॉ. वैभव दुबे, नवीन द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की

ऊंचाहार। एनटीपीसी गेट नंबर दो निवासी छात्र कस्बा स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करने जाता है। आरोप है कि कस्बे के तीन युवक रास्ते में उसे रोक कर मारपीट करते हैं। पीड़ित ने रविवार को कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। एनटीपीसी गेट नंबर दो निवासी विकास इंटर का छात्र है। जिसका कहना है कि प्रतिदिन वह कस्बा स्थित एक कोचिंग संस्थान में पढ़ने के लिए जाता है। कस्बा निवासी तीन युवक रास्ते में उसे रोककर प्रतिदिन उसके साथ मारपीट हुआ गाली गलौज करते हैं। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न

रायबरेली। अमर सेनानी राणा बेनीमाधव बक्स सिंह की 220वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति के संरक्षक पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंहए पूर्व विधायक गजाधर सिंह के नेतृत्व व रवींद्र सिंहए डा रवि प्रताप सिंह के संयोजन में विशाल वृक्षारोपण शहर के चार स्थानों पर किया गया।समिति के संरक्षक और विधायक इंद्रेश विक्रम सिंहए रवींद्र सिंहए हरिहर सिंहए एसपी सिंहए कमलेंद्र भदौरियाए सुनील मेजरए राजेंद्र बहादुर सिंह राजन ए आरबी सिंहए शिवम सिंहए जिला पंचायत सदस्य अजय सिंहए अमित सिंह डॉ रवि प्रताप सिंहएगोबिंद सिंह चौहान आदि ने सुबह भारी बारिश के दौरान राना बेनी माधव बक्स सिंह चौक पर पौधरोपण कराया। उसके उपरांत शहीद स्मारक के पास स्थित राना बेनी माधव पार्क में समिति के सदस्यों के साथ योग गुरु प्रदीप पांडे ने पीपल बरगद व पाकड़ के पौध लगाए गए। गुरु गोविंद सिंह पार्क में डॉ रवि प्रताप सिंह व उनकी टीम तथा समिति के सदस्यों के साथ में नवग्रह वाटिका बनाकर पौधरोपण कराया गया।इसके बाद स्टेडियम में गजाधर सिंहए सुनील भदोरिया आदि ने पौधरोपण किया।

नकली खोया व मिलावटी मिठाइयों का लगा भंडार

विभागीय अधिकारी बेख़बर

जगदीशपुर,अमेठी। आने वाले रक्षाबंधन के त्यौहार के अवसर पर मिष्ठान भण्डार की दुकानों पर नकली खोया व केमिकल युक्त मिठाइयों का भंडार लगा हुआ है जिसे मनमानी दामों पर बेचकर दुकानदार गरीबों की जेब पर डाका डाल रहे हैं विभागीय अधिकारी बेखबर हैं। विकास खण्ड के अंतर्गत स्थित पुलिस बूथ चौराहाए शुकुल बाज़ार रोडए रायबरेली.अयोध्या व जामों रोड समेत वारिसगंजए रानीगंजए आनन्दनगरए हारीमऊ समेत ग्रामीण क्षेत्र के चौराहों व नुक्कड़ों पर मिष्ठान भंडार की दुकान सजाकर दुकानदार नकली खोया व केमिकल युक्त मिठाइयां मनमाने दामों पर बेचकर ग्राहकों को लूट रहे हैं।रक्षाबंधन के आने वाले त्यौहार के अवसर पर ख़रीदारों की भीड़ लगी रहती है जिसे खाने के बाद बीमार होना स्वाभाविक है। खुलेआम बिक रही नकली मिठाइयों पर न तो विभागीय अधिकारियों की नज़र पड़ती है न ही उच्च अधिकारी गण इस ओर ध्यान दे रहे हैं। जिसके चलते महंगाई की मार में मजबूर जनता लुट रही है। कुछ कहने पर दुकानदार कहते हैं कि इसके एवज में विभागीय कर्मचारियों को तय शुदा रकम देना पड़ता है तो डर किस बात का। इस सम्बंध में उप जिलाधिकारी ने बताया कि जांच कराने के उपरांत दोषियो के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी।

त्योहारों को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

शुकुल बाजारएअमेठी ।आगामी रक्षा बंधन जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम के को लेकर स्थानीय पुलिस ने रविवार को थाने में पीस कमेटी की बैठक की। थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने कहाकि आगामी त्योहार शांति एवं सौहार्द से मनाएं। नई परंपरा डालने की कोशिश न करें। त्योहारों पर साउंड सिस्टम को नियंत्रित आवाज में बजाएं। उन्होंने कहाकि त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। ऐसा कोई काम न करें जिससे दूसरों की भावनाएं आहत हों। लोगों ने पुलिस अधिकारियों को बताया क्षेत्र में त्योहार मिलजुल कर मनाते हैं। बैठक में उपनिरीक्षक राम जी सिंहएचंद्र शेखर यादवएउदय पांडेएगुलाब सिंह एसत्य प्रकाश तिवारीए हेड कांस्टेबल मोहिर्रर नरेंद्र मौर्यए ग्राम प्रधान जगदीश पालएआरिफ़ हैदर मुस्तकीएकमाल अब्बासएफारुख एदीपकएमनोराज यादव एमनोज एकट्टर पासी आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार , भेजा जेल

मुसाफिरखाना,अमेठी । भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते 08 अगस्त को सादीपुर चौराहे पर हुई मारपीट में घायल की मौत के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।कहासुनी के दौरान हुई मारपीट में घायल दिलीप सिंह की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करते हुए कार्यवाही जी मांग की थी । जानकारी के मुताबिक विगत दिनों 08अगस्त को भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सादीपुर स्थित चौराहे पर सादीपुर गांव निवासी नितिन विक्रम सिंह व गाजनपुर गांव निवासी दिलीप सिंह के बीच हुई मारपीट में दिलीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।घायल दिलीप सिंह को स्थानीय अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया था जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।जिसके बाद शनिवार को परिजनों ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करते हुए सरकार से कार्यवाही की मांग की थी।

राज्यमंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों से भेंट की

रायबरेली। दिनेश प्रताप सिंह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने अपने दायित्वों के निर्वहन के क्रम में आज बछरावां विधानसभा के महाराजगंज में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात साहू जी के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों से भेंट कर महाराजगंज में किसानो और सब्जी विक्रेताओं की परेशानि जीयों को देखते हुए एक मंडी जिसमें सुपर बाजार बनाए जानें का निर्णय लियाए इसके साथ ही ग्राम चंदापुर जनई मार्ग से परमहंस आश्रम होते हुए डोमापुर मार्ग तक एक किलोमीटर पक्की सड़क बनाए जानें का निर्णय लिया गया।हलोर महराजगंज में वरिष्ठ समाजसेवी श्री चंद्रशेखर चौधरी जी के प्रतिष्ठान पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में हलोर में स्थित सब्जी मंडी में जल भराव की समस्या को देखते हुए मंडी द्वारा चबूतरेएटीन शेड और दुकानों के निर्माण का भी निर्णय लिया गया।विकासखंड शिवगढ़ के मंडल अध्यक्ष श्री जी बी सिंह व गुमावा प्रधान प्रदीप सिंह जी के प्रतिष्ठान पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में अछई में बिजली की समस्या को देखते हुए एक पावर हाउस का निर्माण और राजकीय इंटर कॉलेज अछई में शिक्षकों की कमी को जल्द पूरा करने का भी आश्वासन दिया। शिवगढ़ विकासखंड के पिपरी ग्राम प्रधान श्री नंदकिशोर तिवारी जी के आवास पर क्षेत्र वासियों एवं ग्राम वासियोंएपार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए शिवगढ़ में एक खेल स्टेडियम और किसानो को अपनी उपज का सही मूल्य मिले उन्हें कम दूरी तय कर उसे क्रय विक्रय कर सके जिसके लिए एक मंडी के निर्माण के लिए भी सम्बन्धित उपस्थित मंडी के अधिकारीयों को निर्देश दिएय श्री पंकज श्रीवास्तव मंडल उपाध्यक्ष महाराजगंज जी के आवास पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं ग्राम वासियों द्वारा महराजगंज के ग्राम जमुरवा पक्की सड़क से पासिन पुरवा तक 1500 मीटर कच्चे मार्ग को हाट मिक्स प्लांट से पक्की सड़क बनाने व ग्राम पंचायत पारा खुर्द में बारिश के कारण जल निकासी न होने के कारण जल भराव की स्थिति देखते हुए 300 मीटर नाले का निर्माण कराया जाने का निर्णय लिया गया।

गोंडा डीएम नेहा शर्मा ने शुरू की अनूठी पहल

सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार मे मीडिया अहम : आयुक्त

रक्षा सूत्र कार्यक्रम में प्रशासन ने बांटे आरोग्य किट

गोंडा। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अनूठी पहल पर यातायात व मीडिया कर्मियों को रक्षा सूत्र आरोग्य किट का प्रदान की गयी। जिला पंचायत सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुक्त देवीपाटन शशिभूषण लाल सुशील व जिलाधिकारी ने रक्षा बंधन की शुभकामनाएं देते हुए रक्षा सूत्र आरोग्य किट प्रदान की। आयुक्त ने कहा कि मीडिया सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार मे मदद करती है और यातायात कर्मी लोगों के सुरक्षित आवागमन में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। ये दोनों लोग अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर तरीके से काम कर रहे हैं। वहीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि यातायात कर्मियों व मीडिया कर्मी बाहर क्षेत्र में जाकर काम करते हैं, इस कारण उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए यह आरोग्य किट काफी सहायक सिद्ध होगी। इससे वे अपने को स्वस्थ रख सकेंगे व कार्य को अच्छे से कर सकेंगे। इस मौके पर ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहनों ने पुलिस कर्मियों, अधिकारियों व मीडिया कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की बधाई दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, परियोजना निदेशक, मीडिया कर्मी व यातायत पुलिस कर्मी आदि उपस्थित रहे।

क्षय रोग विभाग के चिकित्सकों ने किया विरोध प्रदर्शन

गोंडा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े हुए सभी संगठनों के कर्मचारियों-अधिकारियों ने बंगाल में चिकित्सक के साथ हुई घटना के प्रति अपना आक्रोश जताते हुए विरोध प्रदर्शित किया। इसके तहत टीवी नियंत्रण कार्यालय के मुख्य द्वार पर स्वास्थ्य कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें मुख्य रूप से मो0 असलम खान, डॉ0 जितेंद्र मिश्रा, डॉ0 भारती, डॉ0 राजेश कुमार श्रीवास्तव, विवेक शरन, संदीप, अभिषेक सिंह, अरविंद कुमार मिश्रा, दिनेश तिवारी, धर्मेंद्र पटेल, रितेश श्रीवास्तव आदि ने विरोध प्रदर्शन किया।

सोने जेवरात चोरी

ऊंचाहार। रोडवेज बस में सवार होकर जगतपुर से प्रतापगढ़ जा रही महिला के बैग से डेढ़ तोले के सोने जेवरात चोरी हो गए हैं। रविवार को महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रतापगढ़ जनपद भनवामऊ निवासी रूबी बानो जगतपुर कस्बे में ब्याही है। जिसका कहना है कि 11 अगस्त को वह रोडवेज बस में सवार होकर अपने मायके जा रही थी। इसी दौरान बस कस्बा स्थित एक रेस्टोरेंट के पास रुक गई।

14 सितम्बर 2024 को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत : जनपद न्यायाधीश

संतकबीरनगर। जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने बताया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी 14, सितम्बर, 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। लोक अदालत में पक्षकार स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दे सकता है। लोक अदालत में सुलह योग्य फौजदारी मामले, दिवानी वाद, भरण पोषण वाद, मोटर अधिनियम वाद, स्टांप वाद/पंजीयन वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, किराएदारी वाद, चेक बाउंस से संबंधित मामले, बैंक लोन मामले, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी से संबंधित शमनीय वाद, वन अधिनियम के मामले, पुलिस अधिनियम के अंतर्गत समनीय वाद, स्थाई लोक अदालत के मामले, गृह कर, जल कर, बाट माप अधिनियम के मामले, नगर पालिका-नगर निगम संबंधी मामले एवं स्थानीय विधियों के अंतर्गत सुलह योग्य वाद निस्तारित कराए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त वैवाहिक एवं पारिवारिक मामलों का भी निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जा सकता है। ऐसे पारिवारिक मामलों जो किसी न्यायालय में लंबित नहीं है वो प्री-लिटिगेशन स्तर पर पक्षकार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है जिसका आदेश सिविल न्यायालय की डिग्री के समान होगा। इसके अतिरिक्त अभिवाक सौदेबाजी से भी फौजदारी मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है। जनपद न्यायाधीश ने जनपद के समस्त सम्मानित जनमानस से अपील की है की आगामी 14 सितम्बर 2024 को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराते हुए सफल बनावें। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय संत कबीर नगर में संपर्क कर सकते हैं। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह के द्वारा सियरासांथा में स्थित वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने एक-एक करके सभी बुजुर्गों से बात चीत की गई तथा उनको दिए जाने वाले खाद्य पदार्थ एवं अन्य सुविधाओं के बारे में बात चीत की गई। निरीक्षण में बुजुर्गों द्वारा बताया गया कि सुबह का नाश्ता नहीं दिया जाता है और न ही खाने में सलाद दिया जाता है, बनकर तैयार हुए दाल में पानी की मात्रा अधिक पाई गई। इस सम्बन्ध में वृद्धाश्रम के मैनेजर को चेतावनी देते हुए दूसरी दाल बनाये जाने का निर्देश दिया गया। स्वस्थ संबंधी जानकारी लेने पर पता चला कि वृद्धाश्रम में होम्योपैथी के डॉक्टर आते हैं परंतु एलोपैथी के डॉक्टर नही आते। उपरोक्त मानक विहीन भोजन तथा चिकित्सीय लापरवाही के संबंध में व्यस्थापक को चेतावनी देते हुए कहा कि रहने, खाने-पीने और चिकित्सा की नि:शुल्क व्यवस्था है।

बरसाती मौसम में 15 हजार की आबादी बूंद-बूंद को परेशान

उरई (जालौन)। पिछले 72 घंटे से जनपद के अंतिम पायदान पर बसे नगर पंचायत कोटरा में विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से शाम ढलते ही कस्बा अंधेरे के आगोश में समा जाता है तो वहीं दूसरी ओर विद्युत न आने से हजारों की आबादी के सामने बूंद-बूंद का संकट गहराया हुआ हैं। कस्बावासियों ने जब अपनी समस्या समाधान के लिये विद्युत महकमे के आला अधिकारियों के मोबाइल नंबरों पर बात करने का प्रयास किया तो किसी भी अधिकारी ने फोन रिसीब करना भी जरूरी नहीं समझा। विद्युत व पानी की समस्या से जूझते कस्बावासियों में आक्रोश गहराने लगा है।एक ओर जहां प्रदेश सरकार विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने के नाम पर करोड़ों रुपये का बजट खर्च करने से नहीं चूक रही है तो वहीं जनपद में विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सरकार की मंशा को ही पलीता लगाने से नहीं चूक रहे हैं। इसी का परिणाम है कि नगर पंचायत कोटरा में पिछले 72 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप्प है।

सांसद ने किया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति का अनावरण

मुसाफिरखाना,अमेठी । रविवार को क्षेत्र के दादरा गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद किशोरी लाल शर्मा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सीता शरण तिवारी की मूर्ति का अनावरण किया। रविवार को दादरा गांव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्थानीय सांसद किशोरी लाल शर्मा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सीताशरण तिवारी की मूर्ति की पट्टीका खोलकर उसका अनावरण किया। तत्पश्चात माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए याद किया।आयोजित सभा में सीताशरण के व्यक्तित्व और स्वाधीनता आंदोलन में उनके योगदान पर चर्चा करते हुए पर सम्बोधित करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भी भुलाया नही जा सकता है। अंत में आयोजक श्रीचंद तिवारी ने जनपद के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से जुड़े परिजनों को अंगवस्त्र भेंटकर सांसद द्वारा सम्मानित कराया।इस मौके पर प्रदीप सिंघल राजेश श्रीवास्तव पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी राजेश सिंह दतनपुर कृपाशंकर सिंह राजू ओझा धर्मेन्द्र सिंह राहुल गुप्ता श्री चंद्र तिवारी जहीर अहमदए अतुल शुक्ला तेजभान तिवारी दुर्गेश तिवारी जफर जेबी यादव राजेंद्र ओझा रमाकांत तिवारी उदय भान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

उपहारों के साथ बहन की राखी को हमेशा के लिए यादगार बनाइए

लखनऊ। इस खास बंधन को सेलिब्रेट करने का दिन राखी अब करीब आ रहा है। इस राखी पर मिया बाय तनिष्क ने इस प्यारे रिश्ते को और भी खास बनाने के लिए एक बेहतरीन गिफ्ट गाइड तैयार किया है। इसमें पांच खूबसूरत गहने शामिल हैंए जिनमें से हर एक ज्वेलरी आपकी बहन की पर्सनैलिटी को और भी निखार देगी। ये गिफ्ट्स न केवल आकर्षक हैं बल्कि इनमें एक गहरा मतलब भी छिपा है। इनमें से हर एक गहनाए भाई.बहन के बीच के प्यार की याद दिलाता रहेगा। ज़िंदगी उन्हें चाहे जहां भी ले जाएए ये गहने उनके प्यार की चमक को हमेशा बरकरार रखेंगे।आइए इस राखी पर इन पांच शानदार आभूषणों में से अपनी पसंद चुनिए। किफायतीए आसानी से मिलने वाले और फिर भी बहुत ही मूल्यवानए ऐसे यह आभूषण हर प्रसंग के लिए सबसे सही गिफ्टिंग चॉइस है। एवरलास्टिंग लव गोल्ड नेकलेस सेट . बिना शर्तों और बंधन के प्यार प्यार की अभिव्यक्ति जो हमेशा के लिए साथ रहेगी।इस एवरलास्टिंग लव गोल्ड नेकलेस सेट के साथ अपने प्यार की खुशियां मनाइए। 14 कैरेट सोने में बना यह सेट भाई.बहन के बीच के प्यार और अपनेपन का सबसे बेहतरीन प्रतीक बनेगा। देखते ही पसंद आ जाए ऐसा हार्ट नेकलेस और उसके साथ मैचिंग इयररिंग्स का सेट राखी की भावना को बहुत ही खूबसूरती से दर्शाता है। आपकी बहन के लिए यह एक विचारशील और स्टाइलिश उपहार साबित होगा।

एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

रायबरेली छात्राओं ने जनपद के अधिकारियों को राखी बांधकर सहेजी समाज की सुरक्षा

मानव श्रृंखला से निर्मित राखी और समूह नृत्य रहा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण

रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला में भाई.बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गयाएसाथ ही विद्यालय की छात्राओं ने जनपद के अधिकारियों एवं विद्यालय के संस्थापक.प्रबंधक सहित प्रधानाचार्य को राखी बांधकर उनके मंगलमय जीवन की कामना करते हुए समाज की सुरक्षा का वचन लिया।

स्कूल की प्रार्थना सभा में छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई एजिसके बदले में छात्रों ने उनकी रक्षा करने का वचन दिया। कार्यक्रम में ष्ओ बहना मेरी बहनाए तुझसा न कोई अपनाएए संग मेरे यूं ही रहना तूण्ण्ण्ष् गीत पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया तो वहीं विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला से बनाई गई राखी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

इसके उपरान्त विद्यालय काउंसिल की छात्राओं ने शिक्षकों के साथ जनपद के अधिकारियों को राखी बाँधी इन अधिकारियों में जिलाधिकारी हर्षिता माथुरए पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवालए सिटी मजिस्ट्रेट धीरेंद्र श्रीवास्तव ए डीआईओएस संजीव कुमार सिंहए बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ए मुख्य पुलिस अधिकारी राजेश कुमार सिंह ए संस्थापक.प्रबंधक एनएसजीआई डॉ शशिकांत शर्मा ए शामिल थे। यह राखी जनपद के लोगों के लिए उनकी सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा का एक प्रतीक थी।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय में इस तरह त्योहारों के आयोजनों का उद्देश्य छात्रों को भारतीय त्योहारों के विषय में व्यापक जानकारी देना हैए जिससे वे भारतीय रीति रिवाजोंए परंपराओं एवं भारतीय मूल्यों के विषय में भली भांति परिचित हो सकें और अपने जीवन में शांतिएसौहार्दए प्रेम व भाई.चारे की भावना को समाहित कर सकें। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 6 की छात्रा एंजेल और अदिति ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप.प्रधानाचार्य मोण् फैज़ान खानए संयोजिका संचिता त्रिवेदीए शिवकरन पालए शाहीन खानएअभिषेक श्रीवास्तवए आरजू यादवए रामदेवए रामकिशोर यादवए पिंकी जायसवालए गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षकध्शिक्षिकाएं ए विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस की सीधी भर्ती के लिए तैयारियां परखीं

बाँदा। अगस्त जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 23, 24, 25, 30 एवं 31 अगस्तए 2024 को जनपद बॉदा में चयनित 10 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा को नकल विहीनी, शान्तिपूर्ण व सुचितापूर्ण तरीके से सकुशल सम्पन्न कराये जाने की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापकोंए सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्टेऊट तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा को सकुशल आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई हैए सम्बन्धित अधिकारी अपनी ड्यूटी के बारे में दिशा.निर्देशों को भली.भांति अध्ययन कर लें। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा केन्द्रों में बेहतर फर्नीचर,प्रकाश एवं लाइट की समुचित व्यवस्था, पेयजलए सीसीटीवी, साफसफाई तथा मोबाइल को जमा करने हेतु कक्ष की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों के अन्दर कोई भी परीक्षार्थी मोबाइल फोन व इलेक्ट्रानिक सामग्री लेकर नही जायेगा। परीक्षा केन्द्र के अन्दर परीक्षार्थी मात्र तीन सामान पेनए पहचान पत्र एवं एडमिट कार्ड ही लेकर जायेगें। यह परीक्षा दो पालियों में प्रात: 10 से 12 बजे एवं 03 से 05 बजे तक आयोजित की जायेगी। सभी परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी संचालित रहेगें तथा एक कन्ट्रोल रूम भी बनाया जायेगा तथा सभी परीक्षा केन्द्रों में कडी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को सिटिंग प्लान समय से तैयार करने तथा परीक्षा हेतु समय से सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। यह परीक्षा जनपद के विभिन्न 10 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी। उन्होंने स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्टेऊटों को निर्देशित किया कि सभी अपने.अपने परीक्षा केन्द्रों का कल सघन निरीक्षण करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को चेक कर लें एवं जो कमी है उनकों ठीक करायें। सेक्टर मजिस्टेऊट पुलिस अधिकारी से साथ रूट तय कर लें। सभी ड्यूटी में लगे अधिकारी आपस में समन्वय करते हुए अपनी टीम के अधिकारियों का मोबाइल नम्बर अवश्य रखें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध रहें तथा ड्यूटी में लगे कर्मचारी अपने परिचय पत्र के साथ ड्यूटी में तैनात रहेगें। कोई भी अधिकारी मोबाइल फोन लेकर नही जायेगा। सेक्टर मजिस्टेऊट एक दिन पूर्व अपने क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्स्थायें अवश्य चेक कर लें और परीक्षा केन्द्र के आस.पास अनावश्यक भीड नही रहने पाये। परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग की समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में परीक्षा के दौरान तैयार किये जाने वाले प्रारूपों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। अभ्यर्थियों के सामान व मोबाइल फोन को गेट में जमा करने हेतु एक अलग कक्ष बनाया जायेगा। उन्होंने निर्देश

सूनी ना रहे कलाई , साहसी बालिका संस्था की सदस्यों द्वारा बाँधी राखी

कायमगंज फर्रूखाबाद। क्षेत्र .धर्म – जाति के बंधनों से मुक्त हो राखी की लाज बचाने कई भाई ऐतिहासिक साक्ष्यों के अनुसार खुद आर्दश इतिहास के साक्ष्य आज तक बने हुए हैं । ऐशे पावन पर्व की गरिमा को साकार करने का प्रयास करते हुए आज साहसी बालिका संस्था कायमगंज के सदस्यों द्वारा दिन शनिवार को थाना कायमगंज में जाकर सभी पुलिस अधिकारियों तथा अन्य कर्मियों को राखी बांध कर रक्षा बंधन की शुभकामनाएँ दीं । संस्था सदस्य बेटियों का कहना है कि 24 घंटे सेवा करने वाले पुलिस विभाग के लोग त्योहार पर अक्सर अपने घर नहीं जा पाते हैं ।

राखी पर्व हमे भाई बहन के स्नेह की याद दिलाता है : डी एम

फर्रुखाबाद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जयनारायण वर्मा रोड केंद्र पर रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि डा.विजय प्रताप सिंह ने कहा कि जीवन में सत्यता ही रक्षा का प्रतीक है।प्रेम और सौहार्द की बाते बुराइयों को जीतने का विजय तिलक है यही पावन राखी का संदेश है।उन्होंने कहा कि इस आश्रम में आकर मुझे बहुत अच्छा लगा।भारत देश देवत्व भूमि है, जहां सती सावित्री होती है और भाई लक्ष्मण रेखा खींचने वाले हैं। राखी पर्व हमे हमे भाई बहन के स्नेह की याद दिलाता है। अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय कुमार सिंह ने कहा कि आज समाज की स्थति काफी विकृत हो गई है।रक्षाबंधन हमे भाई बहन के असीम प्रेम की याद दिलाता है। महिला आयोग की सदस्य एवम् समाजसेविका श्रीमती मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि हमे बच्चो को सही शिक्षा देना चाहिए जिससे बच्चे कही भी भटके नही।अच्छे संस्कार से ही अच्छा समाज बनता है। यह रक्षाबंधन पर्व भाई बहन का पवित्र त्योहार है,सौहार्द से मनाए। राजपूत रेजीमेंट सेंटर के लेफ्टिनेंट कर्नल विक्रम सिंह राठौर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।केंद्र संचालिका बी के सुमन बहन ने कहा कि हमारे देश में जब जब धर्म की हानि हुई है तो भाई बहन ने अपने तन,मन,धन का होम करके पवित्र व शुद्ध समाज का निर्माण किया है।यही राखी का संदेश है। कु.दिव्या ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

राजयोग केन्द्र में मनाया गया राखी का त्योहार

फतेहपुर। ज्वालागंज स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय (राजयोग केंद्र) में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राखी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्म कुमारी मीरा बहन ने बताया कि रक्षाबंधन सभी पर्वों में एक अनोखा पर्व ही नहीं बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति तथा मानवीय मूल्यों को संजोने वाला भाई-बहन के पवित्र वैश्विक संबंध की स्मृति दिलाने वाला परमात्मा का उपहार है।

भाई-बहनों का छिपा, इसमें प्रेम अपार.....

शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी

फतेहपुर। शहर के मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन केपी सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के महंत स्वामी रामदास उपस्थित रहे। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए के.पी. सिंह कछवाह ने वाणी वंदना में अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा- सरस्वती मां आइये, कविजन करें पुकार। कविता में रस, छंद भर, करो नवल श्रृंगार।। कार्यक्रम को गति देते हुए कविता पढ़ी रक्षाबंधन है बड़ा, सनातनी त्योहार। भाई-बहनों का छिपा, इसमें प्रेम अपार।। डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार अपने भाव व्यक्त किये-अहो मानव ,तुम उच्च उदार, लिए नित मानवता का भार। तुम्हीं नर-संस्कृति के आधार, तुम्हीं जग-जीवन के उपहार।। दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने भावों को मुक्तक में कुछ इस प्रकार पिरोया बहना द्वारा जब एक सूत्र, भाई के कर बंध जाता है। तब धर्म-जाति के भेद छोड़, भाई कर्तव्य निभाता है।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये जाति-धर्म ना देखता, रक्षाबंधन पर्व। हर बहना को है सदा, निज भाई पर गर्व।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक गीत के माध्यम से कुछ यों व्यक्त किये भाई बहना का प्रेम अमिट, रक्षाबंधन बतलाता है। लक्ष्मी, द्रौपदी, कर्मावती, बहनों की याद दिलाता है।

अधिवक्ताओं के आश्रितों को मिली 5-5 लाख की आर्थिक मदद

डीएम-जजों ने भेंट की चेक, शील्ड व अंगवस्त्र

फतेहपुर। शासन द्वारा अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए दिवंगत अधिवक्ताओ के आश्रितों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन लखनऊ में आज आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती सी. इंदुमती, एडीजे, सीजेएम, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी की उपस्थिति में देखा व सुना गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी व मो0 इलियास अपर जिला जज सत्र न्यायालय कोर्ट 01, आशुतोष कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दिवंगत अधिवक्ताओं के आश्रित ऊषा त्रिपाठी पत्नी स्व0 शिवदत्त त्रिपाठी देवीगंज, मालती देवी पत्नी स्व0 अरुण कुमार यादव रिफ्यूजी कालोनी पीरनपुर, सीमा उत्तम पत्नी सर्वेश कुमार आवास विकास कालोनी, शशि अवस्थी पत्नी स्व0 हरी प्रसाद अवस्थी रामगंज पक्का तालाब, शकीना बेगम पत्नी स्व0 मो0 रफी खंभापुर, अफरीन खान पत्नी स्व0 मुसीर अहमद खान पत्थर कटा चौराहा (हनुमान मंदिर के पास) को 05-05 लाख रुपए की चेक, अंगवस्त्र, शील्ड देकर सहायता प्रदान की गई और परिवार के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

इस मौक़े पर डीएम ने कहा कि पति की मृत्यु होने के बाद जिंदगी को आगे ले जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री जी की पहल पर अधिवक्ताओं के आश्रितों के जीवन को आसान बनाने के लिए अधिवक्ता कल्याण निधि से यह आर्थिक सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के परिजनों/आश्रितो को शिक्षा और सेवायोजन विभाग के माध्यम से योग्यता के अनुसार कार्यक्रम चलाकर रोजगार दिलाया जायेगा। कहा कि कानून का राज रूल ऑफ़ लॉ को चलाने के लिए अधिवक्ताओं का प्रमुख स्थान है। कानून सबके लिये एक है, अधिवक्ता बहुत ही न्यूनतम संसाधनों में काफी विपरीत परिस्थितियों में कार्य करते हैं। वह न्यायिक व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान करते हैं। अधिवक्ता कल्याण निधि से जनपद के 06 अधिवक्ताओं के परिजनों को परिवार आर्थिक सहायता के रूप में पांच- पांच लाख रुपए की धनराशि दी गई है जो ऑनलाइन उनके खाते में भेजी गई है। इस अवसर पर ज़िला बार एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश वर्मा, मंत्री शबचानी लाल सहित शासकीय अधिवक्ता तथा बार एसो. के सदस्य उपस्थित रहे।

उरई में भी अधिवक्ताओं के आश्रितों को आर्थिक सहायता दी

उरई (जालौन)। रविवार को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए स्मृति शेष अधिवक्तागण के आश्रितों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन, लखनऊ में आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिसका संजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में एलईडी के माध्यम से देखा गया।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार व अपर जिला न्यायाधीश पारुल पवार ने दिवंगत अधिवक्ता देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव की पत्नी पुष्पा श्रीवास्तव, श्याम नारायण निगम की पत्नी संतोष निगम, संतोष कुमार त्रिवेदी की पत्नी विमला देवी, जगदीश सहाय की पत्नी राजाबेटी, अनिल कुमार पुरवार की पत्नी अंजना पुरवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 5-5 लाख रुपए की धनराशि वितरण का प्रमाण पत्र देकर आर्थिक सहायता प्रदान की और परिवार के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

क्विक न्यूज

कावड़िए की जरनेटर के करंट से मौत

फर्रुखाबाद। कांवड़ चढ़ाकर लौट रहे एक कांवड़िये को साउंड के लिए लगाये गये जरनेटर का करंट लग गया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गयी। गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ उसे चिकित्सक नें मृत घोषित कर दिया ।थाना कमालगंज के ग्राम नगू नगला निवासी 38 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र शीशराम अपने 40 साथियों के साथ गोला कांवड़ चढानें गये थे। जहाँ से सभी ट्रैक्टर से लौट रहे थे। थाना राजेपुर के जमापुर के निकट ट्रैक्टर में डीजे को चलानें के लिए लगे जरनेटर का करंट अनिल को लग गया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गयी। उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में लाया गया। उसे एक्बुलेसं के ईएमटी संजय व अनिल के पड़ोसी पवन नें भर्ती कराया। जाँच के बाद अनिल को ईएमओ डा. जय सिंह नें मृत घोषित कर दिया । सूचना पर पंहुचे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी अनुपम, भाभी आसना सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया । मामले की सूचना पुलिस को दी गयी।

दरगाह लोको शरीफका तीन दिवसीय उर्स 21 से

फर्रुखाबाद। दरगाह हजरत मकदूम शाह सैय्यद शाहबुद्दीन ओलिया लोको फतेहगढ़ का तीन दिवसीय उर्स सज्जादानशीन शाह मुहम्मद शरीफउर्फमोहब्बत शाह व नायब सज्जादानशीन शाह मो. वसीम की सदारत में मनाया जायेगा। 20 अगस्त को सुबह कुरान ख्वानी,चिरागा रोशनी सायंकाल 6 बजे,रात ईद मिलादुन्नबी में मो. नूरूल अराफात मकनपुर, शाहिद मदारी तकरीर करेंगे।21अगस्त को कुरान खानी,कुल 11बजे,चादर गागर का जुलूस 2 बजे दरगाह से चलकर लोको कालोनियों में से होकर दरगाह में पहुंचेगा। जहां लंगर का आयोजन किया जाएगा।रात 10.30 बजे महफिले कव्वाली होगी जिसमे राजू मुरली शाहजहांपुर,शाहवेज वारसी बाराबंकी एवम् कमालुद्दीन महफिल कव्वाली में अपने फन का जौहर दिखाएंगे।22 अगस्त को सुबह 9.30 बजे पेगामे इंसानियत मीडिया वार्ता सज्जादा नशीन सबिरे पाक कलियर शरीफउत्तराखंड व अम्मार अहमद अहमदी उर्फनय्यर मिया में शिरकत करेंगे। कुल शरीफ उत्पाशचात लंगर आम तकसीम होगा।

एक किशोर युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

फर्रुखाबाद। कायमगंज स्टेशन के समीप में एक 16 वर्षीय युवक ने आज रविवार को बांद्रा से लखनऊ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के सामने छलांग लगाकर कटकरआत्महत्या कर ली ।फर्रुखाबाद जीआरपी सूत्रों ने बताया कि जिले के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के चिलौली प्रेम नगर का निवासी एक 16 वर्षीय युवक ललित आज बुधवार को कायमगंज स्टेशन समीपवर्तीपोल नंबर 168ध14के पास खड़ा हुआ था। इसी दौरान करीब 9रू45 बजे बांद्रा (वम्बई) से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार वाली 20921 एक्सप्रेस ट्रेन ज्यो ही घटनास्थल पर आई त्यो ही रेल लाइन के समीप खड़े युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी और देखते देखते इस युवक की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। इसके बाद ट्रेन चालक ने ट्रेन को रोक लिया और घटना की सूचना संबंधित विभाग को दी। इधर जीआरपी कायमगंज पुलिस चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामकेश मौके पर पहुंचे और युवक द्वारा ट्रेन से कटकर आत्महत्या किए जाने की जांच पड़ताल शुरू की लेकिन आत्महत्या के कारणो का पता नहीं चल सका। इसके वाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

बेकरी कारीगर युवक लापता, परिजन परेशान

कायमगंज फर्रुखाबाद। युवक घर से लापता हो गया। परिजन परेशान है। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। नगर के मोहल्ला काजमखां निवासी रिजवाना ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपने पति के साथ चिलौली पठान अपने मायके गई थी। जहां 16 अगस्त को उसके पति रजी खां कंपिल में भांजे की सगाई समारोह में शामिल होने गए थे। वह रात 11 बजे अपनी ससुराल चिलौली पठान आ गए थे। उसके पति 12 बजे अपने घर काजमखां चले गए। जबकि वह मायके ही रूक गई। महिला कहना है देर रात एक बजे के करीब उसकी पति से फोन से बात भी हुई। जब वह सुबह घर पहुंची तो उसके पति घर पर नहीं थे और ताला लगा था। तब से उसका मोबाइल स्वीच आफजा रहा है। उसने बताया कि आसपास नाते रिश्तेदारो व सगे संबंधी के यहां खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

युवा व्यापार मंडल ने कोलकाता डा. रेप हत्या मामले में ममता बनर्जी का फूका पुतला

फर्रुखाबाद। कोलकाता महिला चिकित्सक के साथ रेप और हत्या के मामले में लोगों की गुस्से की आग दिन पर दिन बढ़ती जा रही है । लिहाजा युवा व्यापार मंडल नें आक्रोशित होकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। इस दौरान ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव के नेतृत्व में व्यापार मंडल के कार्यकर्ता शहर के चौक पर एकत्रित हुए और उन्होंने ममता बनर्जी के पुतले में नारेबाजी करते हुए आग लगा दी। पश्चिम बंगाल में लंबे समय से महिलाओं के खिलाफहिंसा हो रही है. महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले के आरोपी को ममता सरकार बचाने की कोशिश कर रही है। बंगाल में हो रही यह घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली है युवा व्यापार मंडल नें भी आरोपियों को फांसी दिये जानें की मांग की। रोहन कश्यप, राजा करीम खान,आगाज खान, अशोक यादव, राज पांडेय, मोनू मिश्रा, हैप्पी यादव व मोनू मिश्रा आदि रहे।

कोलकाता डा.रेप व मर्डर में आई एम ए ने आरोपियों को फांसी सजा की मांग की

फर्रुखाबाद। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पूरे दिन हड़ताल रखी । केबल आपातकाल की सेवाओं को छोड़कर अन्य मेडिकल सेवा पूरी तरह से बंद रही। जिस पर एक तरफमरीज भटके तो वहीं दूसरी तरफ आईएमए नें पीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को देकर दोषियों के खिलाफफांसी की मांग की। भारतीय चिकित्सा संघ के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल व सचिव डा. प्रशांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में चिकित्सक तहसील पंहुचे और जिलाधिकारी डा. वीके सिंह व एसपी आलोक प्रियदर्शी को पीएम मोदी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमे आईएमए नें घटना में तत्काल न्याय देनें की मांग के साथ ही दोषियों को गिरफ्तार कर उन्हें फांसी दिये जानें की मांग की। निष्पक्ष जांच की मांग की । कुल चार सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान डा. उदय राजसिंह, डा. एसपी सिंह, डा. सीएन भल्ला. डा. सतीश कुमार, डा. नरेश शर्मा, डा. मनीष भल्ला, डा. शिखर सक्सेना आदि रहे।

एनआईएमए नें भी सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. देवेश चन्द्र मिश्रा नें महासचिव डा. विपिन कुमार जौहरी के साथ ही डॉ. हरीदत्त द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट पंहुचकर नगर मजिस्ट्रेट को पीएम को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा । इस दौरान डॉ.रविन्द्र यादव, डा. कुलदीप राजपूत ,डा. नीरज शर्मा आदि रहे ।पानी भरे गड्ढे में गिरकर मासूम की मौतफतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के सगुनापुर मजरे शिवराजपुर गांव निवासी गिरधर का पुत्र अंश खेलते-खेलते घर के पास ही पानी भरे गड्ढे में जा गिरा। जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के चाचा संदीप ने बताया कि घर के पास ही रजोल यादव ने चक्की बना रखी थी और सामने गड्ढा खुदवाया था। उसने बताया कि दस वर्ष पूर्व चक्की बंद हो गई है। इसके बावजूद भी रजोल ने गड्ढा नहीं पुरवाया था जिससे मासूम अंश खेलते-खेलते गड्ढे में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

ब्रह्माकुमारी बहनों ने सीडीओ को राखी बांध आध्यात्मिक साहित्य भेट किया

कानपुर देहात। पालीवाल नगर रूरा स्थित ब्रह्माकुमारी बहनों ने मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती लक्ष्मी नागप्पनए कृषि उपनिदेषक रामवचन राम एकृषि अधिकारी उमेश गुप्ता एप्रतिभा बहन जिला अर्थ संख्यक अधिकारी एमहिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा शंकर पांडे एसमाजसेविका श्रीमती कंचन मिश्रा को राखी बांधी।ञ ब्रह्माकुमारी प्रीति बहनए प्रेम बहन बीके मनोज भाई एवं आशीष भाई मौजूद रहे। तत्पश्चात जेल में कैदियों को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने परमात्मा का संदेश दिया कि दुख अशांति को दूर करने के लिए बुरे विचारों को दूर करना होगा इसके लिए मेडिटेशन का अभ्यास जरूरी है तत्पश्चात बीण्के प्रेम बहन एवं शिखा बहन ने सभी कैदियों को राखी बांधी फिर उसके बाद बीण्केआशीष भाई एवं बीण्के मनोज भाई ने आध्यात्मिक साहित्य एवं प्रसाद वितरण किया। रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गयारसूलाबाद कानपुर देहात। कटरा नैला में स्थित पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जहां क्षात्राओं ने स्कूल में पढ़ने वाले भाइयों की कलाई में राखी बाँधी। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उनकी रक्षा का वचन दिया। रसूलाबाद नैला कटरा के पब्लिक स्कूल में शनिवार को रक्षाबंधन का त्योहार बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। जहां सबसे पहले शिक्षिकाओं ने कॉलेज के प्रबंधक व सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह यादव की कलाई में राखी बांधी और उनकी दीर्घायु की कामना की। वहीं प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह यादव ने शिक्षिकाओं को उपहार दिया और हर मोड़ पर उनके साथ खड़े रहने का वचन दिया। इस अवसर पर बच्चों ने एक.दूसरे को राखी बांधी और भाई.बहन के रिश्ते को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

रेलवे ट्रैक से शव बरामद, हत्या का आरोप

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम कोराई रेलवे ट्रैक से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने 20 वर्षीय युवक का शव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। शहर क्षेत्र के चक बिसौली गांव निवासी स्व. सुरेश का पुत्र निर्भय सिंह लखनऊ में रहकर पढ़ाई करता था। बताते हैं कि बीस दिन पूर्व वह घर आया था। जिसका शव कोराई के समीप रेलवे ट्रैक पर ग्रामीणों ने पड़ा देखा। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई।

ई-रिक्शा से टकराई बाइक, युवक गंभीर

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के 50 नंबर ओवर ब्रिज पर रविवार की सुबह ई-रिक्शा व बाइक की भिड़ंत में 22 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के दलीपुर गांव निवासी बद्री विशाल का पुत्र दिनेश रविवार की सुबह बाइक से शहर किसी काम से आया था। वापस लौटते समय जब वह 50 नंबर ओवर ब्रिज पर पहुंचा तभी सामने से आ रहे ई-रिक्शा से भिड़ंत हो गई।

कुछ जरूरी सावधानियां बचा सकती हैं आपके अपनों की जान : सीएमओ

डेंगू व मलेरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

लखीमपुर-खीरी। बरसात के मौसम में डेंगू व मलेरिया के मामलों में अक्सर वृद्धि होने लगती है। इसके कई कारण हो सकते हैं परंतु छोटी.छोटी सावधानियां को अपना कर हम इनसे बच सकते हैं। दरअसल बारिश में जगह.जगह पानी भरने की वजह से डेंगूध्मलेरिया के मच्छर पैदा होते हैं। इंसानों को काटने से इनका वायरस इंसान को प्रभावित करता है ऐसे में सबसे ज्यादा जरूरी है कि इन मच्छरों को पैदा होने से रोका जाए और खुद को इन्हें काटने से भी बचाया जाए। समय रहते इसका इलाज न मिलने पर कई बार व्यक्ति की मृत्यु भी हो जाती है।सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी करते हुए बताया है कि डेंगू को हड्डी तोड़ बुखार के भी कहा जाता है। इसके शुरुआती लक्षण नॉर्मल फ्यू या वायरल बुखार से मिलते.जुलते होते हैं। जिस वजह से लोग इसे अनदेखा कर देते हैं। वही मलेरिया का बुखार ज्यादा लगकर आता है उल्टी दस्त वह मतली भी महसूस हो सकती है। ऐसे में लक्षणों को पहचानने की भी आवश्यकता है परंतु कई बार दोनों ही मामलों में जब तबियत बहुत ज्यादा बिगड़ने लगती हैए तब लोग डॉक्टर के पास पहुंचते हैं। इस लापरवाही और जानकारी की कमी की वजह से लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। बारिश के मौसम में अगर आपको बुखारए सिर में तेज दर्द जैसी समस्याएं लगातार कई दिनों से बनी हुई हैंए तो तुरंत डेंगू का टेस्ट कराएं। साथ ही उन्होंने कहा कि जिलेभर में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डेंगू व मलेरिया की जांच की जाती है। आम लोगों को जागरूक करने के लिए गांव.गांव में स्वास्थ्य में जा रही हैं।

महिला चिकित्सक से बर्बरता के विरोध में डाक्टरों ने निकाला कैंडिल मार्च

दोषियों को फांसी सजा दिलाने व चिकित्सकों की सुरक्षा करने की मांग

जालौन (उरई)। पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ हुई घटना को लेकर प्राइवेट प्रैक्टिशनर डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकालकर महिला चिकित्सक के साथ हुई बर्बरता के खिलाफन्याय दिलाने की मांग की है। चिकित्सकों ने सरकार से दोषियों को शीघ्र फांसी की सजा दिलाने एवं चिकित्सकों की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात को ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी। पीड़ित डॉक्टर चेस्ट मेडिसिन विभाग में द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। रात करीब 12 बजे दोस्तों संग खाने के बाद वह सेमिनार हॉल में आराम करने चली गई थी। तभी उसके साथ बहुत ही दर्दनाक तरीके से रेप कर हत्या कर दी गई। मामले की जानकारी आने पर डॉक्टरों में गुस्से की लहर देखने को मिली। शनिवार की रात को नगर के प्राइवेट प्रैक्टिशनर डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकाल कर अपना गुस्सा दिखाया। कैंडल मार्च द्वारिकाधीश मंदिर परिसर से शुरू हुआ। जो झंडा चौराहा, सब्जी मंडी से पानी की टंकी होकर पुन: द्वारिकाधीश मंदिर पर पहुचकर समाप्त हुआ। बस स्टैंड स्थित गांधी स्मारक पर महिला डाक्टर की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। चिकित्सकों ने घटना को लेकर गुस्से का इजहार किया और घटना के आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की। इसके अलावा चिकित्सकों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष कानून बनाए जाने की भी मांग की गई। जिससे तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। इस मौके पर डॉ. एमपी सिंह, डॉ. वेदप्रकाश शर्मा, डॉ. बृजेंद्र दुबे, डॉ. आरके राजपूत, डॉ. डीके राजपूत, डॉ. अमित सिंह, डॉ. रंजना दुबे, डॉ. सुरेशचंद्र साहनी, डॉ. हरेंद्र सिंह, मौजूद रहे।

लखीमपुर में पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी

डीएम.एसपी ने कलक्ट्रेट में की बैठक,15 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम'

'23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को दो पालियों में होगी पुलिस भर्ती परीक्षा'

'प्रत्येक पाली में शामिल होंगे 4896 परीक्षार्थी'

लखीमपुर खीरी। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जिले में 15 परीक्षा केंद्रों पर 23ए 24ए 25ए 30 और 31 अगस्त को पुलिस भर्ती परीक्षा दो.दो सत्रों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली 10 बजे से मध्यान्ह 12 तक एवं दूसरी पाली अपराह्न 03 से शाम 05 बजे तक होगी। परीक्षा के प्रत्येक सत्र में 4896 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं पारदर्शीए सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कलेक्ट्रेट में बैठक ली। बैठक का संचालन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने नोडल अधिकारी ;पुलिसद्धए नोडल अधिकारी ;प्रशासनद्धए समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटए केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम.शर्तें हैंएउनके अनुरूप ही परीक्षा कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। सभी सम्बन्धित बोर्ड द्वारा जारी दिशा.निर्देशों का भलि.भांति अध्ययन कर सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। उन्होनें केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के अनुसार केन्द

राजनीतिक हित के लिए राष्ट्रहित को तिलांजलि देना ठीक नहीं : धनखड़

भाषा। जयपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राजनीतिक हित के लिए राष्ट्रहित को तिलांजलि देना ठीक नहीं है। धनखड़ ने कहा कि राजनीतिक रूप से वैचारिक मतभेद होना प्रजातंत्र की खूबी है, अलग-अलग विचार रखना प्रजातंत्र के गुलदस्ते की महक है, पर यह तब तक ही ठीक है जब राष्ट्रहित को तिलांजलि नहीं दी जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि नहीं रखेंगे तो जो यह राजनीतिक मतभेद हैं, यह राष्ट्रविरोधी बन जाते हैं। उपराष्ट्रपति ने रविवार को यहां अंगदान करने वाले परिवारों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों को ऐसे लोगों को समझना चाहिए जिनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि नहीं है और जो राजनीतिक और व्यक्तिगत हितों को इससे ऊपर रखते हैं।

धनखड़ ने कहा, और यदि वे अब भी कायम हैं, तो मैं सभी से इन ताकतों को बेअसर करने का आग्रह करता हूं जो इस राष्ट्र के विकास के लिए हानिकारक हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राजनीति में लोकतंत्र का अपना महत्व है, अलग-अलग विचार रखना लोकतंत्र के गुलदस्ते की खुशबू है, लेकिन यह तभी तक है जब तक राष्ट्रीय हित की बलि न दी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रीय हित से समझौता नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि "भारतीयतौ हमारी पहचान है।

उन्होंने कहा कि भारत में जो विकास हो रहा है और उसकी गति "अकल्पनीयै है, जिसके बारे में आज की पीढ़ी को कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने नई पीढ़ी से अपील की कि वे संविधान दिवस को इस रूप में देखें कि संविधान पर कब खतरा आया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि आपातकाल का काला अध्याय हाल के चुनावों के साथ समाप्त हो गया।

धनखड़ ने कहा, नहीं, हम आपातकाल के अत्याचारों को भूल नहीं सकते और इसीलिए भारत सरकार ने संविधान हत्या दिवस मनाने की पहल की है ताकि हमारी नई पीढ़ी को आगाह किया जा सके कि उन्हें पता होना चाहिए कि एक ऐसा भी कालखंड था जब आपके पास कोई भी मौलिक अधिकार नहीं थे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि अंगदान मानव स्वभाव का सर्वोच्च नैतिक उदाहरण है और नागरिकों को इसके प्रति सचेत प्रयास करने चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अंगदान को व्यावसायिक लाभ के लिए कमजोर वर्ग के शोषण का साधन नहीं बनने दिया जा सकता। इस कार्यक्रम का आयोजन जैन सोशल ग्रुप्स (जेएसजी) केंद्रीय संस्थान, जयपुर और दधीचि देह दान समिति, दिल्ली द्वारा किया गया था।

देहरादून सामूहिक दुष्कर्म मामले में बस का परिचालक, चालक सहित पांच गिरफ्तार

देहरादून (भाषा)। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में अंतरराज्ईय बस अड्डे (आईएसबीटी) में दिल्ली से आई एक बस में नाबालिग लड़की से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने रविवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने यहां बताया कि 12 अगस्त को हुई इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में उस बस का चालक और परिचालक भी शामिल हैं जिसमें इस अपराध को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम को घटना की जानकारी मिलने के बाद त्वरित कार्वाई करते हुए पुलिस ने घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए वारदात में इस्तेमाल उत्तराखंड परिवहन निगम की बस की पहचान की और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान उत्तराखंड के हरिद्वार के बुग्गावाला निवासी धर्मेंद्र कुमार (32) और राजपाल (57), हरिद्वार जिले के ही भगवानपुर निवासी देवेंद्र (52), देहरादून के पटेलनगर निवासी राजेश कुमार सोनकर (38) तथा उत्तर प्रदेश के फुंखाबाद जिले के नवाबगंज के रहने वाले रवि कुमार (34) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि धर्मेंद्र कुमार वारदात में प्रयुक्त हुई बस का चालक और देवेंद्र परिचालक है। रवि कुमार और राजपाल अन्य बसों के चालक हैं जबकि सोनकर बस अड्डे पर तैनात उत्तराखंड रोडवेज का कैशियर है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना में प्रयुक्त बस को कब्जे में ले लिया गया है तथा फॉरेंसिक टीम ने बस से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर लिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16-17 साल की लड़की को 12 अगस्त की देर रात आईएसबीटी देहरादून के प्लेटफार्म नंबर 12 पर एक बेंच पर बैठे देखकर इसकी सूचना देहरादून बाल कल्याण समिति को दी गई जिसने उसे सुरक्षा की दृष्टि से राजकीय बालिका निकेतन भेज दिया।

बालिका निकेतन में काउंसलिंग के दौरान लड़की ने अपने साथ कथित दुष्कर्म की बात बताई जिसके बाद समिति की सदस्य प्रतिभा जोशी ने शनिवार शाम पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पटेलनगर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 70(2) तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की जांच के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन करने के अलावा उन्होंने स्वंय पीड़ित बालिका से मिलकर घटना की जानकारी ली तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बालिका ने शुरुआती पूछताछ में बताया कि उसके माता-पिता नहीं हैं और वह पंजाब की रहने वाली है। बाद में उसने पुलिस को बताया कि वह उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की रहने वाली है और वह पहले मुरादाबाद से दिल्ली गई और फिर दिल्ली में कश्मीरी गेट से बस पकड़कर देहरादून आई जहां उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। उन्होंने बताया कि लड़की शुरू में बार-बार अपने बयानों को बदलती रही लेकिन बाद में उसने गहन पूछताछ के दौरान अपने परिजनों की जानकारी पुलिस को दी। परिजनों से संपर्क करने पर पता चला कि पीड़िता के माता-पिता जीवित हैं तथा पहले भी वह कई बार अपने घर से बिना बताए जा चुकी है।

जल निगम अभियंता की हत्या के दो आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

सुलतानपुर(भाषा)। उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में जल निगम के एक अधिशासी अभियंता की हत्या के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक संविदा सहायक अभियंता समेत दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोतवाली नगर के विनोवापुरी मोहल्ले में किराए के मकान में रहने वाले जल निगम के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार (40) की शनिवार को उनके कमरे में अज्ञात बदमाशों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अरुण चंद्र ने बताया कि जल निगम के अधिशासी अभियंता की उन्हीं के विभाग के संविदा सहायक अभियंता अमित कुमार और एक अन्य व्यक्ति प्रदीप ने कथित रूप से हत्या कर दी। इस संबंध में कोतवाली नगर में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीम गठित की गई थी। चंद्र ने बताया कि कोतवाली नगर प्रभारी को सूचना मिली कि अमित और प्रदीप दूबेपुर मोड़ से बनारस रोड होते हुए बनारस से बिहार भागने की फिराक में हैं जिसके बाद पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी। उन्होंने बताया कि रविवार तड़के आरोपी वहां आएं और उन्होंने पुलिस टीम को देखते ही गोलीबारी शुरू कर दी। एएसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने आत्मरक्षा के लिए जवाबी गोलीबारी की जिसमें अमित कुमार व प्रदीप दोनों घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों के पैरों में गोली लगी है और उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चंद्र ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अधिशासी अभियंता से किसी विवाद के बाद इस घटना को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपी बिहार के मूल निवासी हैं। इस घटना के संबंध में पुलिस से की गई शिकायत में मृतक संतोष के भाई ने दावा किया है कि उसका भाई जल जीवन मिशन में काम करने वाली एक फर्म को काली सूची में डालने की योजना बना रहा था। संतोष के भाई ने संदेह जताया है कि अमित कुमार ने भुगतान न किए जाने और फर्म के खिलाफ कार्रवाई की योजना बनाने के कारण संतोष कुमार की हत्या की है। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। कोतवाली नगर स्थित विनोबापूरी में शनिवार सुबह एक्सीईएन संतोष कुमार की उनके आवास पर हाथ-पैर बांधकर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मृतक अभियंता के भाई संजय कुमार ने इस घटना के सिलसिले में कोतवाली नगर में बिहार के मधुबनी निवासी सहायक अभियंता अमित कुमार और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है।

इस्लामिक विद्वान ने केरल में डीवाईएफआई के पोर्क चैलेंज की आलोचना की

कोच्चि (भाषा)। केरल की एक प्रभावशाली मुस्लिम संस्था से जुड़े एक इस्लामी विद्वान ने रविवार को डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) द्वारा आयोजित पोर्क चैलेंज (सुअर के मांस के सेवन की चुनौती) कार्यक्रम की आलोचना की। डीवाईएफआई ने हाल में वायनाड में हुए भूस्खलन के बाद पुनर्वास प्रयासों में सरकार की मदद करने के लिए केरल में धन एकत्र करने के मद्देनजर आयोजित कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में पोर्क चैलेंज का आयोजन किया था। समस्त केरल जमीयत-उल कुतबा समिति के एक प्रमुख नेता नसर फैजी कुडाथई ने केरल में सत्तारूढ़ माकपा की युवा इकाई डीवाईएफआई के इस कार्यक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि वामपंथी संगठन चैलेंज के नाम पर ईशनिंदा करने की कोशिश कर रहा है। डीवाईएफआई 30 जुलाई को वायनाड जिले में हुए विनाशकारी भूस्खलन के प्रभावित लोगों के पुनर्वास प्रयासों में मदद करने के लिए धन एकत्र करने के मद्देनजर आयोजित कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में राज्य भर में कई चुनौतियों और उत्सवों का आयोजन कर रहा है। इसके तहत डीवाईएफआई ने रविवार को कोठमंगलम में पोर्क चैलेंज का आयोजन किया। डीवाईएफआई कोठमंगलम उत्तर स्थानीय समिति के सचिव रंजीत ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह चुनौती सफल रही और उन्होंने 375 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से 517 किलोग्राम सूअर का मांस बेचा है। उन्होंने कहा, हम वायनाड में प्रभावित लोगों के लिए धन जुटाने के वास्ते कई चुनौतियों और उत्सवों का आयोजन कर रहे हैं। यहां सूअर का मांस बेचने के नाम पर किसी ने कोई समस्या नहीं खड़ी की। यहां सूअर के मांस का बहुत बड़ा बाजार है और हमने इन सभी कारकों पर विचार करने के बाद यह चुनौती देने का फैसला किया है। कुडाथई ने शनिवार को एक फेसबुक पोस्ट में दावा किया कि कई (भूस्खलन) प्रभावित लोग सूअर का मांस खाना वर्जित मानते हैं, लेकिन डीवाईएफआई इसे ऐसे लोगों को अपमानित करने के लिए एक चुनौती के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। डीवाईएफआई के राज्य सचिव वी.के. सनोज ने रविवार को कुडाथई के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे लोग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक और आवाज बन रहे हैं। सनोज ने कहा, केरल को यह बात समझनी चाहिए। क्या हमने किसी को पोर्क या गोमांस खरीदने के लिए मजबूर किया? वे सिर्फ पोर्क चैलेंज को लेकर ही क्यों चिंतित हैं? यह उनके सांप्रदायिक राजनीतिक एजेंडे के कारण है। केरल का समाज ऐसे सांप्रदायिक तत्वों को अच्छी तरह समझ लेगा।

मंत्री के चालक का शव फंदे पर लटका मिला

बरेली(भाषा)। उप्र के बरेली जिला मुख्यालय के सिविल लाइंस स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अतिथि गृह में राज्य सरकार के पशुधन मंत्री के कथित वाहन चालक का शव रविवार को फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के वाहन चालक राजवीर (46) ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उसने बताया कि राजवीर का शव फंदे पर लटका था और उसके कान में हेडफोन लगा हुआ था। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) दिनेश शर्मा ने बताया कि राजवीर सिंह बाराबंकी जिले का रहने वाला था और वह उत्तर प्रदेश सरकार में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह का वाहन चलाता था। शर्मा ने बताया कि राजवीर सिंह शनिवार को बरेली के पीडब्ल्यूडी अतिथि गृह में रुका हुआ था और उसने देर रात फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। शर्मा ने बताया कि राजवीर के परिवार वालों को घटना की सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि रविवार को उसे कई फोन किए गए लेकिन उसने किसी भी कॉल का जवाब नहीं दिया और जब मंत्री के गनर वहां पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था।

ओडिशा में सिम बॉक्स गिरोह का भंडाफोड़

भुवनेश्वर (भाषा)। भुवनेश्वर में एक अदालत ने रविवार को सिम बॉक्स गिरोह के आरोपी राजू मंडल को ओडिशा पुलिस की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओडिशा पुलिस ने बांग्लादेश के एक नागरिक द्वारा भुवनेश्वर से संचालित किए जा रहे सिम बॉक्स गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है, जो अंतरराष्ट्रीय कॉल को पाकिस्तान, चीन और पश्चिम एशिया में भेजता था।

सिम बॉक्स का इस्तेमाल मूल फोन नंबर को छिपाने के लिए किया जाता है। साइबर अपराध, आतंकवादी कृत्यों, जबरन वसूली व अन्य अवैध गतिविधियों के लिए अक्सर इसका इस्तेमाल किया जाता है। पश्चिम बंगाल के रहने वाले राजू मंडल को शनिवार को भुवनेश्वर में एक मकान से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से ।,000 से अधिक सिम कार्ड, राउटर और अन्य उपकरण जब्त किए गए। पत्रकारों से बात करते हुए भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त प्रतीक सिंह ने कहा, हमने राजू मंडल के लिए 14 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन अदालत ने पांच दिन की रिमांड दी। पूछताछ के दौरान मंडल ने कथित तौर पर खुलासा किया कि वह शहर में कई स्थानों से सिम बॉक्स संचालित कर रहा था, जिसमें कटक का एक स्थान भी शामिल है, जिसकी पुलिस जांच करेगी। भुवनेश्वर-कटक आयुक्तालय के पुलिस आयुक्त संजीव पांडा ने कहा, मंडल भुवनेश्वर में किराए पर लिए गए मकान से बांग्लादेशी नागरिक असद-उर-जमान के इशारे पर गिरोह का संचालन करता था। उसका काम यूपीएस, इंटरनेट और अन्य सेवाओं का निर्बाध संचालन सुनिश्चित करना था।

पांडा ने बताया, मंडल से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि सिम बॉक्स का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय कॉल को पाकिस्तान, चीन और पश्चिम एशिया भेजने के लिए किया जाता था। मंडल पश्चिम बंगाल में रहता था, लेकिन वह सिम बॉक्स से जुड़ी किसी भी समस्या को दूर करने और मरम्मत एवं रखरखाव संबंधी कार्यों के लिए अक्सर भुवनेश्वर स्थित किराए के मकान में जाता था। उन्होंने कहा, बांग्लादेशी नागरिक असद ने अक्टूबर 2023 में अगरतला के रास्ते भारत में प्रवेश किया था और भुवनेश्वर आया था। वह उसी साल दिसंबर में बांग्लादेश वापस चला गया था।

मोदी एमपॉक्स की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं: प्रधानमंत्री के प्रधान सलाहकार

नई दिल्ली(भाषा)। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से मंकी पॉक्स (एमपॉक्स) को लेकर सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति घोषित किए जाने के बाद रविवार को भारत में इसके मद्देनजर तैयारी की स्थिति और संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सलाहकार पी के मिश्रा ने कहा कि देश में एमपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है और वर्तमान मूल्यांकन के अनुसार इसका व्यापक स्तर पर फैलने का जोखिम कम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एमपॉक्स की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

मध्य और पूर्वी अफ्रीका में संक्रामक एमपॉक्स के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। वहीं, अफ्रीका से बाहर एमपॉक्स का पहला मामला दर्ज किया गया है। इसके मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दिया है। आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी की सलाह के अनुसार मिश्रा ने देश में एमपॉक्स की तैयारी की स्थिति और संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी के पॉल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव अपूर्व चंद्रा, स्वास्थ्य अनुसंधान सचिव डॉ. राजीव बहल, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य सचिव कृष्णा एस वत्स, सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू और गृह सचिव गोविंद मोहन सहित अन्य मंत्रालयों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव को बताया गया कि एमपॉक्स संक्रमण आमतौर पर 2-4 सप्ताह तक प्रभावी रहता है और एमपॉक्स के रोगी आमतौर पर सहायक चिकित्सा देखभाल एवं प्रबंधन के साथ ठीक हो जाते हैं। स्वास्थ्य सचिव चंद्रा ने बैठक में बताया कि भारत में इसके खतरे का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा 12 अगस्त को विशेषज्ञों की एक बैठक बुलाई गई थी और बचाव के लिए सभी उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर स्वास्थ्य दलों की ओर से निगरानी की जा रही है और राज्यों को भी इस संदर्भ में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बयान के अनुसार, मिश्रा ने निर्देश दिया कि निगरानी बढ़ाई जाए और मामलों का तेजी से पता लगाने के लिए प्रभावी उपाय किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षण प्रयोगशालाओं के नेटवर्क को शीघ्र निदान के लिए तैयार किया जाना चाहिए। वर्तमान में 32 प्रयोगशालाएं परीक्षण के लिए तैयार हैं। मिश्रा ने निर्देश दिए कि बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए प्रोटोकॉल को बड़े पैमाने पर प्रसारित किया जा सकता है। उन्होंने बीमारी के संकेतों और लक्षणों के बारे में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाने और निगरानी प्रणाली को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

करुणानिधि भारतीय राजनीति और समाज की दिग्गज हस्ती: मोदी

चेन्नई (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री रहे दिवंगत एम. करुणानिधि को भारतीय राजनीति, साहित्य व समाज की एक दिग्गज हस्ती बताया है। मोदी ने करुणानिधि के बेटे और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को भेजे संदेश में कहा कि तमिल भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए दिवंगत नेता के प्रयासों को लोग आज भी याद करते हैं। स्टालिन ने करुणानिधि के 100वें जयंती वर्ष के अवसर पर स्मृति सिक्का जारी होने पर मोदी का संदेश रविवार को एक्स पर साझा किया। मुख्यमंत्री ने मोदी का आभार व्यक्त किया। स्टालिन ने कहा, मैं मुथामिज अरिग्नार कलैग्नार (करुणानिधि) के 100वें जयंती वर्ष के अवसर पर स्मृति सिक्का विमोचन समारोह की शानदार सफलता में सहयोग देने और शुभकामनाओं के लिए माननीय प्रधानमंत्री थिरु नरेन्द्र मोदी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि करुणानिधि भारतीय राजनीति, साहित्य और समाज की एक दिग्गज हस्ती थे। वह तमिलनाडु के विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रगति के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। एक राजनेता के रूप में, एक मुख्यमंत्री के रूप में थिरु कलैगनार करुणानिधि जी ने हमारे देश के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी।

पेज 1 का शेष

कोलकाता...

रिपोर्ट देने को कहा है। राज्य पुलिस बलों को भेजे गए एक संदेश में गृह मंत्रालय ने कहा कि विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर सभी राज्यों की कानून और व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखी जानी चाहिए।

सीबीआई..

टेलीविजन अभिनेत्री सुदीप्त ने कहा, हम सभी डरे हुए हैं...कोलकाता डर गया है, बंगाल डर गया है, भारत डर गया है, दुनिया डर गई है, आप अपने कार्यस्थल पर किस पर विश्वास करेंगे, अब क्या महिलाओं को बाहर जाकर कुछ कहना बंद कर देना चाहिए और यहां पुलिस आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही है।

झारखंड...

आप मुख्यमंत्री के तौर पर किसी कार्यक्रम में नहीं जा सकते। उन्होंने लिखा, क्या लोकतंत्र में इससे अपमानजनक कुछ हो सकता है कि एक मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों को कोई अन्य व्यक्ति रद्द करवा दे। सोरेन ने कहा, मुझे कभी भी सत्ता का लोभ रत्ती भर भी नहीं था, लेकिन आत्म-सम्मान पर लगी इस चोट को मैं किसे दिखाता। अपनों द्वारा दिए गए दर्द को कहां जाहिर करता। कहने को तो विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार मुख्यमंत्री का होता है, लेकिन मुझे बैठक का एजेंडा तक नहीं बताया गया था। बैठक के दौरान मुझसे इस्तीफा मांगा गया। मैं आश्चर्यचकित था, लेकिन मुझे सत्ता का मोह नहीं था, इसलिए मैंने तुरंत इस्तीफा दे दिया, लेकिन आत्म-सम्मान पर लगी चोट से दिल भावुक था। सोरेन ने कहा, मुझे ऐसा लगा, मानो उस पार्टी में मेरा कोई वजूद ही नहीं है, कोई अस्तित्व ही नहीं है, जिस पार्टी के लिए हमने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। मैंने भारी मन से विधायक दल की उसी बैठक में कहा कि आज से मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा, आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव तक मेरे लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं। इससे पहले, दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद सोरेन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के किसी नेता से मुलाकात नहीं की है और वह राष्ट्रीय राजधानी में एक निजी यात्रा पर हैं। शुक्रवार को मीडिया में आईं कुछ खबरों में दावा किया गया कि झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले सोरेन भाजपा में शामिल हो सकते हैं। लेकिन सोरेन ने शनिवार को कहा था कि उन्हें अटकलों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। दिल्ली रवाना होने से पहले उन्होंने संवाददाताओं से कहा था, मुझे ऐसी अटकलों और खबरों के बारे में कुछ नहीं पता वह जहां हैं वहीं हैं। जब भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी से सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरे पास कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। मुझे केवल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिल रही है।

उत्तर प्रदेश...

दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी पुरुष हैं। मृतकों की पहचान अलीगढ़ जिले के पाली थाना इलाके के अहेरिया नगला निवासी मुकुट सिंह, दीन नाथ, ब्रजेश, शिशुपाल, बाबू सिंह, गिरिजा सिंह और सुगरपाल के आवाला बुलंदशहर जिले के रामघाट थाना इलाके के ऊंचा गांव निवासी ओमकार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अलीगढ़ की अतरौली तहसील के गांव अहेरिया नगला के मजदूर गाजियाबाद स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिए सभी मजदूर रविवार सुबह करीब आठ बजे गाजियाबाद से पिकअप में सवार होकर अपने-अपने गांव लौट रहे थे। जब वह सलेमपुर पहुंचे तो एक तेज रफ्तार निजी बस ने साइड से टक्कर मार दी। जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई। इससे पिकअप सवार लोग उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सड़क पर गिरे घायलों को उठाया और निजी वाहनों व एंबुलेंस की मदद से निजी अस्पताल के साथ जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद घटना स्थल पर चीख-पुकार मच गई, हर कोई मौके की ओर दौड़ा और घायलों को सड़क से उठाकर एक ओर किया। साथ ही बस में फंसे चालक को भी निकालने का प्रयास किया। बाद में लोगों ने क्रेन की मदद से बस में फंसे चालक को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शी लोगों के मुताबिक बदायूं से दिल्लली के लिए संचालित होने वाली बस का चालक तेज गति से एक अन्य वाहन को ओवरटेक कर रहा था। जबकि सड़क पर वाहनों की संख्या अधिक होने के चलते पिकअप चालक सड़क किनारे रोड पटरी पर चला रहा था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सुबह करीब 10.15 बजे हादसा हुआ, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन करीब आधा घंटा देरी से पुलिस मौके पर पहुंची। राजकुमार, रोहताश, उमेश, सुमित ने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही और मिलीभगत से संचालित डग्गामार बसों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है।

रूल ऑफ...

सीएम योगी ने कहा कि कॉपर्स फंड की राशि 200 करोड़ से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये कर दिया है। आवश्यकता पड़ने पर इसमें वृद्धि भी करेंगे। इसके ब्याज से ही अधिवक्ताओं को कोई समस्या नहीं होगी। मृतक अधिवक्ता के आश्रित के लिए अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि डेढ़ लाख से बढ़ाकर पांच लाख की गई। आयु भी 60 से बढ़ाकर 70 वर्ष की गई। सीएम योगी ने बताया कि 2017-18 से अब तक 2754 स्मृतिशेष अधिवक्ताओं के परिजनों को 134 करोड़, 32 लाख, 50 हजार की राशि उपलब्ध कराई गई है। आज 577 अधिवक्ताओं के परिजनों को 28 करोड़ 31 लाख रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। 12 ऐसे आश्रित हैं, जिन्हें 50 हजार रुपये व 565 आश्रितों को पांच-पांच लाख उपलब्ध कराया गया है। 3758 युवा अधिवक्ताओं को तीन वर्ष तक पुस्तक-पत्रिका क्रय करने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दस जनपदों में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट नहीं बन पाए थे। वहां इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स जल्द से जल्द बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिवक्ताओं के लिए चैंबर, कैंटीन, पार्किंग,वादिकारियों के बैठने की व्यवस्था भी यहां होगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 10 हजार अधिवक्ताओं के बैठने के लिए चैंबर व मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण हो रहा है। उनके लिए सरकार ने 608 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नाम पर प्रयागराज में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का शुभारंभ 16 फरवरी को हो चुका है। इसके लिए राज्य सरकार ने 387 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई है। इस अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, वरिष्ठ न्यायमूर्ति एआर मसूदी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र, बार कौंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़, अवध हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष आरडी शाही, प्रमुख सचिव (न्याय) विनोद सिंह रावत आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने मृतक अधिवक्ताओं की आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये का चेक देकर सहायता राशि प्रदान की। सीएम ने मृतक अधिवक्ताओं की आश्रित पूनम श्रीवास्तव पत्नी स्व. अखिलेश श्रीवास्तव, शुभ्रा कुमार के पति संदीप कुमार, गायत्री मिश्रा स्व. हरीश चंद मिश्र, नीलिमा गुप्ता पत्नी स्व. प्रवीण कुमार गुप्ता, कुसुम श्रीवास्तव पत्नी स्व. देवकी नंदन श्रीवास्तव, शोभारानी पांडेय पत्नी स्व. दिनेश चंद्र पांडेय, प्रतीक्षा खरे पत्नी स्व. अभिषेक आनंद, संगीता सिंह पत्नी स्व. महेश सिंह, चंदा कुमारी पत्नी स्व. अमरेंद्र कुमार, कृष्णा गुप्ता पत्नी स्व. अनिल कुमार गुप्ता को पांच-पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

बाल अधिकार ....

कानून के दायरे से बाहर की गतिविधि में निधि का दुरुपयोग भारत के संविधान और बाल अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र समझौता का सीधे तौर पर उल्लंघन है। उन्होंने मांग की की संयुक्त राष्ट्र को भारत में इसकी जांच करनी चाहिए।

इस बार...

राखियों की एक विशेषता यह भी है कि इनमें देश के विभिन्न शहरों के मशहूर उत्पादों से विशेष प्रकार की राखियाँ भी बनाई गईं हैं जिनमें नागपुर में बनी खादी राखी, जयपुर में सांगानेरी कला राखी, पुणे में बीज राखी, मध्य प्रदेश के सतना में ऊनी राखी, आदिवासी वस्तुओं से बनी बांस की राखी, असम में चाय पत्ती राखी, कोलकाता में जूट राखी, मुंबई में रेशम राखी, केरल में खजूर राखी, कानपुर में मोती राखी, बिहार में मधुबनी और मैथिली कला राखी, पांडिचेरी में सॉफ्ट पत्थर की राखी, बैंगलोर में फूल राखी आदि शामिल हैं।

कांग्रेस सरकारों की तुष्टीकरण की नीति के कारण शरणार्थियों को नागरिकता अधिकार नहीं दिए गए

शाह ने गुजरात में 188 हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाणपत्र सौंपे

भाषा। अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की अगुवाई वाली पिछली सरकारों की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण देश में बड़ी संख्या में शरणार्थियों को नागरिकता अधिकार नहीं दिए गए। शाह ने गुजरात में 188 हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाणपत्र देने के बाद अहमदाबाद में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लाखों शरणार्थियों को उनके अधिकार तथा न्याय देने के लिए है।

उन्होंने मुसलमानों को भी आश्वासन दिया कि सीएए में किसी की भी नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है क्योंकि यह नागरिकता देने के बारे में है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की पिछली सरकारों की तुष्टीकरण की नीति के कारण शरण के लिए देश में आए लोगों को उनका अधिकार और न्याय 1947 से 2014 तक नहीं मिला। शाह ने कहा, उन्हें (शरणार्थियों को) न केवल पड़ोसी देशों में हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख होने के कारण प्रताड़ित किया गया बल्कि हमारे देश में भी लाखों-करोड़ों लोग तीन पीढ़ियों से न्याय के लिए तरस रहे हैं। शाह ने कहा कि पिछली सरकारों ने करोड़ों घुसपैठियों को देश में घुसने दिया और उन्हें अवैध रूप से नागरिक बना दिया, लेकिन उन्होंने कानून का पालन करने वाले और इसके लिए आवेदन करने वाले लोगों को यह कहकर नागरिकता देने से इनकार कर दिया कि इसके लिए कोई कानूनी प्रावधान नहीं है । शाह ने कहा, मैं इस मंच से पिछली सरकारों के मुखियाओं से पूछना चाहता हूं कि अपनी बहनों-बेटियों और अपनी संपत्तियों को बचाने के लिए यहां आए लोगों का क्या दोष था कि वे इस देश के नागरिक नहीं बन सके।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, कानून पारित होने के बाद सभी को गुमराह किया गया कि इससे मुसलमानों के साथ अन्याय होगा और वे अपनी नागरिकता खो देंगे। आज मैं मुसलमान समुदाय को फिर से स्पष्ट करना चाहता हूं कि इस कानून में किसी की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। यह कानून नागरिकता देने के लिए है। शाह ने कहा कि हालांकि आज भी कुछ राज्य सरकारें लोगों को गुमराह कर रही हैं।शाह ने कहा, नागरिकता देने वाले ऐसे कानून की अनुपस्थिति ने यह सुनिश्चित किया कि हमारे देश के लोग अपने ही देश में बेसहारा रहें। इससे बड़ा दुर्भाग्य और विडंबना क्या हो सकती है? इतने सालों तक तुष्टीकरण की नीति के कारण यह नहीं हो सका। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में कानून लाने का फैसला किया और मुझे संसद में कानून पारित कराने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि विभाजन के समय बांग्लादेश में 27 प्रतिशत हिंदू थे लेकिन उनका जबरन धर्म परिवर्तन किया गया जिससे आज वे केवल नौ प्रतिशत रह गए हैं। शाह ने कहा, बाकी लोग कहां गए? या तो उनका जबरन धर्म परिवर्तन किया गया या वे शरण लेने के लिए यहां आए। क्या उन्हें अपने धर्म के अनुसार जीने का अधिकार नहीं है? अगर वे पड़ोसी देश में सम्मान के साथ नहीं रह सकते और हमारे देश में शरण लेते हैं तो हमें क्या करना चाहिए? हम मूकदर्शक बनकर नहीं बैठ सकते। यह नरेन्द्र मोदी सरकार है, आपको न्याय मिलेगा।

उन्होंने देश भर में मौजूद शरणार्थियों से कहा कि वे बिना किसी हिचकिचाहट के नागरिकता के लिए आवेदन करें क्योंकि इससे उनकी नौकरी या उनकी संपत्ति पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

गुजरात में वायरल इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई

अहमदबाद। (भाषा) गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने वायरल इंसेफेलाइटिस और चांदीपुरा वायरस के संदिग्ध मामलों की वर्तमान स्थिति और राज्य में इन बीमारियों के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों की बृहस्पतिवार को समीक्षा की। इंसेफेलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन) चांदीपुरा वायरस के लक्षणों में से एक है। पटेल ने बैठक के बाद कहा कि सरकार मच्छर-मक्खियों द्वारा प्रसारित बीमारियों पर नियंत्रण तथा चांदीपुरा वायरस और इंसेफेलाइटिस मामलों की रोकथाम के लिए एक बड़ा अभियान शुरू करेगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार वर्तमान में राज्य में वायरल इंसेफेलाइटिस के कुल 33 संदिग्ध मामले आए हैं। इनमें से 30 गुजरात के निवासी हैं और तीन बाहर से आए हैं, जो राज्य के अस्पतालों में भर्ती हैं। राज्य सरकार बुधवार तक कह रही थी कि ए चांदीपुरा वायरस के संदिग्ध मामले हैं, जिसके मरीजों में फ्लू जैसे लक्षण हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने समीक्षा बैठक के बाद बताया कि इनमें से 16 मरीजों की मौत हो गई है जबकि अन्य का उपचार किया जा रहा है। राज्य सरकार ने बुधवार को बताया कि इनमें से एक मरीज, अरावली जिले के एक गांव की चार वर्षीय बच्ची है जिसकी मौत चांदीपुरा वायरस से हो गई है। चांदीपुरा वायरस एक ऐसा वायरस है जो तीव्र इंसेफेलाइटिस का कारण बनता है। यह गुजरात में चांदीपुरा वायरस से मौत का पहला मामला था, जिसकी पुष्टि हुई है।

महायुति सरकार स्वार्थी है, भाई-बहन के रिश्ते को पैसे के चश्मे से देखती है: सुप्रिया

धुले। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने लाडकी बहिन योजना को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को सरकार पर बेहद स्वार्थी होने और भाई-बहन के रिश्ते को धन के चश्मे से देखने का आरोप लगाया। धुले जिले में पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए सुले ने दावा किया कि राज्य में महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना शुरू की गई है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति को झटका लगा है। महायुति में शिवसेना, भाजपा और राकांपा शामिल हैं। कांग्रेस, राकांपा (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) के महा विकास आघाडी (एमवीए) ने इस साल की शुरुआत में हुए लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट में से 30 पर जीत हासिल करके महायुति गठबंधन को करारी शिकस्त दी थी। भाजपा ने 2019 में 23 सीट जीती थीं, जिनमें से 14 सीट पर उसे हार मिली है। उन्होंने कहा कि अगर यह पैसा आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं) को दिया जाता तो इससे उनका अगले दस साल तक जीवनयापन हो सकता था।सुले ने कहा, महिलाओं ने मुझे बताया कि लाडकी बहिन योजना से ज्यादा वे सोयाबीन और कपास के लिए अच्छा एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य), बेरोजगारों के लिए रोजगार और मुद्रास्फीति पर रोक चाहती हैं। एक आशा कर्मी ने कहा कि उनके लिए घोषित वेतन वृद्धि के लिए जीआर (सरकारी प्रस्ताव) अभी तक जारी नहीं किया गया है। राकांपा (एसपी) की लोकसभा सदस्य ने कहा कि राज्य सरकार समझ नहीं पाई है कि महिलाएं क्या चाहती हैं। सुले ने आरोप लगाया, यह एक बेहद स्वार्थी सरकार है। यह भाई-बहन के रिश्ते को पैसे के चश्मे से देखती है।

अजित पवार को काले झंडे दिखाए गए राकांपा ने फडणवीस से मांगा स्पष्टीकरण

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे जिले के जुन्नार इलाके में रविवार को जन सम्मान यात्रा के दौरान उपमुख्यमंत्री अजित पवार को कुछ लोगों के एक समूह ने काले झंडे दिखाए। प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोगों ने भाजपा के झंडे लिए हुए थे और उन्होंने आधिकारिक समारोह आयोजित करने तथा सहयोगियों को दरकिनार करने के लिए पवार की आलोचना की।राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रवक्ता अमोल मिटकरी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस घटना पर स्पष्टीकरण मांगा। ।कांपा, भाजपा और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना राज्य में सत्तारूढ़ महायुति के घटक दल हैं। पुणे जिले के जुन्नार तालुका के नारायणगांव में अपनी जन सम्मान यात्रा के दौरान पवार ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों और पर्यावरणविदों के साथ विकास कार्यों और स्थानीय मुद्दों पर बैठक की। उन्होंने निर्देश जारी किए कि विकास कार्य पर्यावरण अनुकूल होने चाहिए। एक्स पर राकांपा नेता मिटकरी के खाते एक समाचार चैनल की क्लिप पोस्ट की गई जिसमें पवार के जुन्नार पहुंचने पर कुछ लोगों को काले झंडे और भाजपा के झंडे लेकर नारे लगाते हुए देखा गया है। मिटकरी ने कहा कि राज्य विधानसभा चुनाव से पहले जन सम्मान यात्रा राकांपा का एक अलग कार्यक्रम है। राकांपा नेता ने कहा, जिन लोगों ने काले झंडे दिखाए, उन्हें भी अलग से ऐसा करना (यात्रा निकालना) चाहिए। देवेंद्र फडणवीस को इस घटना पर तुरंत स्पष्टीकरण देना चाहिए।

अगले छह महीनों में कर्नाटक में भाजपा के आधे नेता जेल में होंगे

बेंगलुरु (भाषा) कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने रविवार को कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आधे नेता अगले छह महीने में या तो जेल में होंगे या जमानत के लिए चक्कर लगाएंगे, क्योंकि कांग्रेस नीत सरकार पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के मामलों की तह तक जाएगी।

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) में भूखंड आवंटन घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा अनुमति दिए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रियंक ने कहा कि कांग्रेस ने प्रतिशोध के तहत किसी के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की, क्योंकि उसकी पहली प्राथमिकता सुशासन है।खरगे ने यहां संवाददाताओं से कहा, सरकार के तौर पर हमारी पहली प्राथमिकता कुशल शासन देना है, न कि प्रतिशोध में कार्वाई करना। लेकिन हां, यह भी कहा जा सकता है कि पिछली सरकार में काफी अनियमितताएं हुई थीं। मंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं के खिलाफ 35 से अधिक मामले हैं और तीन से चार मामलों में अंतरिम रिपोर्ट पेश की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने आपराधिक जांच विभाग की एक विशेष जांच टीम गठित की है। खरगे ने कहा, हम इन मामलों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हम इन मामलों की तह तक पहुंचेंगे। इसमें समय लगता है। पिछली सरकार में बहुत भ्रष्टाचार हुआ था। हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं आपको फिर से आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगले छह महीनों में भाजपा के आधे नेता जेल में होंगे या जमानत के लिए चक्कर लगाएंगे। एक सवाल पर खरगे ने कहा कि सिद्धरमैया के खिलाफ मामले को भाजपा नेता तार्किक अंजाम तक नहीं ले जा सकते क्योंकि उनके पास कोई सबूत नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा, वे केवल यही कर सकते हैं कि वे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और राज्यपाल का इस्तेमाल करके मामले को बनाए रखें। राज्य में राजनीतिक घमासान के लिए राज्यपाल गहलोत को जिम्मेदार ठहराते हुए खरगे ने आरोप लगाया कि राज्यपाल कठपुतली हैं और कर्नाटक के संवैधानिक प्रमुख नहीं हैं। मंत्री ने आरोप लगाया, दुर्भाग्य से राज्यपाल के पद से समझौता किया गया है और वह भाजपा कार्यकर्ता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। एक सवाल पर उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कभी जनादेश के जरिए सत्ता में नहीं आई, बल्कि उसने जनादेश चुराया है। खरगे ने कहा कि यही एकमात्र तरीका था जिससे भाजपा कर्नाटक या अन्य जगहों पर सत्ता में आ सकती थी।

एयर इंडिया के चालक दल की महिला सदस्य पर लंदन के एक होटल में हमला

नई दिल्ली, मुंबई, (भाषा)। एअर इंडिया के चालक दल की एक महिला सदस्य पर इस सप्ताह की शुरुआत में लंदन के एक होटल में एक घुसपैठिए ने कथित तौर पर हमला कर दिया। सूत्रों के अनुसार, एयरलाइन इस मामले को लेकर स्थानीय पुलिस से बातचीत कर रही है। एअर इंडिया के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि एयरलाइन एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कंपनी द्वारा संचालित एक होटल में घुसपैठ की गैरकानूनी घटना से बहुत व्यथित है, जिससे उसके चालक दल की एक सदस्य प्रभावित हुई है।

सूत्रों के मुताबिक, एक बेघर व्यक्ति होटल के उस कमरे में घुस गया, जिसमें चालक दल की महिला सदस्य ठहरी हुई थी और उसने उसके साथ बदसलूकी की। उन्होंने बताया कि महिला के चिल्लाने पर आसपास के कमरों में ठहरे हुए अन्य लोग वहां पहुंचे और घुसपैठिए को पकड़ लिया।एक सूत्र ने बताया कि चालक दल की महिला सदस्य का होटल में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया, जबकि दो अन्य सूत्रों ने दावा किया कि महिला से मारपीट की गई।

सूत्रों के अनुसार, यह घटना लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे के पास स्थित एक होटल में हुई। उन्होंने बताया कि पीड़िता भारत लौट आई है और उसकी

एक बेघर व्यक्ति होटल के उस कमरे में घुस गया जिसमें चालक दल की महिला सदस्य ठहरी हुई थी और उसने उसके साथ बदसलूकी की

काउंसिलिंग की जा रही है। इस घटना के बाद एयरलाइन के कर्मचारियों ने सुरक्षा मुद्दों को लेकर कंपनी के आंतरिक संचार मंच पर शिकायत की। एक सूत्र ने बताया कि इनमें से एक शिकायत में दावा किया गया है कि होटल कर्मचारी रात को उपलब्ध नहीं थे और होटल परिसर में लोगों के आने-जाने पर कोई नियंत्रण नहीं था। एयरलाइन ने बयान में कहा कि वह अपनी कर्मचारी को पेशेवर काउंसिलिंग समेत हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रही है। बयान के मुताबिक, एअर इंडिया मामले को कानूनी रूप से आगे बढ़ाने के लिए स्थानीय पुलिस और होटल प्रबंधन के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। हम इस घटना से जुड़े लोगों की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करते हैं। एयरलाइन ने रविवार को एक नए बयान में कहा कि उसने वहां ठहरे अपने सहकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होटल के वर्तमान प्रबंधन से संपर्क किया है।

कंपनी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, हमें आश्वासन दिया गया है कि जब तक हमारे सहकर्मियों को किसी अन्य होटल में स्थानांतरित नहीं कर दिया जाता, तब तक सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। एयरलाइन ने कहा कि हम भी इस घटना को लेकर उतने ही चिंतित हैं जितने आप सभी हैं तथा इस घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। एयरलाइन ने यह भी कहा कि उसने तत्काल कदम उठाए तथा अपने सहकर्मियों को दूसरे होटल में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया।टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन के अनुसार, वह कर्मचारियों की प्रतिक्रिया और आंतरिक समीक्षा के आधार पर प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय होटल श्रृंखलाओं में यात्रा और ठहरने की व्यवस्था की निरंतर समीक्षा करती है। इस बीच टाटा समूह की एयरलाइन एअर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने विभिन्न स्थानों और लंबे ठहरावों पर उन्हें प्रदान की जाने वाली आवास व्यवस्था के बारे में चिंता जताई है।

जम्मू-कश्मीर में भाजपा नहीं करेगी चुनाव पूर्व कोई गठबंधन: रविन्द्र रैना

जम्मू। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविन्द्र रैना ने कहा है कि पार्टी जम्मू कश्मीर में चुनाव पूर्व कोई गठबंधन नहीं करेगी। रैना ने बताया कि कश्मीर घाटी में आठ से 10 निर्दलीय उम्मीदवारों से बातचीत हो रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और जल्द ही उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा की जाएगी। रैना ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा जम्मू-कश्मीर में किसी भी राजनीतिक दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा, "हम कश्मीर घाटी में आठ से 10 निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ बातचीत कर रहे हैं। अगर ए चर्चाएं सफल होती हैं तो हम संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार करेंगे"। उन्होंने कहा कि भाजपा कश्मीर घाटी में अपने उम्मीदवार उतारेगी और बहुमत से चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा, "हम जम्मू-कश्मीर में अधिकांश सीट पर चुनाव लड़ेंगे। हालांकि हम कश्मीर (घाटी) में कुछ निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की रणनीति पर काम कर रहे हैं"। पूर्व मंत्री चौधरी जुल्फिकार अली के भाजपा में शामिल होने पर रैना ने कहा कि राजौरी-पुंछ क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है और वह एक प्रमुख नेता हैं। उनके शामिल होने से भाजपा को मजबूती मिलेगी"।

ओडिशा में भ्रष्टाचार के आरोप में जीएसटी अधिकारी समेत तीन गिरफ्तार किए गए

भुवनेश्वर। ओडिशा सतर्कता विभाग ने रिश्वत, कर चोरी और सरकार को हानि पहुंचाने के आरोप में वाणिज्यिक कर एवं जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) अधिकारी समेत तीन लोगों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जाजपुर की प्रवर्तन इकाई के सहायक आयुक्त बिनय भूषण त्रिपाठी और दो व्यक्तियों ज्योति पटनायक एवं मोहम्मद गुलाम साद को कर चोरी और 5.85 लाख रुपए से अधिक के सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। विभाग के अनुसार, त्रिपाठी ने इस साल मई में जाजपुर जिले के रेवेना में 8.89 लाख रुपए का कबाड़ ले जा रहे एक मालवाहक वाहन को रोका था। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ढाबे पर वाहन को रोक लिया और वाहन को छोड़ने के लिए मालिक से 2.5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। विभाग ने बताया कि रिश्वत नहीं मिलने पर त्रिपाठी ने जीएसटी कानूनों का उल्लंघन करते हुए पूरे कबाड़ को दूसरे कबाड़ डीलर को अवैध रूप से बेच दिया और नाममात्र कर वसूला तथा 5.85 लाख रुपए का गबन किया।

इसरो के एसएसएलवी की नजर छोटे उपग्रह कारोबार में पैठ बनाने पर

नई दिल्ली।(भाषा) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) का नवीनतम उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएसएलवी अपनी श्रेणी का पहला रॉकेट है, जो व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह दो अन्य रॉकेट स्काईरूट के विक्रम और अग्निकुल कॉसमॉस के अग्निबाण के साथ छोटे उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने के मामले में अंतरिक्ष उद्योग में प्रतिस्पर्धा करेगा।

अंतरिक्ष उद्योग के अनुमान के अनुसार, भारत में उपग्रह प्रक्षेपण बाजार के 2033 तक 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2022 में 72 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। इसके अलावा इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने से लेकर पृथ्वी अवलोकन तक कई अनुप्रयोगों के लिए छोटे उपग्रह के पहली पसंद होने का अनुमान है। भारतीय अंतरिक्ष संघ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल ए. के. भट्ट (सेवानिवृत्त) ने पीटीआई-भाषा को बताया, "बड़े प्रक्षेपण यान मौजूद हैं, लेकिन बड़ी संख्या में उपग्रहों के प्रक्षेपण के कारण कंपनियां इंतजार नहीं करना चाहती हैं, वे जितनी जल्दी हो सके उपग्रह प्रक्षेपित करना चाहती हैं और छोटे यान उनके लिए विशेष तौर पर तैयार किए गए हैं"। पिक्सल इस साल के अंत में अपने हाइपर-स्पेक्ट्रल उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने के लिए इसरो के प्रक्षेपण वाहनों का उपयोग करने पर भी विचार कर रहा है। पिक्सल के सीईओ अवैस अहमद ने जुलाई में पीटीआई-भाषा को बताया, "फिलहाल हम जो छह उपग्रह बना रहे हैं, उनमें से तीन को स्पेसएक्स और तीन को इसरो प्रक्षेपित करेगा। भट्ट ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) भी विभिन्न सरकारी मंत्रालयों के साथ उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए छोटे उपग्रहों का एक समूह बनाने के लिए चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा, "ए उपग्रह भारतीय कंपनियां बनाएंगी और इससे घरेलू प्रक्षेपण वाहनों के लिए बाजार खड़ा करने में मदद मिलेगी"। हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेस ने स्टेज-2 इंजन का परीक्षण किया है, जो विक्रम-। रॉकेट को ऊर्जा देगा, जिसे इस साल के अंत में प्रक्षेपित करने की योजना है। कलाम-250 नामक स्टेज-2 इंजन प्रक्षेपण वाहन को अंतरिक्ष के वायुमंडल से बाहरी अंतरिक्ष के गहरे वैक्यूम में ले जाएगा।

आईआईटी-मद्रास द्वारा विकसित अग्निकुल कॉसमॉस भी अगले वर्ष अपना कक्षीय रॉकेट अग्निबाण प्रक्षेपित कर सकता है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने 16 अगस्त को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के प्रक्षेपण के बाद घोषणा की कि प्रक्षेपण यान बनाने का काम पूरा हो गया है और इसरो बड़े पैमाने पर रॉकेट बनाने के लिए उद्योग को हस्तांतरित करने के लिए तैयार है सोमनाथ ने कहा, "हमें उम्मीद है कि इससे उद्योगों को छोटे रॉकेट बनाने में अपनी क्षमता व योग्यता बढ़ाने में मदद मिलेगी"।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ईंट भट्ठा मजदूरों ने सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करना शुरू किया

कोडियागंज, पिलखना (उत्तर प्रदेश), (भाषा)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ईंट भट्ठों के मालिक इससे होने वाले प्रदूषण को घटाने और बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयले पर अपनी निर्भरता को कम करते हुए सोलर पैनल लगवा रहे हैं, जो बरसात के मौसम में भी ऊर्जा की उनकी जरूरतों को पूरा कर रहा है। भीषण गर्मी के बाद बारिश की शुरूआत हो चुकी है, लेकिन सोलर पैनलों में संग्रहित सौर ऊर्जा विद्युत आपूर्ति जारी रखे हुए है। पारंपरिक ईंट भट्ठा उद्योग अब न केवल प्रदूषण घटा रहा है बल्कि क्षेत्र के गांवों को बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी भी प्रदान कर रहा है। अलीगढ़ जिले के कोडियागंज, पिलखना और अकराबाद में आठ ईंट भट्ठों ने बिजली की अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयले को छोड़ कर सौर ऊर्जा का इस्तेमाल शुरू किया है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, यह जिले के 555 ईंट भट्ठों का एक बहुत छोटा सा हिस्सा है, हालांकि, उनका कहना है कि यह महज एक शुरूआत है। एक ईंट भट्ठे के मालिक ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि शुरुआती लागत सात लाख रुपए थी, लेकिन इसके (सोलर पैनल के) दीर्घकालिक लाभ हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने 455 वाट के 16 सौर पैनल लगाए हैं, जिनका उपयोग वे ईंट भट्ठे के जेनरेटर को बिजली उपलब्ध करने के लिए करते हैं। शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, हम सौर पैनलों के माध्यम से हर महीने लगभग 50,000 रुपए बचाते हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने भट्ठों में काम करने वाले लोगों की झोपड़ियों को भी बिजली मुहैया कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इसमें मुझे कुछ भी अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ा और मुझे लगा कि इससे उन्हें भी मदद मिलेगी। सौर पैनलों का इस्तेमाल जेनरेटर को बिजली देने के लिए किया जाता है, जिनका उपयोग ईंट भट्ठों के विभिन्न कामों के लिए

किया जाता है। इसमें श्रमिकों की झोपड़ियों में बिजली की आपूर्ति करना भी शामिल है। पहले इसके लिए डीजल एवं कोयले का इस्तेमाल किया जाता था।

बिहार के गया जिले से तीन बच्चों के साथ काम की तलाश में कोड़ियागंज आई कलावती ने पहली बार सौर ऊर्जा की शक्ति को देखा। पिछले साल अक्टूबर में, वह पहली बार अपने गांव से बाहर निकली थी, और उसे याद है कि वह यह देखकर हैरान थी कि श्रमिकों की झोपड़ियों में भी बिजली है। उसने कहा, जब मैंने पहली बार सोलर पैनल देखे, तो मुझे नहीं पता था कि वे क्या हैं। यह बहुत बेतुका लग रहा था। मुझे लगा कि यह महंगा है और अगर मालिक के पास पैसा है तो उसने हमारी मजदूरी क्यों नहीं बढ़ाई। उसने कहा, हमें बताया गया कि इसका उपयोग कोयले और तेल (डीजल) की जगह किया जाएगा, और हम सोच रहे थे कि इससे हमें कैसे और क्यों कोई फर्क पड़ सकता है। जब तक हमने अपनी झोपड़ियों तक तार खींचे जाते नहीं देखे, तब तक हमें यकीन नहीं हो रहा था कि इससे हमें भी लाभ होगा। तीन बच्चों की मां ने कहा कि उनके बच्चों की उम्र छह साल से कम है और अब उनके पास बिजली की रोशनी और पंखे भी हैं। श्रमिक अपने मोबाइल फोन भी चार्ज कर सकते हैं, जो पहले से बहुत अलग है जब वे तेल के दीयों पर निर्भर थे और बिजली की चोरी करते थे। ईंट भट्ठा मजदूर अनिल (18) ने कहा, पहले मुझे लगभग 3.5 किलोमीटर दूर पिलखना गांव जाना पड़ता था और 10 रुपए देकर अपना मोबाइल फोन चार्ज कराना पड़ता था। अब मैं इसे घर पर ही कर सकता हूं। अनिल ने कहा कि यह केवल मोबाइल फोन की बात नहीं है, अब वह रात में पढ़ाई कर सकता है और अपनी 10वीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हो सकता है तथा इसके अलावा, सर्पदंश और जानवरों के हमले का जोखिम भी कम हो गया है।

भारत-कुवैत संबंधों में नया अध्याय

भाषा। कुवैत सिटी

जयशंकर ने कुवैत के प्रधानमंत्री और युवराज से मुलाकात की, द्विपक्षीय संबंधों पर गहन चर्चा हुई

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कुवैत के प्रधानमंत्री शेख मुहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा और युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उनसे चर्चा की।रविवार को एक दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने भारत-कुवैत संबंधों को मजबूत करने के लिए शेख सबा के विचारों को सराहा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुवैत के प्रधानमंत्री शेख डॉ. मुहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा से मुलाकात कर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र की तरफ से शुभकामनाएं संदेश दिया।

उन्होंने कहा, भारत-कुवैत संबंधों को और मजबूत बनाने के उनके विचारों की सराहना करता हूं। आगे के आर्थिक सहयोग के संबंध में उनके विचारों को महत्व दिया। जयशंकर ने इससे पहले देश के युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के बारे में मशविरा किया। उन्होंने पोस्ट कर कहा, कुवैत के युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा, भारत और कुवैत के बीच सद्भावना और मित्रता के सदियों पुराने संबंध हैं। हमारी समकालीन साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। हमारे संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने से जुड़े उनके विचार और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद। जयशंकर रविवार को एक दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। कुवैत पहुंचने पर विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या ने उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने यात्रा से पहले एक बयान में कहा कि उनकी यात्रा से दोनों देशों को राजनीतिक मसलों, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक, वाणिज्य दूतावास समेत भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करने का मौका मिलेगा और आपसी हितों के जुड़े क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी होगा। कुवैत की एक इमारत में लगी भीषण आग में 45 भारतीयों की मौत की घटना के करीब दो माह बाद विदेश मंत्री यहां की यात्रा पर आए हैं। कुवैत के मंगाफ में जून में सात मंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 49 विदेशी कामगार मारे गए थे और 50 अन्य घायल हो गए थे।

इजराइली हमलों से दहल उठा गाजा

28 लोगों की मौत, संघर्षविराम के लिए पश्चिम एशिया रवाना हुए ब्लिंकन

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।(एपी) गाजा में शनिवार रात और रविवार को इजराइली हमलों में बच्चों समेत 28 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन महीनों से जारी जटिल वार्ताओं के बाद एक संघर्ष विराम समझौता कराने के उद्देश्य से रविवार को पश्चिम एशिया के लिए रवाना हो गए। दोहा में दो दिन की वार्ता के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी मध्यस्थ देश मिस्र और कतर समझौता कराने के करीब पहुंचते दिख रहे हैं। अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों ने समझौते को लेकर आशा व्यक्त की है। लेकिन हमास ने लड़ाई जारी रखने के संकेत दिए हैं।

संघर्षविराम प्रस्ताव में तीन चरण वाली प्रक्रिया की बात कही गई है, जिसके तहत हमास सात अक्टूबर को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करेगा। बदले में, इजराइल गाजा से अपनी सेना वापस बुलाएगा और फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, मध्यस्थों को इस युद्ध के समाप्त होने की उम्मीद है, जिसमें 40,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। गाजा के 23 लाख से अधिक निवासियों में से अधिकतर विस्थापित हो चुके हैं और मानवीय तबाही हुई है। विशेषज्ञों ने अकाल और पोलियो जैसी बीमारियों के फैलने के प्रति आगाह किया है। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के चरमपंथियों के हमलों में लगभग 1,200 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें अधिकतर आम नागरिक थे जबकि लगभग 250 लोगों को अगवा कर लिया गया था। माना जाता है कि उनमें से लगभग 110 लोग अब भी गाजा में हैं, जबकि इजराइली अधिकारियों का कहना है कि उनमें से लगभग एक तिहाई की मौत हो चुकी है। नवंबर में एक हफ्ते के संघर्षविराम के दौरान 100 से ज्यादा बंधकों को रिहा किया गया था। अल अक्सा अस्पताल के अनुसार, इजराइल ने नए सिरे से बमबारी करते हुए रविवार तड़के दीर अल-बलाह में एक मकान पर हमला किया जिसमें एक महिला और उसके छह बच्चों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी शहर जबालिया में दो अपार्टमेंटों पर हमला हुआ, जिसमें दो पुरुषों, एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। अल-अवदा अस्पताल के अनुसार, मध्य गाजा में दो अन्य हमलों में नौ लोग मारे गए। नासेर अस्पताल के अनुसार, शनिवार देर रात दक्षिणी शहर खान यूनिस के पास हुए हमले में एक ही परिवार के चार लोग मारे गए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थीं। युद्ध रोकने के लिए महीनों से जारी प्रयासों को पिछले महीने दो शीर्ष चरमपंथियों की निशाना बनाकर हत्या किए जाने के बाद अधिक बल मिला है। दोनों चरमपंथियों की हत्या का आरोप इजराइल पर लगा है। दूसरी ओर, ईरान तथा हिज्बुल्ला ने दोनों चरमपंथियों की मौत का बदला लेने का संकल्प लिया है, जिससे पश्चिम एशिया में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इस बीच, इजराइल का एक प्रतिनिधिमंडल वार्ताओं के लिए रविवार को मिस्र की राजधानी काहिरा जाएगा जबकि सोमवार को ब्लिंकन के इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करने की संभावना है। हमास ने निकट भविष्य में समझौता होने को लेकर संदेह जताया है। इसने कहा है कि नवीनतम प्रस्ताव पिछले प्रस्ताव से काफी अलग है, जिसे उसने सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया था।

अमेरिका: कार हादसे में भारतीय मूल के परिवार के तीन सदस्यों समेत पांच की मौत

ह्यूस्टन। अमेरिका के टेक्सास में भारतीय मूल के दम्पती और उनकी बेटी की सड़क हादसे में मौत हो गई। इस हादसे में दूसरी कार में बैठे दो अन्य लोगों की भी मौत हो गई।एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। ऑस्टिन अमेरिकन स्टेट्समैन की रिपोर्ट के अनुसार, अरविंद मणि (45), उनकी पत्नी प्रदीपा अरविंद (40) और उनकी 17 वर्षीय बेटी एंड्रिल अरविंद की कार दुर्घटना में मौत हो गई। इसमें कहा गया है कि ए लोग लिएंडर के रहने वाले थे। रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना बुधवार को टेक्सास के लैम्पासस काउंटी के निकट हुई। इस परिवार का एकमात्र सदस्य बच गया है, दंपती का 14 साल का बेटा आदिरयान है। वह दुर्घटना के समय उनके साथ वाहन में नहीं था। टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग के अनुसार मणि की कार जिस अन्य वाहन से टकराई उसे जैसिंटो गुडिनो दुरान (31) चला रहा था और दोनों वाहनों की आमने सामने की टक्कर हो गई। फॉक्स10टीवी डॉट कॉम ने हादसे की जांच करने वालों के हवाले से बताया कि घटनास्थल पर मणि की कार से टकराने वाले वाहन का पीछे का दाहिना टायर फट गया था। टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग के अनुसार भारतीय दंपती की कार के साथ जिस कार की टक्कर हुई उसमें सवार दो लोगों को भी मृत घोषित कर दिया गया।

ट्रंप का हैरिस पर निजी हमला जारी उनसे बेहतर दिखने का दावा किया

वाशिंगटन। (भाषा) राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस के खिलाफ निजी हमला करते हुए कहा कि वह उनसे कहीं ज्यादा अच्छे दिखते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली में यह टिप्पणी की। ट्रंप ने टाइम पत्रिका के हालिया आवरण पृष्ठ का हवाला दिया, जिसमें उपराष्ट्रपति हैरिस को दिखाया गया है। ट्रंप (78) ने टाइम पत्रिका के चित्रकार द्वारा हैरिस (78) के चित्र के साथ अत्यधिक उदारता दिखाने की आलोचना करते हुए कहा, मैं उनसे कहीं अधिक अच्छा दिखता हूं। ट्रंप पिछली रैलियों में भी इस तरह की टिप्पणियां कर चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, टाइम पत्रिका के पास उनकी (हैरिस) कोई तस्वीर नहीं है। उनके पास एक अविश्वसनीय कलाकार है जो उनके चित्र बना रहा है। उन्होंने बहुत सारी तस्वीरें लीं जो काम नहीं आईं, इसलिए उन्होंने स्केच कलाकार को काम पर रखा। ट्रंप ने उपराष्ट्रपति हैरिस पर उनकी आर्थिक नीति को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि उन्हें हैरिस पर व्यक्तिगत रूप से हमला करने का अधिकार है, क्योंकि वह उनके प्रति बहुत सम्मान नहीं रखते।

नेपाल की नई विदेश मंत्री राणा भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर

काठमांडू। नेपाल की नवनियुक्त विदेश मंत्री आरजू देउबा राणा ने रविवार को भारत की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू की और इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधो को मजबूत करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने के तरीको पर चर्चा करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान मे बताया कि जयशंकर के निमंत्रण पर राणा भारत की यात्रा कर रही है। यह पदभार संभालने के बाद राणा की विदेश की पहली आधिकारिक यात्रा है। इसमे कहा गया है, इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री राणा भारत के अपने समकक्ष जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक करेगी और नेपाल-भारत संबंधो को मजबूत करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए परस्पर हित के मामलो पर चर्चा करेगी। बयान मे कहा गया है कि नेपाल और भारत के बीच आए दिन उच्च स्तरीय यात्राओ के तहत राणा की यात्रा से दोनो पड़ोसी देशो के बीच दशको पुराने, गहरे तथा बहुआयामी संबंध और मजबूत होगे। नई दिल्ली मे विदेश मंत्रालय ने एक बयान मे कहा, भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के तहत नेपाल उसका एक प्राथमिक साझेदार है। आगामी यात्रा से दोनो पक्षो को द्विपक्षीय संबंधो पर चर्चा करने तथा उसमे प्रगति की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा तथा हमारे संबंधो को और मजबूत करने मे मदद मिलेगी।

रूस के सुदूर पूर्वी तट पर भूकंप

पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की (रूस)। रूस के सुदूर पूर्वी तट के निकट प्रशांत महासागर मे रविवार तड़के एक प्रमुख नौसैन्य अड्डे के पास 7.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। बहरहाल, इस भूकंप के कारण जान-माल के किसी प्रकार के नुकसान की कोई प्रारंभिक सूचना नही मिली है। भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, जिसे बाद मे वापस ले लिया गया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप सतह से 18 मील (29 किलोमीटर) की गहराई मे आया और इसका केंद्र पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से लगभग 63 मील (102 किलोमीटर) पूर्व मे था। पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की 1,81,000 से अधिक लोगो की आबादी वाला एक बंदरगाह शहर है, जो ज्वालामुखियो से घिरा हुआ है। होनोलुलु स्थित अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा के प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने शुरुआत मे चेतावनी दी थी कि भूकंप के केंद्र से 300 मील (480 किलोमीटर) के दायरे मे स्थित तटो पर सुनामी की खतरनाक लहरे उठ सकती है, लेकिन बाद मे घोषणा की गई कि सुनामी का खतरा नही है। केंद्र ने कहा कि भूकंप स्थल के पास कुछ तटीय क्षेत्रो मे समुद्र के जलस्तर मे कई घंटो तक मामूली उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

शाही मंजूरी के बाद पैतोंगतार्न शिनावात्रा थाईलैंड की पीएम बनी

बैंकॉक (एपी)। थाइलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैतोगतार्न शिनावात्रा रविवार को शाही मंजूरी पत्र मिलने के बाद देश की प्रधानमंत्री बन गईं। थाइलैंड की संसद ने थाकसिन शिनावात्रा की सबसे छोटी बेटी पैतोगतार्न शिनावात्रा को शुक्रवार को देश की नई प्रधानमंत्री चुना था। पूर्ववती प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को इससे दो दिन पहले संवैधानिक न्यायालय ने नैतिकता उल्लंघन के कारण पद से हटा दिया था। पैतोगतार्न अब थाविसिन की जगह फेउ थाई पार्टी की नई नेता होगी और उस गठबंधन का नेतृत्व करेगी, जिसमे पार्टी की पिछली सरकार को अपदस्थ करने वाले तख्तापलट से जुड़े सैन्य दल शामिल है।

यूक्रेन के सैनिकों ने रूस के एक प्रमुख पुल को नष्ट कर दिया

कीव। यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र मे एक महत्वपूर्ण पुल को नष्ट कर दिया है तथा पास मे ही स्थित एक और पुल पर हमला किया है। यह हमला सीमा पार से की गई घुसपैठ के दो सप्ताह से भी कम समय मे हुआ है। इस हमले से रूसी आपूर्ति मार्ग बाधित हो गया है। रूस के क्रेमलिन समर्थक सैन्य ब्लॉगर्स ने स्वीकार किया है कि ग्लुशकोवो शहर के पास सेइम नदी पर बने पहले पुल के नष्ट होने से यूक्रेन के आक्रमण को रोकने वाले रूसी बलो को आपूर्ति बाधित होगी, हालांकि मॉस्को अभी भी क्षेत्र मे छोटे पुलो का इस्तेमाल कर सकता है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने भारत के साथ संबंधों को प्रगाढ़ बनाने पर दिया जोर

कोलंबो। (भाषा) श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने आर्थिक संकट से उबर रहे अपने देश के भारत के साथ संबंध प्रगाढ़ बनाने पर जोर दिया है। विक्रमसिंघे ने शनिवार को उत्तर-मध्य शहर अनुराधापुरा से सतत भविष्य के लिए सशक्त ग्लोबल साउथ विषय पर आयोजित तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के राष्ट्राध्यक्ष सत्र को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कही। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने हिस्सा लिया। भारत-श्रीलंका संबंधों पर विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने दोनों देशों के बीच साझा किए गए दृष्टिकोण वक्तव्य पर जोर दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस दृष्टिकोण से विभिन्न क्षेत्रों में श्रीलंका और भारत के बीच मजबूत एकीकरण होगा। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने एशिया में आर्थिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए विशेष रूप से बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के माध्यम से श्रीलंका की रणनीतिक प्रतिबद्धता का उल्लेख किया।

अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस ने अपदस्थ प्रधानमंत्री पर लगाए गंभीर आरोप

हसीना ने बांग्लादेश को तबाह कर डाला

ढाका। (भाषा) बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पर आरोप लगाया कि उन्होंने सत्ता बरकरार रखने की कोशिश के तहत हर संस्था को तबाह कर दिया। यूनुस ने वादा किया कि जैसे ही उनकी सरकार अहम सुधार करने की जरूरी प्रक्रिया पूरा कर लेगी, वह स्वतंत्र, निष्पक्ष और सहभागिता आधारित चुनाव कराएंगे। सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्रों के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद 76 वर्षीय हसीना ने पांच अगस्त को इस्तीफा दे दिया और भारत चली गईं। हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद 84 साल के यूनुस ने आठ अगस्त को अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली। यूनुस ने कहा, सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में शेख हसीना की तानाशाही ने देश की हर संस्था को नष्ट कर दिया। न्यायपालिका चरमरा गई। डेढ़ दशक तक चली क्रूर कार्वाई के जरिए लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचला गया। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश ने यूनुस के प्रेस सचिव शफीक-उल-आलम के हवाले से खबर दी है। उनकी यह टिप्पणी उस समय आई जब वह अंतरिम सरकार के गठन के बाद पहली बार ढाका में तैनात राजनयिकों से बात कर रहे थे। यूनुस ने कहा कि उन्होंने एक ऐसे देश की कमान संभाली है जो कई मायनों में पूरी तरह से अव्यवस्थित है। उन्होंने चुनाव आयोग, न्यायपालिका, नागरिक प्रशासन, सुरक्षा बलों और मीडिया में जरूरी सुधारों पर जोर दिया। मुख्य सलाहकार ने कहा कि चुनावों में खुलेआम धांधली की गई और युवा पीढ़ी अपने मताधिकार का प्रयोग किए बिना ही बड़ी हो गई।



यूनुस ने कहा, बैंकों को पूर्ण राजनीतिक संरक्षण के तहत लूटा गया। सत्ता का दुरुपयोग करके सरकारी खजाने को लूटा गया। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय मेलमिलाप को बढ़ावा देने के लिए भी ईमानदारी से प्रयास करेंगे। यूनुस ने कहा कि वह व्यापक आर्थिक स्थिरता और सतत विकास को बहाल करने के लिए मजबूत और दूरगामी आर्थिक सुधार करेंगे, जिसमें सुशासन और भ्रष्टाचार एवं कुप्रबंधन से निपटने को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रण में लाना होगी। यूनुस ने कहा, हम अपने लोगों के अटूट समर्थन और सशस्त्र बलों की देशभक्ति के साथ बहुत कम वक्त में सामान्य हालात के करीब होंगे। पुलिस बल ने भी अपना काम फिर से शुरू कर दिया है। जब तक जरूरी होगा सशस्त्र बल नागरिक शासन की सहायता के लिए काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, हमारी सरकार सभी धार्मिक और जातीय समूहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने के बाद बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के सदस्यों के विरुद्ध हिंसा में वृद्धि देखी गई।

शेख हसीना के खिलाफ सामूहिक हत्या का वाद

ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत में रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 33 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए एक अर्जी दायर की गई, जिसमें उन पर 2013 में हिफाजत-ए-इस्लाम द्वारा आयोजित एक रैली पर अंधाधुंध गोलीबारी करके सामूहिक हत्या करने का आरोप लगाया गया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, बांग्लादेश पीपुल्स पार्टी (बीपीपी) के अध्यक्ष बाबुल सरदार चखारी ने ढाका मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में याचिका दायर की है। याचिका में हसीना और अन्य लोगों पर पांच मई, 2013 को मोतीझील के शापला छत्तर में रैली के दौरान सामूहिक हत्या करने का आरोप लगाया गया है। अदालत ने वादी का बयान दर्ज किया और कहा कि वह इस मुद्दे पर बाद में आदेश पारित करेगी। आरक्षण विरोधी आंदोलन के हिंसक होने के बाद हसीना ने पांच अगस्त को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया था और वह भारत आ गई थीं। बांग्लादेश में अब हसीना पर 11 मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या के आठ, अपहरण का एक, मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के दो मामले शामिल हैं।

बांग्लादेश में शैक्षिक संस्थान माहभर बाद खोले गए

ढाका। बांग्लादेश में विश्वविद्यालयों, माध्यमिक स्कूलों और कॉलेजों समेत सभी शिक्षण संस्थान रविवार को खोल दिए गए। इन्हें छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा होने के कारण एक महीने से अधिक समय पहले बंद कर दिया गया था। विरोध प्रदर्शनों के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर जाना पड़ा था। नौकरियों में आरक्षण से संबंधित प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर हाल में हुए आंदोलन के दौरान हिंसा भड़कने पर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेश में 17 जुलाई को शिक्षण संस्थान अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए गए थे। शिक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी संस्थानों को खोलने का निर्देश जारी किया था। एक महीने बंद रहने के बाद रविवार को सभी शिक्षण संस्थान खोल दिए गए। बांग्ला समाचार चैनल समय टीवी के अनुसार उप सचिव मोसम्मात रहीमा अख्तर की ओर से 15 अगस्त को एक अधिसूचना जारी की गई थी जिसमें कहा गया था, मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के निर्देश के बाद 18 अगस्त से सभी शैक्षिक संस्थानों में शिक्षण गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया है। डेली स्टार की खबर के अनुसार, सुबह के समय स्कूली छात्र यूनिफॉर्म पहने अपने संस्थानों की ओर जाते देखे गए, जिनमें से कई के साथ उनके अभिभावक भी थे।

सत्ता हतांतरण प्रक्रिया में सहयोग करे भारत

ढाका। कई राजनीतिक विश्लेषकों और विदेशी संबंध एवं सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञों ने रविवार को कहा कि अगर भारत बांग्लादेश में हो रही सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया का समर्थन करता है और किसी एक व्यक्ति और पार्टी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अन्य राजनीतिक दलों के साथ भी संबंध बनाने की दिशा में आगे बढ़ता है, तो इससे उसे फायदा होगा। विश्लेषकों का यह भी मानना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ व्यवहार दोनों देशों के संबंधों में एक महत्वपूर्ण कारक होगा।

अग्रणी थिंकटैंक बांग्लादेश एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट (बीईआई) के प्रमुख हुमायूं कबीर ने पीटीआई से कहा, मुझे लगता है कि हमारे संबंधों को फिर से तय करने के लिए आपसी समझ शुरुआती बिंदु होनी चाहिए, क्योंकि हम एक-दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए हमें अपने संबंधों को पुनर्निर्धारित करने के लिए एक-दूसरे की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का पड़ोसी होने के नाते भारत मुश्किल समय में हमेशा हमारे साथ रहा है और बदलाव की मौजूदा प्रक्रिया के दौरान भी यदि वह हमारा समर्थन करता है तो मुझे लगता है कि बांग्लादेश के लोग भारत को एक मित्र के रूप में देखेंगे। कबीर ने कहा कि भारत यदि बांग्लादेश में जारी सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया का सकारात्मक तरीके से समर्थन करता है और इस बदलाव की विशिष्टता को ध्यान में रखते हुए किसी एक व्यक्ति और पार्टी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अन्य राजनीतिक दलों के साथ संबंध बनाने की दिशा में आगे बढ़ता है तो इससे उसे लाभ होगा। बांग्लादेश शांति एवं सुरक्षा अध्ययन संस्थान (बीआईपीएसएस) के अध्यक्ष सेवानिवृत्त मेजर जनरल मुनीरुज्जमां ने कहा कि भारत को बांग्लादेश की वास्तविकता देखनी चाहिए, जहां जन क्रांति हुई है।

एक शानदार जोड़ी : मनु और राणा की साझेदारी

चतुर रणनीतिकार और एक शानदार खिलाड़ी

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर अपने कोच जसपाल राणा को पिता तुल्य मानती हैं तो वहीं यह पूर्व दिग्गज इस ओलंपिक पदक विजेता पर निराशा और अति आत्मविश्वास हावी नहीं होने देता। व्यक्तित्व के मामले में एक-दूसरे से काफी अलग यह जोड़ी आंखों के इशारे से मुकाबले के दौरान अपनी योजना तैयार कर लेती है। अनुशासन का सख्ती से पालन करने वाले कोच और उनकी जुनूनी शिष्या ने पीटीआई मुख्यालय में संपादकों के साथ बातचीत में अपने उतार-चढ़ाव को लेकर खुलकर बातचीत की। मनु और राणा के बीच तोक्यो ओलंपिक के बाद मतभेद हो गया था लेकिन दोनों फिर से साथ आए और पेरिस ओलंपिक में मनु ने दो कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच दिया। मनु किसी एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली आजाद भारत की पहली खिलाड़ी बन गई। इस 22 साल की निशानेबाज ने अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ कहा, वह मेरे लिए पिता की तरह हैं और यह भरोसे की बात है कि आप एक व्यक्ति पर विश्वास करते हैं। जब भी कुछ करने को लेकर मेरे मन में संदेह होता है तो वह मेरी हौसला अफजाई करते हैं। उन्होंने कहा, वह मुझे चांटा भी लगा सकते हैं और कहते है कि तुम इसे कर सकती हो, तुमने इसके लिए प्रशिक्षण लिया है। मनु की इन बातों से उनके साथ बैठे राणा थोड़े चकित हो गए और उन्होंने बीच में टोकते हुए कहा, तुम यहां कुछ विवाद पैदा कर रही हो। मनु ने अपनी बातों को स्पष्ट करते हुए कहा, चांटा मारने से मेरा मतलब थप्पड़ नहीं है। मैं यह कहना चाह रही हूं कि वह मुझे अपनी सीमाओं को तोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। वह ऐसा कहेंगे कि आप इसके लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं और जाहिर तौर पर आप अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे। मनु के इस जवाब के साथ ही दोनों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। दोनों इस बात को अच्छे से जानते हैं कि तोक्यो ओलंपिक के बाद उनके बीच का विवाद भारतीय निशानेबाजी के सबसे चर्चित विवादों में से एक था। मनु के लिए तोक्यो हर मायने में किसी आपदा की तरह था। 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन से पहले उनकी बंदूक खराब हो गई थी और वह इसके बाद किसी भी स्पर्धा में लय हासिल नहीं कर सकी थी। राणा को अपनी इस शिष्य से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह भारत में टीवी पर उनके प्रदर्शन को देख कर हताश होने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे थे। पिछले साल दोनों फिर से एक साथ आए। वे अपने विवादित अतीत को पीछे छोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित थे। पेरिस ओलंपिक में मिली सफलता यह बताती है कि वे अपने लक्ष्य को पूरा करने में सफल रहे। राणा ने कहा, जब हमने 14 महीने पहले शुरुआत की थी, तो मेरी तरफ से उनसे केवल एक ही अनुरोध था कि हम अतीत पर चर्चा नहीं करेंगे। हम यहीं से शुरुआत करेंगे और आगे बढ़ेंगे। हमने इस चीज को पूरे समय तक बनाए रखा। उन्होंने कहा, मेरा काम उसका मार्गदर्शन करना है। यह केवल कोचिंग नहीं है। इस स्तर पर, हम उन्हें यह नहीं सिखा सकते कि कैसे देखना है या ट्रिगर कैसे खींचना है।

राणा ने चयन नीति के लिए एनआरएआई की आलोचना की

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीत कर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर के कोच जसपाल राणा ने राष्ट्रीय महासंघ की लगातार बदलती ओलंपिक चयन नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे अतीत में कुछ सबसे होनहार प्रतिभाओं को नुकसान हुआ है और अगर इसमें सुधार नहीं किया गया तो आगे भी ऐसा होता रहेगा।एशियाई खेल 2006 में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की अपनी नीतियों में अंतिम समय में बदलाव करने की प्रवृत्ति की आलोचना की। राणा ने शुक्रवार को पीटीआई मुख्यालय में उसके संपादकों से बात करते हुए अपनी राय साझा की। इस दौरान उनके साथ मनु भी मौजूद थी जिन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा (सरबजोत सिंह के साथ मिलकर) में कांस्य पदक जीते थे।राणा ने कहा, (महासंघ की) चयन नीति हर छह महीने में बदलती है। मैंने खेल मंत्री से मुलाकात करके इस पर उनसे बात की। उन्हें निर्णय लेने दें... वे जो भी निर्णय लेते है, सही या गलत, हम उस पर चर्चा नहीं कर रहे है, और फिर उस पर कायम रहें। आप इसके बाद निशानेबाजों के प्रदर्शन में अंतर देखेंगे।

हमारी लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की जीत होगी : विनेश फोगाट

भाषा। बलाली (हरियाणा)

पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत से अभिभूत पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी और उम्मीद जताई कि सच्चाई की जीत होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गईं विनेश का शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था। दिल्ली से अपने पैतृक गांव बलाली तक के रास्ते में विनेश को उनके समर्थकों और खाप पंचायतों ने सम्मानित किया। उन्हें 135 किलोमीटर की दूरी पूरी करने में लगभग 13 घंटे का समय लगा। वह मध्य रात्रि के समय अपने गांव पहुंची। गांव वालों ने उनका पूरा उत्साह के साथ स्वागत किया।पेरिस से यहां तक के लंबे सफर के कारण विनेश काफी थक गई थी लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपने प्रशंसकों को संबोधित किया। विनेश ने कहा, हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत होगी। विनेश और उनके साथी ओलंपियन बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर डब्ल्यूएफआई और उसके पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक साल से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विनेश सहित छह पहलवान पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्वाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे। विनेश ने यह भी कहा कि उनका जिस तरह से शानदार स्वागत किया गया उससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।इस 29 वर्षीय पहलवान ने कहा, मुझे अपने देशवासियों, मेरे गांव और परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिला उससे मुझे इस झटके से उबरने में मदद मिलेगी। मैं वापस कुश्ती में लौट सकती हूं। उन्होंने कहा, ओलंपिक पदक से चूकना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका है। मैं नहीं जानती कि मुझे इससे उबरने में कितना समय लगेगा। मैं नहीं जानती कि मैं कुश्ती में वापसी करूंगी या नहीं लेकिन आज मुझे जो साहस मिला है उसका मैं सही दिशा में इस्तेमाल करना चाहती हूं। विनेश ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह इस तरह के सम्मान की हकदार हैं या नहीं। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं जो मेरा जन्म इस गांव में हुआ।

टेस्ट के 150 साल पूरे होने पर एमसीजी में इंग्लैंड की मेजबानी करेगा ऑस्ट्रेलिया

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने के अवसर पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में एकमात्र टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा।पहला टेस्ट मैच मार्च 1877 को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एमसीजी में खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 45 रन से जीता था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में टेस्ट क्रिकेट के 100 साल पूरे होने पर भी मैच खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने इसी अंतर से जीत हासिल की थी।इसके अलावा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 2024-25 से 2030-31 तक के अगले सात सत्र के लिए पुरुष टीम के टेस्ट, वनडे, टी20 अंतरराष्ट्रीय और अन्य मैचों के लिए मेजबान स्थलों को भी अंतिम रूप दिया।

आर एंड ए गर्ल्स एमेच्योर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हारी मन्नत

एलवुडले (ब्रिटेन)। आर एंड ए गर्ल्स एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मन्नत बरार को अंतिम चार के मुकाबले में पोलैंड की मैटिल्डा फ्रॉजिनस्का के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।भारतीय गोल्फ यूनियन की मेरिट सूची में शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मन्नत इस टूर्नामेंट में अंतिम चार में जगह बनाने वाली देश की पहली गोल्फर है। टूर्नामेंट में 144 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। इस बीच स्वीडन ने लड़के और लड़कियों दोनों के वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के फाइनल में हेवाना टोर्स्टेनसन ने मैटिल्डा को हराया जबकि लड़कों के वर्ग में विगो ओल्सन मोर्क ने नीदरलैंड के स्कॉट वॉल्टरिंग को शिकस्त दी।

लाहिड़ी 54 खिलाड़ियों में संयुक्त 49वें स्थान पर खिसके

व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स (अमेरिका)। भारत के अनिर्बान लाहिड़ी यहां लिव गोल्फ ग्रीनबियर टूर्नामेंट में दूसरे दौर में शनिवार को एक ओवर 71 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर खिसक गए। लाहिड़ी 54 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर थे। ओल्ड व्हाइट कोर्स में आसान परिस्थितियों के बावजूद वह दूसरे दौर में एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कर बैठे। जॉन रहम दूसरे दौर में आठ अंडर 62 के स्कोर के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। उनका कुल स्कोर 14 अंडर का है और उनके पास दो शॉट की बढ़त है।

बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान कराची की जगह रावलपिंडी में खेलेगा दूसरा टेस्ट

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को नेशनल स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण कार्य के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट को कराची से रावलपिंडी में स्थानांतरित करने का फैसला किया। यह निर्णय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बातचीत के बाद लिया गया है। पहला टेस्ट 21 अगस्त से रावलपिंडी में खेला जाना है। पीसीबी ने पहले कहा था कि दूसरे टेस्ट मैच (30 अगस्त से तीन सितंबर) को कराची में खाली स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान अगले साल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा और इसी के मद्देनजर कराची स्थित नेशनल स्टेडियम का नवीनीकरण किया जा रहा है। पीसीबी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, हमारे निर्माण विशेषज्ञों ने हमें आयोजन स्थल की तैयारी के लिए समय-सीमा के बारे में अवगत कराया।

प्रिया के पांच विकेट, भारत ए की जीत

● अंतिम वनडे में ऑस्ट्रेलिया ए को हराया

भाषा। मैकाय (ऑस्ट्रेलिया)

युवा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के पांच विकेट के अलावा तेजल हसबनिस और राघवी बिष्ट के अर्धशतक से भारत ए ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 171 रन से रौंद दिया। ब्रिसबेन में तीन टी20 और यहां पहले दो एकदिवसीय मुकाबले गंवाकर लगातार पांच शिकस्त झेलने के बाद भारत ए ने अंततः दौरे पर जीत का स्वाद चखा। तेजल की 66 गेंद में 50 और राघवी की 64 गेंद में 53 रन की पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 243 रन बनाए। दिल्ली की 20 साल की प्रिया ने इसके बाद 14 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए ऑस्ट्रेलिया ए को सिर्फ 72 रन पर ढेर करके मेहमान टीम को दौरे की पहली जीत दिलाई। कप्तानी मीनू मनि ने भी चार रन देकर दो विकेट हासिल किए। दौरे का अपना पहला मैच खेल रही प्रिया ने सलामी बल्लेबाज मैडी डार्क (22) और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज टीस फ्लिंटॉस (20) को पवेलियन भेजा जिससे मेजबान टीम ने 15वें ओवर में 52 रन तक चार विकेट गंवा दिए। प्रिया ने इसके बाद निकोल फैल्टम (02), केट पीटरसन (01) और निकोला हैनकॉक (00) को आउट करके मेजबान टीम को 22.1 ओवर में समेटने में अहम भूमिका निभाई। दोनों टीमों के बीच एकमात्र अनौपचारिक टेस्ट 22 अगस्त से गोल्ड कोस्ट में खेला जाएगा। इससे पहले भारत ए की शुरुआत भी खराब रही। टीम न नौवें ओवर में 43 रन तक तीन विकेट गंवा दिए लेकिन तेजल और राघवी ने चौथे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। तेजल और राघवी ने टीम का स्कोर 147 रन तक पहुंचाया जिसके बाद 28वें ओवर में तेजल आउट हो गईं। राघवी भी इसके तुरंत बाद पवेलियन लौट गईं। संजीवन सजना (40) और कप्तान मीनू मनि (34) ने इसके बाद उम्दा पारियां खेलकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराकर श्रृंखला जीती

प्रोविडेंस (गयाना)। केशव महाराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही 40 रन से हराकर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 1-0 से जीती। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम 222 रन पर आउट हो गई। यह लगातार 10वां अवसर है जबकि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से टेस्ट श्रृंखला जीती। पहली पारी में दो विकेट लेने वाले महाराज ने दूसरी पारी में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से नौवें नंबर के बल्लेबाज गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। महाराज ने टेस्ट क्रिकेट में अपने कुल विकेटों की संख्या 171 पर पहुंचा दी है और इस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल स्पिनर बन गए हैं। उन्होंने ह्यू टेफील्ड को पीछे छोड़ा। महाराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला में 13 विकेट लिए। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 223 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 246 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य था लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए। मोती और जोशुआ डा सिल्वा (27) ने 77 रन की साझेदारी करके उम्मीद जगाई लेकिन महाराज ने इन दोनों को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित की।दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 160 रन बनाए थे। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 144 रन पर आउट हो गई थी।

क्विक न्यूज

महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप 2025 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

दुबई। गत चैंपियन भारत मलेशिया में अगले साल 18 जनवरी से दो फरवरी तक होने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। ।रत को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ जगह मिली है। भारत ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में फाइनल में इंग्लैंड को हराकर पहले टूर्नामेंट का खिताब जीता था। इंग्लैंड, आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को ग्रुप बी में रखा गया है जबकि ग्रुप सी में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, समोआ और अफ्रीका से एक क्वालीफायर को जगह मिली है। ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और एशियाई से एक क्वालीफायर को रखा गया है। प्रत्एक ग्रुप की टीम राउंड रोबिन चरण में एक-दूसरे से भिड़ेंगी जिससे प्रत्एक टीम को ग्रुप चरण में तीन मैच खेलने को मिलेंगी।सभी चार ग्रुप से शीर्ष तीन टीम सुपर सिक्स चरण में जगह बनाएंगी। चारों ग्रुप में अंतिम स्थान पर रहने वाली टीमें 24 जनवरी को अंतिम स्थान के प्ले ऑफ में भिड़ेंगी।सुपर छह चरण में 12 टीम को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप ए और डी की शीर्ष तीन टीम को ग्रुप एक जबकि ग्रुप बी और सी की शीर्ष तीन टीम को ग्रुप दो में जगह मिलेगी।

भारत के खिलाफ श्रृंखला को देखते हुए कमिंस ने लिया आठ सप्ताह का ब्रेक

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस साल के आखिर में भारत के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए आठ सप्ताह का ब्रेक लिया है।कमिंस अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में भाग लेने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया लौटे है। ऑस्ट्रेलिया में गर्मियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए उन्होंने खुद को तरोताजा रखने के लिए विश्राम करने का फैसला किया है। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है। फॉक्स स्पोर्ट्स ने कमिंस के हवाले से कहा, ब्रेक के बाद वापसी करने पर हर कोई तरोताजा महसूस करता है। आपको इसका कभी अफसोस नहीं होता। उन्होंने कहा, मैं लगभग 18 महीने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं। इस ब्रेक से मुझे सात या आठ सप्ताह तक आराम करने का समय मिल जाएगा। इसके बाद मैं तरोताजा होकर गर्मियों के लिए तैयारी शुरू कर सकता हूं। ऑस्ट्रेलिया ने 2017 के बाद से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीती है और कमिंस यह श्रृंखला जीतने के लिए बेताब है।उन्होंने कहा, मैंने अभी तक यहां ट्रॉफी नहीं जीती है। यह एक ऐसी ट्रॉफी है जिसे अभी तक हमारी टीम के कई खिलाड़ी नहीं जीत पाए है।

लियोन ने जायसवाल से निपटने के लिए इंग्लैंड के स्पिनर हार्टले से मांगे टिप्स

सिडनी। दिग्गज ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला की तैयारी शुरू कर दी है और उन्होंने उभरते हुए स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से निपटने के लिए इंग्लैंड के स्पिनर टॉम हार्टले से सलाह ली है। पिछले साल वेस्टइंडीज में पदार्पण पर शतक बनाने वाले जायसवाल ने इस साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 712 रन बनाए थे लेकिन ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर मिलने वाली गति और उछाल मुंबई के इस बल्लेबाज के लिए अलग चुनौती पेश करेगी। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने लियोन के हवाले से कहा, मेरा अभी तक उनसे (जायसवाल) सामना नहीं हुआ है लेकिन यह हम सभी गेंदबाजों के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, जिस तरह से वह (जायसवाल) इंग्लैंड के खिलाफ खेला, मैंने उसे काफी करीब से देखा और मुझे लगा कि यह शानदार था। लियोन ने कहा, मैंने टॉम हार्टले (इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर) के साथ अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ उसके खेलने के तरीकों के बारे में काफी अच्छी बातचीत की जो मुझे काफी दिलचस्प लगी। लियोन लंकाशर की ओर से इंग्लिश काउंटी में खेले और उन्हें हार्टले के साथ बातचीत करने का मौका मिला जिन्होंने भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैच में 20 विकेट लिए थे और वह ऐसे खिलाड़ी है जिन्हें जायसवाल के खिलाफ खेलने का अनुभव है। ऑस्ट्रेलिया ने 2014-15 में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-0 से जीतने के बाद से भारत के खिलाफ अगली चार श्रृंखलाएं गंवाई है। इनमें से दो श्रृंखलाएं विराट कोहली (2016-17, 2018-19) की अगुआई में जबकि एक-एक अजिंक्य रहाणे (2021) और रोहित शर्मा (2023) की अगुआई में खेली गई।

वेंगसरकर अमेरिका में सिक्सटी स्ट्राइक्स टूर्नामेंट के शुरूआती सत्र में एक टीम का मार्गदर्शन करेंगे

डलास (अमेरिका)। भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर चार अक्टूबर से यहां शुरू होने वाले सिक्सटी स्ट्राइक्स क्रिकेट टूर्नामेंट के शुरूआती सत्र में छह टीमों में से एक का मार्गदर्शन (मेंटोर) करेंगे। डलास स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय (यूटी डलास) नेशनल क्रिकेट लीग (एनसीएल) यूएसए के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। दस दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया भर से छह अलग-अलग टीमें शामिल होंगी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक इस टूर्नामेंट में मोहम्मद कैफ, सुनील नारायण, ड्वेन ब्रावो, मोहम्मद आमिर, एंजेलो मैथ्यूज, जेसन रॉय, मोहम्मद नबी, तमीम इकबाल, शाकिब अल हसन, शाहिद अफरीदी और कामरान अकमल जैसे खिलाड़ी भाग लेंगे। मेंटर्स (मार्गदर्शक) की सूची में दिलीप वेंगसरकर और जहीर अब्बास का नाम है जबकि विवियन रिचर्ड्स और सनथ जयसूर्या का नाम कोच के तौर पर है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा, टेक्सास को सिक्सटी स्ट्राइक्स टूर्नामेंट के उद्घाटन सत्र की मेजबानी करने पर गर्व है।

मोहम्मद शमी की बंगाल के शुरूआती रणजी मैचों में से एक में खेलने की संभावना

नई दिल्ली। टखने की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) के दौर से गुजर रहे सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के रणजी ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीम बंगाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने की संभावना है। वह इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में किसी एक टेस्ट मैच में खेल सकते है। समझा जाता है कि शमी 11 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश और 18 अक्टूबर को बिहार के खिलाफ बंगाल के शुरूआती दो रणजी मैचों में किसी एक मैच में खेल सकते है। इन दोनों मैचों के बीच सिर्फ दो दिन का समय है ऐसे में इस बात की संभावना कम है कि वह दोनों मैचों का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला 19 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू होगी, उसके बाद पुणे (24 अक्टूबर) और मुंबई (एक नवंबर) में टेस्ट होंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे पर जाने से पहले शमी के इनमें से एक मैच खेलने की उम्मीद है। भारत के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक 34 साल के शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के बाद से टीम से बाहर है। इस साल फरवरी में इंग्लैंड में उनके टखने की सर्जरी हुई थी जिसके बाद वह छह महीने के लिए खेल से दूर हो गए थे।

पंकज आडवाणी ने पश्चिम भारत बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप का बिलियर्ड्स खिताब जीता

मुंबई। पंकज आडवाणी रविवार को यहां पश्चिम भारत बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप में एस श्रीकृष्णा को बिलियर्ड्स फाइनल में 822-520 से हराकर एक और खिताब जीत लिया।भारत के 27 बार के विश्व चैंपियन आडवाणी ने रविवार को खिताबी मुकाबलों में लगातार छठी जीत दर्ज की। आडवाणी को खिताबी जीत के लिए दो लाख रुपए की इनामी राशि मिली जबकि उप विजेता रहे तमिलनाडु के श्रीकृष्णा को एक लाख 20 हजार रुपए मिले।सेमीफाइनल में शिकस्त झेलने वाल ध्वज हारिया और शाहयन राजमी दोनों को 60-60 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मिली।खिताबी मुकाबले में आडवाणी और श्रीकृष्णा दोनों ने धीमी शुरुआत की और बड़े ब्रेक बनाने में नाकाम रहे।तीन घंटे चले इस मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक आडवाणी का दबदबा रहा जिन्होंने 57, 120, 62, 86, और 56 के ब्रेक बनाए जबकि श्रीकृष्णा सिर्फ एक बार 94 अंक बड़ा ब्रेक बना पाए।इससे पहले सेमीफाइनल में आडवाणी ने मुंबई के प्रतिभावान राजमी को एकतरफा मुकाबले में 1320-300 से हराया। आडवाणी ने पांच ब्रेक 100 अंक से अधिक जबकि एक ब्रेक 200 अंक से अधिक का बनाया।श्रीकृष्णा ने भी हारिया के खिलाफ 953-378 की आसान जीत दर्ज की।

स्वियातेक और सिनर सिनसिनाटी ओपन के सेमीफाइनल में

भाषा। मेसन (ओहियो)

महिला एवं पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी क्रमशः इगा स्वियातेक और यानिक सिनर ने कड़ी मशक्कत करने के बाद सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा पर 6-4, 3-6, 7-5 से जीत के साथ अपना विजय अभियान 15 मैच तक पहुंचाया। उनका अगला मुकाबला आर्यना सबालेंका से होगा, जिन्होंने लुडमिला सैमसोनोवा को 6-3, 6-2 से हराया। सिनर ने आंद्रे रुबलेव को 4-6, 7-5, 6-4 से हरा कर पिछले सप्ताह मोंट्रियल के क्वार्टर फाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। वह ओपन युग में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। पूर्व चैंपियन ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को 3-6, 7-6, 7-5 से हराया। ज्वेरेव ने सिनर के खिलाफ लगातार चार जीत हासिल की हैं। फ्रांसिस टियाफो ने ह्यूबर्ट हर्काज़ के पिंडली की चोट के कारण दूसरे सेट से हट जाने के बाद लगातार दूसरे वर्ष सेमीफ़ाइनल में जगह बनाई।महिला वर्ग के अन्य मैचों में जेसिका पेगुला ने लेयला फर्नांडीज को 6-2, 6-7, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला पाउला बडोसा से होगा। बडोसा ने अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 6-3, 6-2 से हराया।

यूपी टी-20 लीग के लिए तैयार है इकाना

● फिल्मी कलाकारों के तड़के के साथ 25 अगस्त से शुरुआत

● उद्घाटन मैच में गत विजेता काशी रुद्रास व मेरठ मावरिक्स के बीच

लखनऊ। यूपी टी-20 लीग के दूसरे सीजन का बिगुल बज चुका है। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में तैयारियां जोरों पर है। यूपीसीए इसी तैयारी में जुटा है। वहां के अधिकारी व स्टेडियम का स्टाफ दिनरात मेहनत कर रहे हैं। इसी क्रम में 25 अगस्त से 14 सितंबर तक चलने वाली लीग का ड्रॉ शनिवार को जारी हुआ। उद्घाटन मैच में गत विजेता काशी रुद्रास की टक्कर मेरठ मावरिक्स से होगी।ज मेजबान लखनऊ फाल्कन्स अपने अभियान की शुरुआत कानपुर सुपरस्टार्स के खिलाफ 26 अगस्त को करेगी। ड्रॉ के अनुसार लीग का फॉर्मेट आईपीएल की तर्ज पर होगाए जहां नौ सितंबर को लीग चरण के समाप्ति होने तक लगातार मैच होंगे। इस कड़ी में दस और 13 सितंबर को रेस्ट डे होगाए 11 सितंबर को पहला क्वालिफायर और एलिमिनेटर और 12 सितंबर को दूसरा क्वालिफायर मुकाबला होगा। 14 सितंबर को फाइनल निर्धारित है। यूपीसीए सीईओ अंकित चटर्जी ने बताया कि लीग के दौरान इकाना स्टेडियम में उद्घाटन और एक दिन को छोड़कर सभी दिन दो मैच होंगे। पहला मैच तीन बजे और दूसरा मैच साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

बादशाह, आयुष्मान खुराना और जान्हवी कपूर बिखेरेंगे जलवा

लीग का शुभारंभ बीसीसीआई के उपाध्यक्ष और यूपीसीए के डायरेक्टर राजीव शुक्ला करेंगे। लीग की उद्घाटन को रंगारंग बनाने की तैयारी की गई है। इसके अंतर्गत जाने-माने रैपर बादशाह के साथ एक्टर आयुष्मान खुराना और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर अपनी प्रस्तुति देंगे। मिली जानकारी के अनुसार इकाना स्टेडियम में आयोजित होने वाला उद्घाटन एक घंटे तक चलेगा। इसके आधे घंटे के बाद पहला मैच होगा। पहले दिन के लिए यूपीसीए से टिकट दरें तय हुईए जो तीन सौ से लेकर तीन हजार तक होंगी। शनिवार देर रात बुक माई.शो पर टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू कर दी गई है।

सचिन को उम्मीद, टेप लगी टेनिस गेंद की रिवर्स स्विंग से बल्लेबाजों की परीक्षा होगी

● आईएसपीएल

भाषा। मुंबई

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रविवार को खुलासा किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रिवर्स स्विंग का सामना करने के अपने अनुभव का इस्तेमाल टेनिस गेंद टूर्नामेंट इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) में इसे लागू करने के लिए किया। आईएसपीएल के दूसरे सत्र की यहां घोषणा की गई। ईएसपीएल का दूसरा सत्र ठाणे के दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में 26 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें अक्टूबर से देश के पांच क्षेत्रों के 55 शहरों में ट्रायल होंगे। टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी। तेंदुलकर ने उम्मीद जताई कि स्टेडियम में 30,000 और इससे अधिक दर्शक